# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 15-11-2022

# टिकट के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले के खिलाफ केस

गोरखपुर (एसएनबी)। गुलरिहा इलाके के तरकुलहां निवासी एक निजी विद्यालय प्रबंधक की तहरीर पर पड़ोसी जनपद के एक युवक के खिलाफ फर्जी तरीके से टिकट के नाम पर बेरोजगारों को ठगने वाले के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस कार्रवाई में जुटी है।

**बेरोजगारों को ठगी करने वालों पर पुलिस ने दर्ज किया किसे**

भटहट प्रतिनिधि से मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के तरकुलहां निवासी महफूजुर रहमान निजी विद्यालय तथा आईटीआई कालेज के प्रबंधक है। भटहट कस्बे में उनकी भारत कंप्यूटर के नाम से साइबर कैफे संचालित है। आरोप है कि महराजगंज जनपद के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के तरकुलवां निवासी एक आरोपित बिहार प्रांत के मिलन साह, सुभाष दुबे एवं अजीत राम समेत अन्य बेरोजगारों से, दुबई जाने के लिए हवाई जहाज का टिकट बुक झांसा देकर अनलाइन पैसा भारत कंप्यूटर के खाते मंगवा लिया। आरोपित अगले दिन साइबर कैफे के संचालक से विदेश यात्रा निरस्त होने की बात बता कर बरोजगारों का पैसा संचालक से नगद वापस करा लिया। बेरोजगार जब विदेश जाने के लिए जब दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे तो, वहां उन्हें टिकट फर्जी बताकर वापस कर दिया गया। परेशान होकर बेरोजगार भटहट स्थित साइबर कैफे पर पहुंचे। तब संचालक को उनके दुकान के नाम पर जालसाजी होने की जानकारी मिली। उसके बाद संचालक ने अजीम के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। इस संबंध में इंस्पेक्टर एमके पाण्डेय ने बताया कि मामले में 419, 420, 467, 468, 471 के तहत मुकदमा दर्ज कर अजीम की तलाश की जा रही है।

# किशोरी से छेड़खानी, आरोपी भेजा गया जेल

**हरपुर बुदहट (एसएनबी)।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी से छेड़खानी के आरोपी को बीते रविवार को हरपुर बुदहट पुलिस ने धारा 354 7/8 पास्को एक्ट के तहत केस दर्ज किया था। सोमवार को पुलिस को सूचना मिली कि कटाइटिकर पुल पर एक व्यक्ति खड़ा है। उपनिरिक्षक प्रवीण कश्यप के नेतृत्व में हरपुर बुदहट पुलिस कटाइटिकर पुल पर पहुंचकर युवक से पूछताछ किया तो युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम छपिया पोस्ट बसियाखोर निवासी दशरथ यादव पुत्र गजदेव यादव उम्र 19 वर्ष के रूप में हुई। युवक का छेडखानी में संलिप्तता की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने उसे तत्काल हिरासत में ले लिया, और न्यायलय में पेश करते हुए जेल भेज दिया।

# तीस लाख लेकर टीबी मरीज से करा दी शादी

## पति, सास और ससुर के खिलाफ केस दर्ज

**गोरखपुर (एसएनबी)।** शाहपुर इलाके के बशारतपुर की रहने वाली विवाहिता के साथ ससुराल वालों को हैरान कर देने वाला मामला सामने आया है। बैंक ऑफ अमेरिका में जॉब करने वाली लवी से ससुराल वालों ने झूठ बोलकर टीबी रोग से पीड़ित लड़के की शादी करा दी। उसे शादी के पहले तीन बार हार्ट अटैक भी आ चुका है। इतना ही नहीं ससुराल वालों ने बोला की लड़का एक टेलीकाम कंपनी में जॉब करता है, लेकिन शादी के बाद ससुराल वालों के सारे झूठ सामने आए तो दुल्हन के होश उड़ गए। बात सिर्फ यहीं खत्म नहीं हुई। शादी के बाद जब महिला ससुराल पहुंची तो सास और ससुर ने उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। ससुरालियों ने उससे कहा, कि पहले अपने मायके से 5 लाख रुपए लेकर आओ, नहीं तो तुम्हें चैन से रहने नहीं देंगे। विवाहिता की शिकायत पर सोमवार शाहपुर पुलिस ने आरोपी पति, सास और ससुर के खिलाफ मारपीट और दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है।

**ससुराल वाले दुल्हन से बोले- 5 लाख मंगओ नहीं तो जान से मार देंगे**

**एक साल पहले हुई थी शादी :** शाहपुर इलाके के मानस विहार के रहने वाले सत्यप्रकाश निगम की बेटी लवी निगम की शादी करीब एक साल पहले बसारतपुर के रहने वाले अभय श्रीवास्तव के बेटे नवीन श्रीवास्तव से हुई थी। इस पूरी शादी में लवी के पिता ने करीब 30 लाख खर्चा किए और नवीन की जो मांगी थी, उसे भी पूरा किए। शादी के बाद नवीन अपने परिवार के साथ लवी को लेकर दिल्ली चला गया।

लवी दिल्ली के बैंक आफ अमेरिका में जब करती हैं। जबकि परिवार के लोगों ने बताया था कि नवीन भी दिल्ली में एक बड़ी टेलीकाम कंपनी में काम करते हैं। लेकिन शादी के बाद कभी नवीन काम पर नहीं जाता था तो इसे लेकर लवी को कुछ शक हुआ।

**2012 से है टीबी की बीमारी, हार्ट अटैक भी आया :** लवी के मुताबिक, शादी के बाद से ही नवीन को लगातार खांसी आती थी। पूछने पर घर वालों ने बताया कि एलर्जी है, जल्द ही ठीक हो जाएगी। लेकिन काफी समय बीत जाने के बाद भी खांसी ठीक नहीं हुई। जब लवी ने गहराई से पता किया तो वह हैरान रह गई। पता चला कि नवीन को साल 2012 से ही टीबी की बीमारी है। जबकि उसे पहले तीन बार हार्ट अटैक भी हो चुका है। परिवार के लोगों ने उसकी यह गंभीर बीमारियों को छिपाकर उसकी शादी कर दी। वहीं, दूसरी तरफ दिल्ली जाने के कुछ समय बाद लवी की पति, सास और ससुर ने लवी को प्रताड़ित करना भी शुरू कर दिया। उनकी डिमांड थी कि लवी अपने मायके से 5 लाख रुपए मंगवाए। लेकिन जब लवी ने ऐसा नहीं किया तो पूरे परिवार मिलकर उसके साथ मारने पीटने लगा और दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगा। आरोप है, ससुराल वाले बहू के मुंह पर थूक देते थे। इसके बबाद लवी किसी तरह से वहां से भागकर गोरखपुर पहुंची और अपने मायके वालों को आपबीती बताई। इसके बाद लवी के पिता सत्यप्रकाश निगम बेटी के ससुराल गए। लेकिन नवीन का मां और पिता ने उनसे भी रुपयों की डिमांड की। इसके बाद उन्होंने पुलिस की मदद ली।

# घर की गाड़ी चोरी करने के आरोप में बेटे और दोस्त को भेजवाया जेल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** चोरी की आदतों से परेशान पिता ने अपने बेटे और उसके दोस्त को गिरफ्तार कराकर जेल भेजवा दिया। दरअसल बेटे ने अपना ही चार पहिया वाहन चोरी कर लिया था। जानकारी के अनुसार रानीडीहा निवासी मोहम्मद खालिद रानीडीहा चौराहे पर किराना की दुकान चलाते हैं ।उनके पास सामान लादने वाला एक टाटा मैजिक गाड़ी है। बीते 12 नवम्बर की रात वह गाड़ी लेकर खोरबार पोखरे पर गए थे। गाड़ी खड़ी कर वह किसी मित्र से मिलने चले गए। इतने में उनकी गाड़ी को उनके बेटे एजाज ने चोरी कर ली। बेटे की चोरी की आदत से परेशान मोहम्मद खालिद ने खोराबार पुलिस को चोरी की तहरीर दी अज्ञात पर चोरी का केस दर्ज कर हल्का दरोगा रिजवान ने चोरी हुई गाड़ी बरामद कर लिया, साथ ही उन्होंने चोरी के आरोपी एजाज अहमद, उसके साथी पप्पू भारती निवासी जंगल गौरी लुठईया थाना झंगहा और सूरज राजभर निवासी जमुना सिंह का मठिया थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी की गाड़ी पर लदा 2 लोहे का गेट भी बरामद किया है। यह गेट इन लोगो ने रानीडीहा स्थित वर्मा ज्वेलर्स वाली गली से चुराया था। तीनो चोरी की गाड़ी और लोहे का गेट बेचने जा रहे थे कि इसी दौरान पकड़े गए। पुलिस ने तीनों को कोर्ट में पेश कर जेल भेजवादिया।

**GORAKHPUR (14 Nov):** सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपितों पर कैंपियरगंज थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है. पुलिस आरोपितों की संपत्ति को कुर्क कराएगी. एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि कैंपियरगंज क्षेत्र के रहने वाले ब्रह्मदेव यादव, विकास यादव, शैलेष यादव और मनीष यादव ने 21 मई 2022 की रात को खेत की तरफ निकली किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म किया. शोर मचाने की कोशिश करने पर मुंह दबाकर पिटाई कर दी. लहूलुहान स्थिति में पीड़ित को गांव के बाहर छोड़कर आरोपित फरार हो गए थे. अपहरण करके दुष्कर्म करने और पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपितों को जेल भेजा था. जिलाधिकारी के अनुमोदन पर सोमवार को कैंपियरगंज थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने आरोपितों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया.

# सलाखों में CRIMINAL पीड़ितों को JUSTICE

**ऑपरेशन शिकंजा कस रहा अपराधियों पर लगाम**

**GORAKHPUR (14 Nov):** अपराधियों की बर्बरता झेल बिखरे परिवार को अब ऑपरेशन शिकंजा से न्याय मिलने लगा है. देर-सवेर ही सही, पर कानून के लंबे हाथों से अब कोई बच नहीं पा रहा. बीते दिनों आई वेब सीरीज में आपराधिक न्याय (क्रिमिनल जस्टिस) को बड़े अच्छे से दर्शाया गया. दैनिक जागरण आईनेक्स्ट की स्टोरी 'क्रिमिनल जस्टिस' अपराधियों को सजा दिलाकर पीड़ितों को न्याय दिलाने के मसले पर केंद्रित है. ऑपरेशन शिकंजा के तहत यहां अभियोजन अधिकारियों द्वारा गोरखपुर सिविल कोर्ट में गंभीर मुकदमों में अपराधियों का सजा दिलाकर पूरे प्रदेश में कीर्तिमान भी स्थापित किया गया है. कई मामलों में गवर्नमेंट एडवोकेट्स ने खुद इनवेस्टीगेशन करके सही और गलत का पता लगाया. इनके इनवेस्टीगेशन और ट्रायल के दौरान कई चौंकाने वाली बातें भी सामने आईं. जो आज के दौर में भी आपराधिक घटनाओं में न्याय के लिए जरूरी हैं. बीते दिनों बेहतरीन काम करने वाले लोक अभियोजकों को पुलिस-प्रशासन की ओर से सम्मानित किया गया था.

**10 माह में हुई सजा**

| सजा के प्रकार | मुकदमे | अपराधी |
|---|---|---|
| आजीवन कारावास | 44 | 106 |
| 20 साल की सजा | 01 | 01 |
| 10 साल की सजा | 32 | 48 |
| सात साल की सजा | 21 | 44 |
| 7 साल से कम की सजा | 110 | 155 |
| टोटल | 208 | 354 |


**i EXCLUSIVE**



## मासूम की गला दबाकर हत्या, 22 साल बाद मिला पिता को इंसाफ

**केस 01**

खजनी एरिया में 13 अप्रैल 1999 को रामबेचन के 7 साल के बेटे सत्यपाल की रस्सी से गला कसकर हत्या कर दी गई थी. बच्चों की कहासुनी के बाद रामदवन और उसकी मां ने मिलकर पहले रस्सी से गला दबाया, फिर चाकू से भी प्रहार कर सत्यपाल की हत्या कर दी थी. ये मामला करीब 22 साल चला.



यशपाल सिंह

ऑपरेशन शिकंजा अभियान शुरू होने पर इसमें तेजी आई. जिला शासकीय अधिवक्ता यशपाल सिंह के हाथ में आते ही इस केस में परत दर परत खुलती चली गई. शासकीय अधिवक्ता की पैरवी से 11 नवंबर को बच्चे की हत्या में शामिल आरोपितों को जुर्माना के साथ आजीवन कारावास की सजा हुई.

## पिता ने बेटी के प्रेमी मारकर कुंडी में लटका दिया

**केस 02**

2018 में खजनी एरिया में ऑनर किलिंग का एक मामला आया था. इस मामले में बेटी के प्रेमी का पिता ने मर्डर कर सनसनी फैला दी थी. लड़की के पिता ने पहले प्यार से बेटी के प्रेमी को घर पर बुलाया था. इसके बाद उसे मारकर कुंडी में लटका दिया था. मृत लड़के के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज हुआ था. इस मामले में सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अतुल शुक्ला ने पैरवी की, जिसका नतीजा ये रहा कि घटना के 4 साल बाद 12 जुलाई 2022 को हत्या में शामिल लड़की के पिता को आजीवन कारावास की सजा सुनाई गई.



अतुल शुक्ला

## रेप के आरोपियों को मिली सजा

**केस 03**

खोराबार इलाके में साल 2012 में एक युवती का अपहरण कर उसके साथ रेप की घटना हुई थी. इस मामले बने आरोपी मनोज पाल और अन्य बहुत ही प्रभावशाली थे. लेकिन अभियोजन अधिकारी एडीजीसी रमेश चंद्र पाण्डेय द्वारा लगातार की गई पैरवी से 20 जुलाई 2022 को दो अभियुक्तों को सजा मिली है. न्यायालय ने आरोपी मनोज पाल को सात साल का कठोर कारवास और दस हजार अर्थदंड जमा करने की सजा दी. साथ ही इसमें शामिल छोटू उर्फ संदीप को पांच साल की सजा और जुर्माना लगाया.



रमेश चंद्र पांडे

## पैरवी से मिली 354 को सजा

ऑपरेशन शिकंजा के मॉनिटरिंग सेल और अभियोजन अधिकारी द्वारा प्रभावी पैरवी का नतीजा है कि 208 मुकदमों में 1 जनवरी से 31 अक्टूबर तक 354 अपराधियों को सजा दिलाई गई.



**"ऑपरेशन शिकंजा के तहत प्रभावी पैरवी कर अपराधियों को सजा दिलाई जा रही है. इस अभियान का असर अब देखने को मिल रहा है. पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए हर मुकदमे पर हमारी नजर है, उसमे आने वाली सारी रुकावटें दूर कर जल्द मुकदमों को निपटारा किया जा रहा है.**

अखिल कुमार, एडीजी जोन

# गाड़ी चोरी करने वाले बेटे को पिता ने जेल भेजा

- पिता ने बेटे और उसके साथियों पर कराया केस
- साथियों के साथ मिलकर अपनी ही कार चुराई

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बेटे की चोरी की आदतों से परेशान एक पिता ने उसे और उसके साथियों को गिरफ्तार कराकर जेल भिजवा दिया। बेटे ने अपने साथियों के साथ मिलकर अपनी ही चार पहिया वाहन चोरी कर ली थी। जांच में जब मामला सामने आया तो पिता ने बेटे के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए तहरीर दी।

रानीडीहा निवासी मोहम्मद खालिद रानीडीहा चौराहे पर किराने की दुकान चलाते हैं। 12 नवम्बर की रात वह गाड़ी लेकर खोरबार पोखरे पर गए थे। गाड़ी खड़ी कर वह किसी मित्र से मिलने चले गए। इतने में उनकी गाड़ी को उनके बेटे एजाज ने चोरी कर ली। बेटे के चोरी की आदत से परेशान मोहम्मद खालिद ने खोराबार पुलिस को चोरी की तहरीर दी। अज्ञात पर चोरी का केस दर्जकर हल्का दरोगा रिजवान ने चोरी हुई गाड़ी बरामद कर लिया। साथ ही चोरी के आरोपी एजाज अहमद, उसके साथी पप्पू निवासी झंगहा और सूरज निवासी जमुना सिंह का मठिया थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया।

# पिकअप चालक के खिलाफ केस दर्ज

सहज़नवा। गीडा थाना क्षेत्र के भिलोरा में माल लदी पिकअप से चालक ने शनिवार को शराब के नशे में धुत्त होकर आधा दर्जन गाड़ियों में ठोकर मार दी थी। इस हादसे में कई राहगीर घायल भी हुए थे, अब इस मामले में भिलोरा निवासी नित्यानन्द पांडेय सहित आधा दर्जन लोगों ने हरैया निवासी वाहन चालक पर मुकदमा दर्ज करवाया है।

शनिवार को 12 बजे खजनी से आ रही माल लदी पिकअप के चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए भिलोरा निवासी नित्यानन्द पांडेय की दुकान के सामने खड़ी आधा दर्जन गाड़ियों में ठोकर मार दी और आगे जाकर कुछ राहगीरों को भी घायल कर दिया। नित्यानन्द, मु. इब्राहिम, प्रमोद गुप्ता, रविन्द्र सिंह की तहरीर पर गीडा पुलिस ने हरैया निवासी पिकअप चालक लाल मोहम्मद के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# गैंगरेप मामले में चार पर गैंगस्टर

गोरखपुर। सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपितों पर कैम्पियरगंज पुलिस ने ंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है। एसपी ार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि गैंगरेप के आरोप में जेल गए चारों बदमाश संगठित अपराध करते हैं। उनके खिलाफ जब्ती सहित अन्य कार्रवाई भी साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी।

कैम्पियरगंज इलाके के एक गांव की रहने वाली किशोरी के साथ चार युवकों ने गैंग रेप किया था। इस मामले में पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर केस दर्ज किया था। उनकी पहचान ब्रहमदेव यादव, विकास यादव, शैलेष यादव, मनीष यादव निवासीगण इन्दरपुर थाना कैम्पियरगंज के रूप में हुई। चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया था, जहां से वह जेल गए थे।

# बीमारी छिपा कर की शादी, केस दर्ज

**आरोप**

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। बैंक ऑफ अमेरिका में जॉब करने वाली लवी से ससुराल वालों ने झूठ बोलकर टीबी रोग से पीड़ित लड़के की शादी करा दी। यही नहीं ससुराल वालों ने बोला की लड़का एक टेलीकॉम कंपनी में जॉब करता है, लेकिन शादी के बाद सारे झूठ जब सामने आए तो दुल्हन ने पति, सास-ससुर पर केस दर्ज है।

शाहपुर इलाके के मानस विहार के रहने वाले सत्यप्रकाश निगम की बेटी लवी की शादी करीब एक साल पहले बसारतपुर के रहने वाले अभय श्रीवास्तव के बेटे नवीन से हुई थी। इस शादी में लवी के पिता ने करीब 30 लाख खर्चा किए और नवीन की सारी मांग को पूरा किया। शादी के बाद नवीन अपने परिवार के साथ लवी को लेकर दिल्ली चला गया। परिवार के लोगों ने बताया था कि नवीन भी दिल्ली में एक बड़ी टेलीकॉम कंपनी में काम करता हैं। लेकिन शादी के बाद कभी नवीन काम पर नहीं गया। लवी के मुताबिक, शादी के बाद से ही नवीन को लगातार खांसी आती थी। पूछने पर घर वालों ने बताया कि एलर्जी है। जब लवी ने गहराई से पता किया तो पता चला कि नवीन को 2012 से ही टीबी की बीमारी है। वहीं, दूसरी तरफ दिल्ली जाने के कुछ समय बाद पति, सास और ससुर ने पांच लाख रुपये के लिए प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। लवी वहां से भागकर गोरखपुर पहुंची और आपबीती पिता को बताई। लवी के पिता ने पुलिस की मदद ली। पुलिस केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। इंस्पेक्टर शाहपुर रणधीर मिश्रा ने बताया, मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

**30** लाख रुपये खर्च कर हुई थी शादी

- पति, सास व ससुर पर पांच लाख के लिए प्रताड़ित करने का आरोप
- झूठी नौकरी का झांसा देकर शादी कराने की बात कही

# छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट में वांछित गिरफ्तार

चिलुआताल । चिलुआताल थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली किशोरी के साथ छेड़खानी और गलत बयानबाजी कर शादी तोड़वाने के आरोपित के खिलाफ किशोरी के भाई की तहरीर पर पुलिस ने अपहरण, छेड़खानी, मारपीट तथा पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आरोपित युवक अमन कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।

# रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ करने का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ व जानलेवा हमला करने के आरोपित को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार बरामद हुई। 20 हजार के इनामी जेपी उर्फ रिंकू समेत अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ़ताल सुधीर सिंह ने बताया कि एक नवंबर की रात सर्किट हाउस के पास स्थित चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में मारपीट, तोड़फोड़ व हत्या की कोशिश करने वाले विवेक तिवारी की पहचान सीसी कैमरा फुटेज से हुई।

# समस्याओं का हर हाल में समाधान कराएंगे : योगी

**जनता दर्शन**

गोरखपुर, मुख्य संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में पहुंचे फरियादियों को आश्वस्त किया कि वे चिंता न करें। उनकी समस्या का निवारण हरहाल में कराया जाएगा। हर मामले में प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। जरूरतमंदों के इलाज की व्यवस्था की जाएगी। इलाज में धन की कमी आड़े नहीं आने पाएगी। यह उनकी सरकार की प्राथमिकता में है।

सीएम योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में 400 से अधिक लोगों की समस्याएं सुनीं। मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए फरियादियों तक मुख्यमंत्री खुद गए। समस्या के समाधान के लिए त्वरित व प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित कराने का भरोसा दिलाया। इस दौरान इलाज के लिए मदद की गुहार करने वाली महिला से उन्होंने आयुष्मान कार्ड के बारे में जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिया कि इलाज के लिए इस्टीमेट की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कर शासन में उपलब्ध कराएं। इस्टीमेट मिलते ही इलाज के लिए धन अवमुक्त हो जाएगा। साथ ही उन्होंने अन्य सभी जरूरतमंदों के आयुष्मान कार्ड बनवाने के निर्देश दिए। पुलिस व राजस्व से सम्बंधित मामलों में समाधान शीघ्र करने करने को कहा, ताकि लोगों को दोबारा परेशान न होना पड़े।



सोमवार को गोरखनाथ मंदिर के दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने लोगों की समस्याएं सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। • हिन्दुस्तान

**04** सौ फरियादियों की सीएम योगी आदित्यनाथ ने सुनीं समस्याएं

## बच्चों को दी चॉकलेट-टॉफी

जनता दर्शन में कई जिलों से फरियादी पहुंचे थे। महिला फरियादियों के साथ आए उनके बच्चों को मुख्यमंत्री ने प्यार-दुलार कर आशीर्वाद और चाकलेट-टॉफी दी। बच्चों की माताओं से कहा कि उन्हें स्कूल जरूर भेजें। कहा कि सरकार ने बच्चों की पढ़ाई से लेकर उनके बैग, कॉपी-किताब, यूनिफॉर्म, जूता-मोजा आदि की निशुल्क व्यवस्था कर रखी है।

# नाबालिग से छेड़खानी और पॉस्को का आरोपित गिरफ्तार

हरपुर बुदहट। हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव में नाबालिग लड़की से छेड़खानी करने वाले आरोपी पर रविवार को हरपुर बुदहट पुलिस ने छेड़खानी पॉस्को एक्ट में केस दर्ज किया है।

पुलिस ने सोमवार को कटाइटिकर पुल से आरोपित दशरथ को गिरफ्तार कर लिया। एसआई प्रवीण कश्यप के नेतृत्व में हरपुर बुदहट पुलिस ने युवक से पूछताछ की तो उसकी पहचान थाना क्षेत्र के छपिया पोस्ट बसियाखोर निवासी दशरथ यादव के रूप में हुई।

# बेरोजगारों को ठगने के मामले में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

- तरकुलहा निवासी महफूजुर रहमान की तहरीर पर कार्रवाई
- अजीम पर हवाई जहाज के जाली टिकट बना ठगने का आरोप

भटहट, हिन्दुस्तान संवाद। गुलरिहा थाना क्षेत्र के तरकुलहा निवासी महफूजुर रहमान की तहरीर पर महराजगंज के श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के तरकुलवा निवासी अजीम के खिलाफ कूट रचित तरीके से हवाई जहाज के टिकट बेरोजगारों को ठगने के मामले में धोखाधड़ी का केस दर्ज किया गया है। पुलिस आरोपित की तलाश शुरू कर दी है।

क्षेत्र के तरकुलहा निवासी महफूजुर रहमान की भटहट कस्बे में भारत कंप्यूटर के नाम से दुकान हैं, जहां से ऑनलाइन टिकट भी बनाया जाता है। पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि आरोपित अजीम ने बिहार प्रांत के मिलन साह, सुभाष दूबे एवं अजीत राम समेत अन्य बेरोजगारों से ऑनलाइन पैसा भारत कंप्यूटर के खाते में दुबई जाने के लिए हवाई जहाज का टिकट बनवाने के नाम पर मंगवा लिया। इसके पश्चात आरोपित ने कंप्यूटर की दुकान के संचालक से कहा कि जो लोग पैसा भेजे हैं, उनका विदेश जाने का कार्यक्रम निरस्त हो गया है। ऐसे में उन्हें नकद पैसा वापस कर दीजिए। भारत कंप्यूटर के संचालक ने अजीम को टिकट के नाम पर खाते में आने वाले पैसे को नकद वापस कर दिया। उधर, आरोपित ने बिहार के बेरोजगारों को दूसरे के हवाई जहाज टिकट पर फर्जी नाम लिखकर दे दिया। जब विदेश जाने के लिए बेरोजगार दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे तो, वहां उन्हें टिकट फर्जी बताकर वापस कर दिया गया। परेशान होकर बेरोजगार भटहट स्थित भारत कंप्यूटर पर पहुंचे। इंस्पेक्टर मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि इस मामले में केस दर्ज कर आरोपित की तलाश चल रही है।

# चोरी की बाइक के साथ एक युवक गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने चोरी की बाइक के साथ गुलरिहा बाजार निवासी मनीष यादव पुत्र संतराज यादव को सरदार तिराहा से रविवार रात में गिरफ्तार कर लिया। गोला थाना क्षेत्र के परसिया रावत निवासी सोनू गोरखपुर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर पांच से अपनी बाइक चोरी होने की तहरीर दी थी। इस मामले में केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी थी।

# सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपितों पर गैंगस्टर

**जासं. गोरखपुर** : सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपितों पर कैंपियरगंज थाना पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपितों की संपत्ति को कुर्क कराएगी।

एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने बताया कि कैंपियरगंज क्षेत्र के रहने वाले ब्रहमदेव यादव, विकास यादव, शैलेष यादव और मनीष यादव ने 21 मई 2022 की रात को खेत की तरफ निकली किशोरी को अगवा कर दुष्कर्म किया। शोर मचाने की कोशिश करने पर मुंह दबाकर पिटाई कर दी। लहूलुहान स्थिति में पीड़ित को गांव के बाहर छोड़कर आरोपित फरार हो गए थे।



अपहरण करके दुष्कर्म करने और पाक्सो एक्ट का मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपितों को जेल भेजा था। जिलाधिकारी के अनुमोदन पर सोमवार को कैंपियरगंज थाना प्रभारी भूपेंद्र सिंह ने आरोपितों के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट का मुकदमा दर्ज कराया।

# फर्जी टिकट पर भेज रहा था दुबई, मुकदमा

**जासं, भटहट :** तरकुलहां के महफूजुर रहमान की तहरीर पर पुलिस ने सोमवार को महराजगंज जनपद के श्यामदेउरवां थाना के तरकुलवां निवासी अजीम पुत्र अमीन पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज किया है। आरोप है कि उसने फर्जी हवाई जहाज के टिकट पर बिहार के बेरोजगार युवकों को दुबई भेज रहा था। आरोपित पर कई और थानों में भी मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

जानकारी के अनुसार क्षेत्र के तरकुलहां निवासी महफूजुर रहमान भटहट कस्बे में भारत कंप्यूटर के नाम से दुकान चलाते हैं। जहां ऑनलाइन टिकट भी बनाया जाता है। आरोपित अजीम ने बिहार प्रांत के मिलन साह, सुभाष दुबे एवं अजीत राम समेत अन्य बेरोजगारों से ऑनलाइन पैसा भारत कंप्यूटर के खाते में दुबई जाने के लिए हवाई जहाज का टिकट बनवाने के नाम पर मंगवाया। इसके बाद वह कंप्यूटर की दुकान के संचालक से कहा कि जो लोग पैसा भेजे हैं, उनका विदेश जाने का कार्यक्रम निरस्त हो गया है। ऐसे में उन्हें नगद पैसा वापस कर दीजिए। भारत कंप्यूटर के संचालक ने अजीम को टिकट के नाम पर खाते में आने वाले पैसे को नगद वापस कर दिया। इधर आरोपित ने बिहार प्रांत के बेरोजगारों को दूसरे के हवाई जहाज टिकट पर कूट रचित तरीके से फर्जी नाम लिखकर दे दिया। जब विदेश जाने के लिए बेरोजगार दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे तो, वहां उन्हें टिकट फर्जी बताकर वापस कर दिया गया। परेशान होकर बेरोजगार भटहट स्थित भारत कंप्यूटर पर पहुंचे। भारत कंप्यूटर के संचालक महफूजुर रहमान को उसके दुकान के नाम पर जालसाजी की जानकारी मिली तो उसने आरोपित अजीम के विरुद्ध गुलरिहां थाने में तहरीर देकर केस दर्ज कराया है। थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपित पर मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## ग्राहक बनकर आईं महिलाएं, चुरा ले गईं 18 टप्स

**जासं. गोरखपुर :** ग्राहक बनकर ज्वेलरी की दुकान में रविवार की शाम पहुंचीं चार महिलाएं डिब्बे में रखे 18 पीस सोने के टप्स चुराकर फरार हो गईं। सीसी कैमरे में उनकी करतूत कैद हो गई। अज्ञात महिलाओं पर चोरी का मुकदमा दर्ज कर फुटेज की मदद से राजघाट थाना पुलिस तलाश कर रही है। तुर्कमानपुर मोहल्ले के यादव टोला निवासी अमरनाथ की हिंदी बाजार में एएन ज्वेलर्स के नाम दुकान है। राजघाट थाना पुलिस को दी तहरीर में अमरनाथ ने लिखा है कि रविवार की शाम चार बजे ग्राहक बनकर चार महिलाएं आईं और सोने के गहने दिखाने को कहा। महिलाओं को उन्होंने छह डिब्बा दिया। दुकान पर भीड़ होने की वजह से उनका ध्यान भटक गया। महिलाओं ने सिर्फ पांच डिब्बा ही वापस किया। रात को बिक्री का मिलान करने पर घटना की जानकारी हुई। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि सीसी कैमरा फुटेज की मदद से आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# बीमारी छिपाकर कराई शादी, कर रहे प्रताड़ित

**जासं, गोरखपुर**: बीमारी छिपाकर बेटे की शादी कराने वाले परिवार के लोग दहेज के लिए युवती का उत्पीड़न कर रहे हैं। पिता की तहरीर पर शाहपुर थाना पुलिस ने पति, सास-ससुर पर दहेज के लिए उत्पीड़न करने का मुकदमा दर्ज किया है।

शाहपुर इलाके के मानस विहार के रहने वाले सत्यप्रकाश निगम की बेटी लवी निगम बैंक आफ अमेरिका की दिल्ली शाखा में काम करती है। उसकी शादी एक वर्ष पहले बशारतपुर निवासी अभय श्रीवास्तव के बेटे नवीन श्रीवास्तव से हुई थी। शादी के बाद नवीन अपने परिवार के साथ लवी को लेकर दिल्ली चला गया। सत्यप्रकाश ने शाहपुर थाना पुलिस को बताया कि नवीन ने बताया कि दिल्ली की टेलीकाम कंपनी में काम करता है, लेकिन शादी के बाद वह कभी काम पर नहीं गया। लगातार खासी आने पर लवी ने पूछा तो पता चला कि उसे गंभीर बीमारी है। परिवार के लोगों ने बीमारी छिपाकर उसकी शादी करा दी। आरोप है कि पूछने पर ससुराल के लोगों ने लवी को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया और मायके से पांच लाख रुपये मंगवाए। दिल्ली से गोरखपुर पहुंची बेटी ने आपबीती सुनाई। प्रभारी निरीक्षक थाना शाहपुर रणधीर मिश्रा ने बताया कि साक्ष्य के आधार पर कार्रवाई होगी।

# फरार फर्जी प्रधानाध्यापक पर बढ़ाई गई धारा

**झंगहा**: प्राथमिक विद्यालय इटौवा में तैनात फर्जी प्रधानाध्यापक मदन चंद के विरुद्ध पुलिस ने धारा बढ़ा दी है। विवेचक शिव कुमार यादव ने बताया कि फरार प्रधानाध्यापक मदन चंद देवरिया जिले के भटनी थाना के सिगहीडीह गांव का निवासी है। उसका वास्तविक नाम मदन चंद्र उर्फ ह्दयानंद है। उसके ऊपर ब्रह्मपुर बीआरसी के तत्कालीन बीईओ उदयभान ने सेवा समाप्त करते हुए 27 सितंबर 2020 को मुकदमा दर्ज कराया था। तभी से वह फरार है। (जासं)

# साथियों संग चुराई अपनी ही गाड़ी, भेजा जेल

## खोराबार क्षेत्र की है घटना, पिता ने अज्ञात पर दर्ज था टाटा मैजिक चोरी का मुकदमा

- पकड़े गए आरोपितों में एक देवरिया जिले का रहने वाला
- रानीडीहा के पास से लोहे का गेट चुराकर गाड़ी से जा रहा था आरोपित

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर:** साथियों के साथ मिलकर युवक ने अपनी ही टाटा मैजिक गाड़ी चोरी कर ली और किराना की दुकान चलाने वाले पिता ने अज्ञात के विरुद्ध चोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया। सोमवार की सुबह पुलिस ने चोरी हुई मैजिक के साथ दुकानदार के बेटे समेत तीन युवकों को पकड़ लिया। पूछताछ में पता चला कि रानीडीहा चौराहे के पास से लोहे का गेट चुराकर वह बेचने ले जा रहे थे। पूछताछ में आरोपितों ने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। बेटे के गाड़ी चुराने की जानकारी होने पर खोराबार थाने पहुंचे दुकानदार ने थानेदार से कहा कि उसे जेल भेज दें। दोपहर बाद आरोपितों को पुलिस ने न्यायालय में पेश किया जहां उसे जेल भेज दिया गया।

रानीडीहा निवासी मोहम्मद खालिद चौराहे पर किराना की दुकान चलाते हैं। उनके पास सामान लादने वाली एक टाटा मैजिक गाड़ी है। 12 नवम्बर 2022 की रात वह गाड़ी लेकर खोराबार पोखरे पर गए थे। गाड़ी खड़ी कर मित्र से मिलने चले गए। आधे घंटे बाद लौटे तो गाड़ी गायब थी। खोजबीन करने पर पता चला कि गाड़ी को बेटे एजाज ने अपने साथियों संग चुराई है, जिसकी जानकारी खालिद ने खोराबार थाना पुलिस को दी। अज्ञात के विरुद्ध चोरी करने का मुकदमा दर्ज कर छानबीन कर रही खोराबार थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह देवरिया बाईपास पर मैजिक के साथ तीन युवकों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उनकी पहचान किराना दुकानदार के बेटे एजाज अहमद, उसके साथी झंगहा के जंगल गौरी लुठईया निवासी पप्पू भारती और देवरिया जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित जमुना सिंह मठिया गांव निवासी सूरज राजभर के रूप में हुई। मैजिक में लोहे का गेट लदा था। पूछने पर आरोपितों ने बताया कि इसे रानीडीहा स्थित वर्मा ज्वेलर्स गली से चुराया था। मैजिक व गेट को बेचने के लिए बिहार जा रहे थे। एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि दोपहर बाद आरोपितों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।




पुलिस की गिरफ्त में चोरी करने के आरोपित • सौ. पुलिस मीडिया सेल

### चोरी की बाइक के साथ युवक गिरफ्तार

**जासं. गोरखपुर :** कैंट थाना पुलिस ने सोमवार को चोरी की बाइक के साथ युवक को गिरफ्तार किया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया जहां से जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक थाना कैंट शशिभूषण राय ने बताया कि पकड़े गए आरोपित की पहचान गुलरिहा के बजहा निवासी मनीष यादव के रूप में हुई। आरोपित ने शनिवार की दोपहर रेलवे स्टेशन के गेट नंबर पांच के सामने से बाइक चुराई थी। पूछने पर मनीष ने बताया कि नशे की लत लगने की वजह से चोरी करता है।

### रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ व जानलेवा करने का आरोपित गिरफ्तार

**जासं. गोरखपुर :** रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ व जानलेवा हमला करने के आरोपित को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार बरामद हुई। 20 हजार के इनामी जेपी उर्फ रिंकू समेत अन्य आरोपितों की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ़ताल सुधीर सिंह ने बताया कि एक नवंबर की रात सर्किट हाउस के पास स्थित चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में मारपीट, तोड़फोड़ व हत्या की कोशिश करने वाले विवेक तिवारी की पहचान सीसी कैमरा फुटेज से हुई।

# अब छह व सात अंक वालों का कटेगा चालान

## कल से शुरू हो जाएगी चालान की कार्रवाई, पांच हजार रुपये तक लगेगा जुर्माना

- आज समाप्त होगी वाहन पर एचएसआरपी लगने की अवधि
- वाहनों के परमिट फिटनेस और स्थानांतरण पर भी लग जाएगी रोक

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** पंजीकरण प्रमाणपत्र (आरसी) के अंत में छह व सात अंक वाले वाहनों का चालान भी 16 नवंबर से कटना शुरू हो जाएगा। परिवहन विभाग में इन नंबर वाले वाहनों के परमिट, फिटनेस और स्थानांतरण पर भी रोक लग जाएगी। 15 नवंबर को इन नंबर वाले वाहनों पर हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट (एचएसआरपी) लगने की निर्धारित अवधि समाप्त हो जाएगी। जिन वाहनों के आरसी के अंत में 0, 1, 2, 3, 4 और 5 है, उनपर एचएसआरपी लगाने की समय सीमा पहले ही समाप्त हो चुकी है। अब जिन वाहनों के आरसी के अंत में आठ और नौ है, उन वाहनों में 15 फरवरी 2023 तक एचएसआरपी लगाई जाएगी। उसके बाद सभी वाहनों पर एचएसआरपी अनिवार्य हो जाएगी। बिना एचएसआरपी के पकड़े जाने पर पांच हजार रुपये तक का जुर्माना लग सकता है।

वाहनों पर एचएसआरपी लगवाने के लिए सियाम एप या पोर्टल पर आनलाइन आवेदन अनिवार्य है। वाहन स्वामी एप या पोर्टल पर वाहन कंपनी का चयन कर आवेदन कर सकते हैं। अतिरिक्त शुल्क देने पर घर पर भी एचएसआरपी लगाने का प्रविधान है। दरअसल, एचएसआरपी लगवाने की समय सीमा समाप्त होने के बाद भी वाहन स्वामी उदासीन बने रहते हैं। अधिकतर व्यावसायिक वाहन तो बिना एचएसआरपी के ही चल रहे हैं। सितंबर 2021 में व्यावसायिक वाहनों पर एचएसआरपी लगवाने की समय सीमा समाप्त हो गई, इसके बाद भी सभी व्यावसायिक वाहनों पर एचएसआरपी नहीं लग पाई है। परिवहन विभाग में करीब 54000 व्यावसायिक व करीब 11 लाख सभी तरह के वाहन पंजीकृत हैं। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी संजय कुमार झा के अनुसार हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन नंबर प्लेट के लिए वाहन स्वामियों को जागरूक किया जा रहा है। एक अप्रैल 2019 से पूर्व के पंजीकृत सभी तरह के वाहनों पर एचएसआरपी अनिवार्य है। नए वाहनों पर एचएसआरपी लग के आते हैं।

### एचएसआरपी से मुक्त है ट्रैक्टर-ट्राली

शासन ने एक अप्रैल 2019 के पूर्व पंजीकृत ट्रैक्टर-ट्राली को एचएसआरपी से मुक्त रखा है। परिवहन विभाग में ट्रैक्टर- ट्राली के स्थानांतरण, फिटनेस प्रमाण पत्र, बीमा, परमिट आदि अभिलेखीय कार्य होते रहेंगे। अन्य वाहनों के लिए पूर्व के नियम लागू रहेंगे। सियाम एप या पोर्टल पर ट्रैक्टर-ट्राली के लिए आनलाइन आवेदन की व्यवस्था विकसित होते ही एचएसआरपी अनिवार्य कर दी जाएगी।

# विदेश भेजने के नाम पर लाखों ठगे

## फर्जी टिकट देकर दुबई भेजना चाह रहा था आरोपी, दिल्ली में जांच में खुली पोल

अमर उजाला ब्यूरो

**गुलरिहा थाने में केस दर्ज, महराजगंज जिले के श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र का रहने वाला है आरोपी**

**मेडिकल कॉलेज।** गुलरिहा थाना पुलिस ने विदेश भेजने के नाम पर बेरोजगारों को ठगने के आरोप में एक युवक पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई क्षेत्र के तरकुलहां निवासी महफूजुर रहमान की तहरीर पर महराजगंज जिले के श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के तरकुलवां निवासी अजीम के खिलाफ की है।

तरकुलहां निवासी महफूजुर रहमान भटहट कस्बे में भारत कंप्यूटर के नाम से दुकान चलाता है। वह ऑनलाइन टिकट भी बनाता है। अजीम ने बिहार के मिलन साह, सुभाष दूबे एवं अजीत राम समेत कई बेरोजगारों से ऑनलाइन रुपये भारत कंप्यूटर के खाते में दुबई जाने के लिए हवाई जहाज के टिकट के नाम पर मंगवा लिए।

इसके बाद उसने संचालक महफूजुर रहमान से यह कहते हुए रुपये ले लिए कि सभी लोगों का विदेश जाने का कार्यक्रम निरस्त हो गया है। संचालक ने अजीम को सभी रुपये वापस कर दिए। इसके बाद आरोपी ने जिन लोगों से रुपये लिए थे, उन्हें हवाई जहाज का फर्जी टिकट दे दिया।

विदेश जाने के लिए जब सभी दिल्ली हवाई अड्डे पर पहुंचे तो, वहां उन्हें फर्जी टिकट बताकर वापस कर दिया गया। परेशान होकर बेरोजगार भटहट स्थित भारत कंप्यूटर पर पहुंचे। उसने मामले की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि मामले में धोखाधड़ी सहित अन्य गंभीर धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। आरोपी की तलाश की जा रही है।

# पति, सास-ससुर पर केस दर्ज

गोरखपुर। दिल्ली में बैंक ऑफ अमेरिका में नौकरी करने वाली लवी ने ससुराल वालों पर झूठ बोलकर टीबी से पीड़ित लड़के की शादी कराने का आरोप लगाया है। पुलिस को दी शिकायत में लवी ने आरोप लगाया है कि लड़का नौकरी नहीं करता था, लेकिन बताया गया था कि वह टेलीकॉम कंपनी में जॉब करता है।

पुलिस को दी गई शिकायत के अनुसार, शाहपुर इलाके के मानस विहार के रहने वाले सत्यप्रकाश निगम की बेटी लवी की शादी करीब एक साल पहले बसारतपुर के रहने वाले अभय श्रीवास्तव के बेटे नवीन श्रीवास्तव से हुई थी।

आरोप है की दहेज के लिए लवी के पति, सास और ससुर ने उसे प्रताड़ित किया। पांच लाख रुपये की मांग की। रुपये नहीं देने पर पूरा परिवार मिलकर मारने पीटने लगा। लवी किसी तरह से भागकर गोरखपुर पहुंची और मायके वालों को आपबीती बताई। इसके बाद थाने में शिकायत देकर केस दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर शाहपुर रणधीर मिश्रा ने बताया कि मामले में केस दर्ज कर जांच की जा रही है। ब्यूरो

# सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपियों पर गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। सामूहिक दुष्कर्म के चार आरोपियों के खिलाफ कैंपियरगंज पुलिस ने गैंगस्टर का मुकदमा दर्ज किया है।

एसपी नार्थ ने बताया कि सामूहिक दुष्कर्म के आरोप में जेल गए चारों बदमाश संगठित अपराध करते हैं। इसकी वजह से उनके खिलाफ यह कार्रवाई की गई है। इसके अलावा अभी उनके खिलाफ जब्ती सहित अन्य कार्रवाई साक्ष्यों के आधार पर की जाएगी।

कैंपियरगंज इलाके के एक गांव की रहने वाली किशोरी के साथ चार युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म किया था। मामले में पुलिस ने किशोरी की मां की तहरीर पर केस दर्ज किया था। आरोपियों की पहचान ब्रह्मदेव यादव, विकास यादव, शैलेष यादव, मनीष कुमार यादव, निवास ग्राम इन्दरपुर थाना कैंपियरगंज के रूप में की गई थी।

चारों आरोपितों को गिरफ्तार कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया था जहां से वह जेल भेज दिया था। इसके बाद पुलिस इनके खिलाफ जांच कर रही थी। जांच में यह बात सामने आई है कि ये लोग संगठित होकर अपराध को अंजाम देते हैं। इनके खिलाफ गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई है।

## कक्षा आठ की छात्रा के अपहरण का आरोप

खोराबार। क्षेत्र के एक गांव की कक्षा 8 की छात्रा का नकदी एवं जेवरात के साथ गांव के एक युवक द्वारा अपहरण करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित की मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर कल्याण सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है। ब्यूरो

## नाबालिग से छेड़खानी करने वाला गिरफ्तार

हरपुर बुदहट। क्षेत्र के एक गाव में नाबालिग से छेड़छाड़ करने वाले आरोपी युवक को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। केस दर्ज होने के बाद से युवक फरार था। इस बीच पुलिस को सूचना मिली कि कटाइटिकर पुल पर एक संदिग्ध युवक खड़ा है। पुलिस मौके पर पहुंचकर युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की तो उसने घटना में शामिल होने की बात बताई। युवक की पहचान थाना क्षेत्र के छपिया पोस्ट बसियाखोर निवासी दशरथ यादव के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। ब्यूरो

## मारपीट और छेड़खानी का आरोप

खोराबार। क्षेत्र के एक ग्राम प्रधान के बेटों के खिलाफ महिला ने तहरीर देकर गंभीर आरोप लगाए है। दी गई तहरीर में कहा गया कि कि प्रधान के बेटों ने मुझे और मेरी सास को रविवार की शाम छह बजे मारा-पीटा और छेड़खानी की। इंस्पेक्टर कल्याण सिंह सागर ने बताया कि तहरीर मिली है, जांच की जा रही है। ब्यूरो

## 80 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार

गोरखपुर। राजघाट पुलिस ने 80 लीटर कच्ची शराब के साथ छोटू डोम को लाल डिग्गी पार्क के पास से सोमवार को गिरफ्तार किया। उसके पास से 100 ग्राम यूरिया एवं 100 ग्राम नौसादर भी बरामद किया गया है। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है। ब्यूरो

# तोड़फोड़ और जानलेवा हमले का आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। रेस्टोरेंट में तोड़फोड़ और जानलेवा हमला करने के एक आरोपी युवक को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार भी बरामद कर ली है। वहीं, 20 हजार के इनामी जेपी उर्फ रिंकू सहित अन्य आरोपियों की तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है।

प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ़ताल सुधीर सिंह ने बताया कि एक नवंबर की रात सर्किट हाउस के पास स्थित चूल्हा-चौका रेस्टोरेंट में मारपीट, तोड़फोड़ और हत्या की कोशिश हुई थी। मामले में आरोपी विवेक तिवारी की पहचान सीसीटीवी कैमरे के फुटेज से हुई थी। इसके बाद से आरोपी की तलाश की जा रही थी। सोमवार की सुबह घटना में इस्तेमाल कार के साथ शाहपुर के राप्तीनगर फेज-तीन निवासी विवेक तिवारी को गिरफ्तार किया गया है। जबकि, मुख्य आरोपी विनोद मिश्रा को पहले ही जेल भेजा गया था। मामले में जेपी सिंह उर्फ रिंकू, राजकरन और गुड्डू यादव की तलाश चल रही है। ब्यूरो

# बेटे ने खुद की गाड़ी चुराई, पिता ने सबक सिखाया

## अज्ञात के खिलाफ दर्ज था केस, जांच में हुआ खुलासा, बेटे की करतूत से परेशान पिता कार्रवाई से नहीं हटे पीछे

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर (खोराबार)। बेटे की चोरी की आदतों से परेशान पिता ने उसे आखिरकार सबक सिख दिया। उन्होंने उसके साथियों को गाड़ी चोरी के आरोप में गिरफ्तार कराया। बेटे ने खुद की टाटा मैजिक अपने साथियों के साथ चुरा ली थी। मामले में पिता ने केस दर्ज कराया था। जांच के दौरान खुलासा हुआ। इसके बाद भी पिता कार्रवाई से पीछे नहीं हटे।

जानकारी के मुताबिक, रानीडीहा निवासी मोहम्मद खालिद रानीडीहा चौराहे पर किराना की दुकान चलाते हैं। उनके पास टाटा मैजिक (चार पहिया वाहन) है। 12 नवंबर की रात वह गाड़ी लेकर खोराबार पोखरे पर गए थे। गाड़ी खड़ी कर किसी मित्र से मिलने चले गए। इतने में उनकी गाड़ी बेटे एजाज ने अपने साथियों के साथ चुरा ली।

### वाहन बरामद, बेटे के दो साथियों को भी खोराबार पुलिस ने गिरफ्तार किया

बेटे की चोरी की आदत से परेशान मोहम्मद खालिद ने खोराबार पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस अज्ञात में चोरी का केस दर्ज कर जांच में जुटी थी।

इस बीच हल्का दरोगा रिजवान ने जांच के दौरान चोरी की गाड़ी बरामद कर ली।

साथ ही चोरी के आरोपी एजाज अहमद, उसके साथी पप्पू भारती निवासी जंगल गौरी लुठइया थाना झंगहा और सूरज राजभर निवासी जमुना सिंह का मठिया थाना कोतवाली को गिरफ्तार कर लिया। गाड़ी पर लदा दो लोहे का गेट भी बरामद किया है।

इन लोगों ने मिलकर रानीडीहा स्थित वर्मा ज्वेलर्स वाली गली से गेट चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों को कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेजा गया।

### नशे के लिए करता था बाइक चोरी, गिरफ्तार

गोरखपुर। कैंट पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर को चोरी की बाइक के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। युवक मनीष यादव निवासी ग्राम बहजा गुलरिहा का रहने वाला है। कैंट इंस्पेक्टर शशिभूषण राय ने बताया कि आरोपी ने 13 नवंबर को स्टेशन के रेलवे गेट नंबर पांच के सामने स्थित दुकान के पास से बाइक चुराई थी। चुराने के बाद बाइक को एकांत में गेट नंबर दो के सामने खड़ी करके रात होने का इंतजार कर रहा था। इस बीच बाइक चोरी की जानकारी पीड़ित पक्ष ने पुलिस को दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान यह बात भी सामने आई है कि मनीष नशे की लत को पूरा करने के लिए चोरी की घटना को अंजाम देता था। ब्यूरो

# कार्रवाई ऐसी हो कि फरियादी को दोबारा न आना पड़े

## गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दरबार में आए फरियादियों को मुख्यमंत्री योगी ने दिया त्वरित निस्तारण का आश्वासन

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। दो दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार की सुबह मंदिर में जनता दरबार के दौरान 400 से अधिक फरियादियों की समस्याएं सुनीं। इस दौरान राजस्व, पुलिस और स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े सर्वाधिक फरियादी पहुंचे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्रवाई ऐसी हो कि फरियादियों को दोबारा परेशान न होना पड़े। इसी तरह उन्होंने जरूरतमंदों के इलाज के लिए जल्द इस्टीमेट तैयार कर शासन में भेजने का निर्देश दिया ताकि धन के अभाव में किसी का इलाज न प्रभावित हो।

मुख्यमंत्री ने सुबह गुरु गोरखनाथ के दर्शन-पूजन के बाद ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर माथा टेका और फिर मंदिर परिसर के निरीक्षण के बाद जनता दरबार में पहुंचे। मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार के सामने कुर्सियों पर बैठाए गए फरियादियों तक मुख्यमंत्री खुद गए। एक-एक कर उन्होंने सभी लोगों की समस्याएं सुनीं और उनके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को सौंपते हुए तत्काल निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

### इलाज के लिए पहुंचे लोगों का जल्द इस्टीमेट तैयार कर शासन को भेजने का निर्देश

इलाज के लिए मदद की आस में पहुंचे लोगों को मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि उनके अपनों के इलाज में धन की कमी आड़े नहीं आने दी जाएगी। प्रदेश सरकार सभी मदद कर रही है। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिए कि समय से संबंधित के इलाज का इस्टीमेट तैयार कर शासन को उपलब्ध करा दिया जाए। जनता दरबार में इलाज के लिए मदद की गुहार करने आई एक महिला से उन्होंने आयुष्मान कार्ड के बारे में पूछा तो उसने बताया कि कार्ड नहीं है। इसपर उन्होंने निर्देश दिया कि उक्त महिला समेत सभी जरूरतमंदों के आयुष कार्ड बनाए जाएं। उन्होंने डीएम को इसकी नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया।



सोमवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दरबार में लोगों की समस्या सुनते मुख्यमंत्री योगी। अमर उजाला

पुलिस व राजस्व से संबंधित मामलों में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर मामले में समाधान जल्द किया जाए। साथ ही कार्रवाई ऐसी हो कि फरियादी को दोबारा परेशान न होना पड़े। जनता दरबार में कई जिलों से फरियादी पहुंचे थे।

मुख्यमंत्री ने इन सभी की समस्याओं को गंभीरता से सुना और प्रभावी कार्रवाई कराने का भरोसा दिलाया। इस दौरान महिला फरियादियों के साथ आए उनके बच्चों को दुलारने के साथ ही मुख्यमंत्री ने चॉकलेट दिए। महिलाओं से बच्चों की पढ़ाई के बारे में पूछा और बोले कि उन्हें स्कूल जरूर भेजें।

बताया कि सरकार ने बच्चों को पढ़ाई से लेकर उनके बैग, कॉपी-किताब, यूनिफॉर्म, जूता-मोजा आदि की निशुल्क व्यवस्था कर रखी है।

# छेड़खानी के दो आरोपी गिरफ्तार

गोरखपुर। चिलुआताल पुलिस ने छेड़खानी के फरार चल रहे आरोपी को मुखबिर की सूचना पर सोमवार को गिरफ्तार किया।

प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार सरोज ने बताया कि आरोपी विवेकानंद ग्राम डीहाघाट टोला चिउटीजाम का रहने वाला है। उसके खिलाफ कुछ दिनों पूर्व छेड़खानी का मुकदमा दर्ज किया गया था।

वहीं, एक अन्य मामले में इसी थाने की पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर छेड़खानी करने वाले आरोपी को भी सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने बताया कि अमन कुमार निवासी सिक्टौर ने कुछ दिनों पूर्व नाबालिग किशोरी को अगवा कर छेड़खानी की थी। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-11-2022

# गायब बच्चे को पुलिस ने किया बरामद

**तरकुलवा(एसएनबी)।** घर से रविवार की सुबह खेलने निकलने के दौरान अचानक गायब हुए बालक को तरकुलवा पुलिस ने कसया से रविवार की देर शाम में बरामद कर परिजनों को सौंप दिया। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली। तरकुलवा थाना क्षेत्र के सिरवानिया गांव निवासी हंसराज यादव( 10 वर्ष) पुत्र प्रिंस यादव रविवार की सुबह घर से खेलने के लिए गांव के बच्चों के साथ निकला था, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं आने पर परिजन परेशान होकर इधर-उधर खोजबीन करने लगे। जब कहीं उसका अता-पता नहीं चला तो परिजन परेशान होकर इसकी सूचना तरकुलवा पुलिस को सूचना दिए। सूचना पाकर हरकत में आई पुलिस ने खोजबीन शुरू की, इसी दौरान गश्त पर निकले एसएसआई रामसहाय यादव, कांस्टेबल पंकज यादव, विजय वर्मा, सर्वेश को कसया बर्डर पर मुखबिर ने एक बालक के खड़ा होने की सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने उसको थाने लाकर पूछताछ की तो उसने अपना नाम प्रिंस यादव बताया तथा कसया में ट्रक देखने की बात कहीं। पुलिस ने परिजनों को बुलाकर बालक को सौंप दिया। तब जाकर परिजन समेत प्रशासन के लोगों ने राहत की सांस ली। इस संबंध में थाना प्रभारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि गायब बालक को पुलिस ने कसया से बरामद कर परिजनों को सौंप दिया है।

हिन्दुस्तान, दि. 15/11/22

# प्रदेश के 300 हेड कांस्टेबल देवरिया में लेंगे प्रशिक्षण

अनुग्रह नारायण शाही

देवरिया। देवरिया। प्रदेश के 3 सौ हेड कांस्टेबल देवरिया पुलिस लाइन में प्रशिक्षण लेंगे। यह प्रशिक्षण महीने भर का होगा। इसके बाद इन कांस्टेबल की प्रोन्नति दरोगा के पद पर हो जाएगी।

प्रदेश के पुलिस महकमे में 42,458 हेड कांस्टेबलों को प्रशिक्षण देकर दरोगा बनाने की तैयारी चल रही है। इसके लिए उन्होंने प्रशिक्षण दिया जा रहा है। कुछ हेड कांस्टेबलों का प्रशिक्षण पूरा कर चुके है। वहीं कुछ हेड कांस्टेबल प्रशिक्षण का रास्ता देख रहे हैं। इसे देखते हुए अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना ने हेड कांस्टेबलों को जल्द से जल्द प्रशिक्षण दिलाने के लिए प्रदेश 29 पुलिस और पीएसी ट्रेनिंग सेंटरों पर हेड कांस्टेबलों का प्रशिक्षण कराने का निर्देश दिया है। प्रदेश के अलग-अलग जिलों में तैनात 10200 हेडकांस्टेबलों को आधारभूत प्रशिक्षण दिलाने के लिए प्रशिक्षण सेंटर एलाट कर दिया है। प्रशिक्षण 18 नवम्बर से शुरु होकर 30 दिनों तक चलेगा। अपर पुलिस महानिदेशक स्थापना ने इसके लिए प्रदेश के जिलों के पुलिस अधीक्षक कार्यालय को पत्र भेजा है। जिसमें देवरिया जिले के पुलिस लाइन स्थित प्रशिक्षण केन्द्र में 300 हेड कांस्टेबल प्रशिक्षण लेंगे। पुलिस कर्मी 18 नवम्बर से 30 दिनों का आधारभूत प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

## इन प्रशिक्षण केन्द्रों पर होगी ट्रेनिंग

| | |
|---|---|
| डॉ.भीमराव अम्बेडकर पुलिस अकादमी मुरादाबाद | 500 |
| पीटीसी मुरादाबाद | 850 |
| पीसीएस मुरादाबाद | 600 |
| पीटीसी सीतापुर | 600 |
| धनसिंह गुर्जर पीटीसी मेरठ | 700 |
| पुलिस प्रशिक्षण केन्द्र उन्नाव | 650 |
| पीटीएस गोरखपुर | 300 |
| पीटीएस सुल्तानपुर | 600 |
| पीटीएस जालौन | 600 |
| मुरादाबाद | 200 |
| रामपुर | 250 |
| बिजनौर | 200 |
| 9वीं पीएसी मुरादाबाद | 300 |
| 23वीं पीएसी मुरादाबाद | 300 |
| 27 वीं पीएसी मुरादाबाद | 200 |
| मेरठ | 200 |
| 6वीं पीएसी मेरठ | 300 |
| 44 वीं वाहिनी पीएसी मेरठ | 200 |
| सुल्तानपुर | 200 |
| जालौन | 200 |
| सीतापुर | 300 |
| 2वीं पीएसी सीतापुर | 300 |
| 11वीं पीएसी सीतापुर | 300 |
| 27वीं पीएसी सीतापुर | 200 |
| गोरखपुर | 300 |
| देवरिया | 300 |
| 26वीं पीएसी गोरखपुर | 200 |
| मीजापुर | 150 |
| 39 वीं वाहिनी पीएसी मीरजापुर | 200 |

हिन्दुस्तान 15/11/22

# पांच पर मारपीट का केस

बरहज। बरहज थाना क्षेत्र के लवकनी ईश्वर गांव निवासी मुन्नी देवी पत्नी सुरेश गौड़ की तहरीर पर पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने वाले पांच लोग के खिलाफ विविध धारा में केस दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर गोलबंद होकर पहुंचे लोग ने गाली देते हुए झोपड़ी उजाड़ दी। विरोध करने पर उन लोग ने मारपीट किया।

# अश्लील हरकत में छह के खिलाफ केस

बरहज। एक पीड़ित महिला की तहरीर पर पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ लज्जा भंग करने समेत विविध धारा में छह लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि भूमि निर्माण कार्य करने से मना करने पर पिटाई की गई। साथ ही दांत से काटते हुए उसके साथ अश्लील हरकत किया। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 354 समेत विविध धारा में केस दर्ज किया।

हिन्दुस्तान 15/11/22

# सीओ सदर ने बांटी बच्चों में लेखन सामग्री

रोटरैक्ट क्लब ने बेसिक शिक्षा विभाग से संचालित नेहरु विद्यालय, नई कालोनी में बच्चों के बीच बाल दिवस मनाया। क्लब ने मुख्य अतिथि सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी के हाथों बच्चों में लेखन सामग्री वितरित किया। लेखन सामग्री पाकर बच्चे पुलकित हो उठे। इस दौरान प्रधानाचार्य क्षमा सिंह, पवन गुप्त, रजनीश शुक्ल, प्रखर जायसवाल, रमेश कुमार सोनी, निर्भय वर्मा, मनोज मद्देशिया, आशुतोष जायसवाल, धर्मेंद्र वर्मा, विनोद कश्यप, वासु सोनी, प्रभाकर सोनी, कौशल किशोर यादव, रुचि मिश्रा, अमन मिश्र आदि मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान दि. 18/11/22

# पांच के विरुद्ध छेड़खानी का केस

देवरिया। भूमि विवाद के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने एक ही परिवार के पांच लोगों पर बलवा, मारपीट और छेड़खानी का केस दर्ज किया है।

तरकुलवा थाना क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले एक व्यक्ति सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ले में मकान बनवाकर परिवार के साथ रहते हैं। उनका विवाद पड़ोस के एक परिवार से रास्ते को लेकर चलता है। पीड़ित ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि 3 अक्तूबर को पड़ोसी रास्ते पर दरवाजा खोल रहे थे। जिसे पत्नी ने रोका तो मौके पर मौजूद लोगों ने मारपीट और छेड़खानी की। पीड़ित की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने कृष्णमुरारी पाण्डेय, हरिशंकर पाण्डेय, पिन्टू तिवारी, हैपी बाबा और सोनू के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान 15/11/22

# पति समेत चार पर दहेज हत्या का केस

सलेमपुर। पारिवारिक कलह में एक महिला ने रविवार की सुबह छत की कुंडी में फंदा लगाकर जान दे दी थी। इस मामले में मृतका की मां के तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने पति, सास समेत चार लोगों के खिलाफ दहेज हत्या का केस दर्ज कर लिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के रामगुलाम टोला सिन्धी मिल निवासी रमेश गोंड़ ने बेटी ज्योति की शादी कोतवाली क्षेत्र के बरसीपार गांव के खटीक टोला निवासी केशव गोंड़ के साथ 2018 में की थी। पति मुंबई में एक प्राइवेट कंपनी में नौकरी करता है। पारिवारिक विवाद में महिला अपने मायका में कुछ दिन पूर्व चली गई थी। पति केशव चार दिन पूर्व मुंबई से घर आये। दो दिन पूर्व ससुराल पहुंच कर अपनी पत्नी को मनाकर अपने घर शनिवार को लाए। रविवार की सुबह ज्योति ने कमरे में साड़ी की फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मौके पर पहुंचे एसएसआई रमेश सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस मामलें में मृतिका की मां संगीता देवी पत्नी रमेश गोंड़ की तहरीर पर पुलिस ने ससुराल पक्ष के पति केशव गोंड़, मां धर्मावती देवी, देवर बशिष्ठ गोंड़ व ननद सरिता गोंड़ के खिलाफ धारा 498 ए, 304बी, आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि. 15/11/22

# संदिग्ध हालात में युवक की मौत, दो हिरासत में

देवरिया, निज संवाददाता। दोस्तों के घर जाने की बात कहकर घर से निकले युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक की मौत से घर में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची सदर कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

लार थाना क्षेत्र के बरडीहा परशुराम गांव के रहने वाले अंकित कुशवाहा (22)पुत्र सुरेन्द्र कुशवाहा शहर के भीखमपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के समीप अपनी मकान में रहता था। वह रविवार की सुबह अपने मामा के घर भटनी से देवरिया आया। दोपहर में परिवार के सदस्यों से दोस्त से मिलने की बात कहकर निकला। देर शाम तक अंकित घर नहीं पहुंचा तो परिवार के लोग उसे फोन करने लगे। फोन उसका स्वीच ऑफ बता रहा था। भोर में अंकित के दोस्त उसे लेकर जिला अस्पताल के इमरजेंसी पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# धोखाधड़ी के आरोप में केस

बरहज। कस्बा के वार्ड पुराना बरहज निवासी किशोर प्रसाद पुत्र रामधारी की तहरीर पर पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विविध धारा में केस दर्ज किया है। पीड़ित श्री प्रसाद ने पुलिस को दिए तहरीर के माध्यम से कहा है कि जमीन बेचने के नाम पर एक लाख 30 हजार रुपए लिया गया। उसके बाद जमीन का बैनामा नहीं हुआ। पुलिस ने सत्येन्द्र के खिलाफ केस दर्ज किया है।

# मारपीट में चार पर केस

बरहज। बरहज थाना क्षेत्र के भैदवा गांव निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी चंद्रिका प्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट करने वाले चार लोगों के खिलाफ विविध धारा में केस दर्ज किया है। पीड़िता का आरोप है कि पुरानी रंजिश को लेकर उसे गाली देते हुए पिटाई की गई। पिटाई से उसके कंधे की हड्डी टूट गई। पुलिस ने कुंदन पुत्र भुटैली उर्फ अच्छेलाल, हरिलाल पुत्र मुन्नीलाल, केशव पुत्र अमीरचंद व अमीरचंद के खिलाफ विविध धारा में केस दर्ज किया है।

# बच्चे देश के भविष्य, इन्हें संवारे शिक्षक : सीओ



छात्रों को कापी व पेन देते सीओ सिटी श्रीयस त्रिपाठी व अन्य • जागरण

दैनिक जागरण दि. 18/10/22

# पति सहित चार लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा

जासं, सलेमपुरः क्षेत्र के बरसीपार गांव में रविवार को पंखे की कुंडी से लटकती मिली नव विवाहिता के शव के मामले में कोतवाली पुलिस ने मां की तहरीर पर पति सहित चार लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस ने आरोपित पति, सास व देवर को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सिंधी मिल कालोनी वार्ड की रहने वाली संगीता देवी की बेटी ज्योति की शादी 2018 में सलेमपुर कोतवाली बरसीपार गांव में केशव गोंड़ से हुई थी। रविवार की सुबह ज्योति का शव बरामदे में पंखा के शव से लटक रहा था। इसकी जानकारी किसी ने कोतवाली पुलिस को दी तो पुलिस मौके पर पहुंच जांच शुरू कर दी। उधर, इसकी जानकारी ज्योति के मायके वालों को हुई तो मृतक की मां ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया।

तहरीर के आधार पर पुलिस ने बेटी ज्योति के पति केशव, सास धानमती देवी, ननद सरिता व देवर वशिष्ठ के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक जितेंद्र सिंह ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तीन को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

## दुपट्टा खींचने के मामले में चार के विरुद्ध मुकदमा

जासं, देवरियाः गली में दरवाजा खोलने का विरोध करने पर महिला से दुर्व्यवहार के मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने 42 दिन बाद चार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। शहर के एक मोहल्ले के रहने वाले कृष्णमुरारी पांडेय मकान निर्माण कार्य करा रहे थे। जिसका मुख्य गेट पूरब तरफ खुला है। तीन अक्टूबर की देर शाम करीब सात बजे कृष्णमुरारी पांडेय, हरिशंकर पांडेय, पिंटू तिवारी, हैप्पी बाबा, सोनू पड़ोसी के गली में दरवाजा खोल रहे थे। तभी महिला ने उन्हें दरवाजा खोलने से रोका। जिस पर चारों ने मिलकर कर महिला की पिटाई की। अगल-बगल के लोगों ने बीच बचाव किया। महिला जब घर के भीतर जाने लगी तो हरिशंकर पांडेय ने दुपट्टा खींचकर दुर्व्यवहार किया।

**छह लोगों के विरुद्ध बलवा का मुकदमाः** जासं, बरहजः घर में घुसकर महिला के साथ मारपीट करने व अश्लील हरकत करने के मामले में पुलिस ने छह लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। महिला की तहरीर पर पुलिस ने जितेंद्र, धर्मेंद्र, कर्मवीर, गोलू और जलेसर, मन्नी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

दै० जागरण 15/11/22

# मृतक के शरीर पर चोट के निशान नहीं, बिसरा सुरक्षित

जासं, देवरिया: महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में संदिग्ध परिस्थितियों में भर्ती युवक की मृत्यु के मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट सोमवार की शाम आ गई, जिसमें शरीर पर कहीं चोट के निशान नहीं मिले हैं। जहर या अन्य फिर मृत्यु के दूसरे कारणों का पता लगाने के लिए बिसरा को सुरक्षित किया गया है।



अंकित कुशवाहा● (फाइल फोटो)

लार थानाक्षेत्र के मगरइचा गांव के रहने वाले 26 वर्षीय अंकित कुशवाहा पुत्र सुरेंद्र कुशवाहा कई वर्षों से शहर के भीखमपुर रोड में अपने रिश्तेदार के घर रहते थे। रविवार को वह दोस्तों के साथ कहीं गए थे। दोस्तों के साथ खाना खाया। पुलिस के अनुसार युवक ने शराब भी पी थी। जिसके कारण युवक की तबीयत बिगड़ गई। दोस्तों ने इसकी सूचना स्वजन को दी और युवक को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। स्वजन ने हत्या की आशंका जाहिर की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि युवक की तबीयत बिगड़ने पर दोस्तों ने मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में शरीर पर कहीं चोट के निशान नहीं मिले हैं।

दैनिक जागरण दि. 15/11/22

# चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

## मेडिकल कालेज से दो दिन पूर्व चोरी हुई थी बाइक, शहर के रहने वाले हैं दोनों आरोपित

जासं, देवरिया: दो दिन पूर्व महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज से बाइक चुराने के दो आरोपितों को सदर कोतवाली पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने चोरी की बाइक भी बरामद कर ली।

सदर कोतवाली के रुच्चापार गांव के रहने वाले उजेश यादव पुत्र रामसिंगार यादव 11 नवंबर की रात करीब 1.30 बजे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज आए थे। उन्होंने अपनी पुत्री को प्रसव पीड़ा होने पर मेडिकल कालेज में भर्ती कराया था। कालेज परिसर में बाइक खड़ी कर वह रात में वह चाय लेने के लिए बाहर गए। जब बाहर से आए तो बाइक को चोर चुरा ले गए थे। इस मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने रविवार की रात मुकदमा दर्ज किया। सोमवार की सुबह करीब 11 बजे एसआइ अंकित अवस्थी को सूचना मिली कि चोरी की बाइक के साथ दो युवक घूम रहे हैं।

सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने जलकल चौराहा के पास से दोनों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों युवक चोरी की बाइक से कहीं जा रहे थे। पकड़े गए आरोपितों में शहर के नेहरू नगर का रहने वाला विनय कुमार गुप्ता पुत्र प्रमोद कुमार गुप्ता व साकेतनगर चकियवां चौराहा का रहने वाला मंटू यादव पुत्र सरयू प्रसाद यादव शामिल हैं। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि चोरी की बाइक के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है।




पुलिस की गिरफ्त मे आरोपित • सौ. पुलिस

**चार के विरुद्ध चोरी व मारपीट का मुकदमा:** बरहज: पुलिस ने चार लोगों के विरुद्ध मारपीट व चोरी करने का मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम भैदवा की रहने वाली लक्ष्मी देवी पत्नी चंद्रिका प्रसाद की तहरीर पर पुलिस ने कुंदन पुत्र भूटानी, हरीलाल पुत्र मुन्नीलाल पुत्रगण अमीरचंद के विरुद्ध कार्रवाई की है।

**पांच लोगों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा:** बरहज: मारपीट में लबकनी ईश्वर गांव की मुन्नी देवी पत्नी सुरेश गौड़ घायल हो गई। उनकी तहरीर पर पुलिस ने गांव के ही हरीश गौड़, प्रदीप गौड़ पुत्रगण सुदामा गौड़, कमलावती देवी पत्नी सुदामा गौड़, रंजना देवी पत्नी हरीश गौड़, आशा देवी पत्नी प्रदीप गौड़ के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है।

### भूमि बैनामा नहीं करने पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज

जासं, बरहज: धोखाधड़ी कर रुपये लेने व भूमि बैनामा नहीं करने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। बरहज नगर के पुराना बरहज वार्ड नंबर एक के रहने वाले किशोर प्रसाद पुत्र रामधारी प्रसाद ने मदनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम नेतवार के रहने वाले सत्येंद्र पुत्र भभूति ने भूमि बैनामा करने के लिए 1.30 लाख रुपये दिए थे। पता चला कि वह भूमि दूसरे की है। रुपये वापस मांगने पर हीलाहवाली करने लगा व जानमाल की धमकी दी।

### नौकर की पिटाई मामले में तीन के विरुद्ध मुकदमा

जासं, देवरिया: कांग्रेस नेता के घरेलू नौकर की पिटाई मामले में सदर कोतवाली पुलिस ने तीन आरोपितों के विरुद्ध रविवार की रात मुकदमा दर्ज किया है। बरहज के परसिया तिवारी गांव के रहने वाले 60 वर्षीय लाल साहब गोंड़ शहर के सदर रेलवे स्टेशन रोड के रहने वाले कांग्रेस नेता पुरुषोत्तम नारायण सिंह के घर कार्य करते हैं। एक नवंबर की रात करीब 11 बजे स्टेशन रोड पर सचिन होटल के यहां खाना खाकर खड़े थे। उसी समय अबूबकर नगर मोहल्ले का शाकिब लारी पुत्र आदिल लारी, छोटी मस्जिद के पीछे अबूबकर मोहल्ले का शिबू पुत्र अफजल, दुर्गा मंदिर के समीप स्टेशन रोड का रहने वाला रेयाज अहमद होटल मालिक सचिन से विवाद कर रहे थे। बीच बचाव करने पर लाल साहब को जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए लात, डंडे, बेल्ट से पिटाई की।

अमर उजाला दि. 15/11/22

# पति समेत चार पर दहेज हत्या का केस

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। एक विवाहिता का शव कोतवाली पुलिस ने रविवार की सुबह छत के कुंडे से लटका हुआ बरामद किया।

इस मापले में मृतका की मां की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति, सास, ननद व देवर के खिलाफ दहेज के लिए जान से मारने का केस दर्ज किया है। वहीं, कोतवाली पुलिस देवर, सास व पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

सदर कोतवाली थाना क्षेत्र की सिंधी मिल कॉलोनी निवासी संगीता देवी की तहरीर पर पुलिस ने मृतका के पति, सास, ननद व देवर के खिलाफ दहेज के लिए उत्पीड़न कर हत्या का केस दर्ज किया है।

आरोप लगाया है कि उसकी बेटी ज्योति की शादी कोतवाली थाना क्षेत्र के बरसीपार खटिक टोला गांव निवासी केशव गोंड के साथ 2018 में हुई थी। उसके ससुराल वाले दहेज के लिए उसे हमेशा प्रताड़ित करते थे और रविवार की सुबह उसकी हत्या कर दी।

**रविवार की सुबह छत के कुंडे से लटका मिला था विवाहिता का शव**

मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस ने मृतका के पति केशव, सास धानमती देवी, ननद सरिता व देवर वशिष्ठ के खिलाफ दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या करने के मामले में केस दर्ज किया है।

वहीं, मृतका के पति केशव, सास धानमती देवी, देवर वशिष्ठ को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि मृतका की मां की तहरीर पर केस दर्ज कर तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

अमर उजाला 15/11/14

# बिना मान्यता संचालित हो रहा था मदरसा, चार हिरासत में

संवाद न्यूज एजेंसी

## शिकायत करने वाले लोग कोतवाली में कार्रवाई की मांग पर अड़े

सलेमपुर। चक हिछौरा गांव में सरकारी जमीन पर बिना मान्यता के मदरसा चल रहा था। शिकायत पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जहां मदरसा में बच्चे पढ़ते मिले।

पुलिस को देखकर मदरसे के बच्चे भाग चले। पुलिस संचालन समिति के चार सदस्यों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। इसकी शिकायत करने वाले लोग कोतवाली पहुंचकर कार्रवाई पर अड़े हुए हैं।

कोतवाली थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत मधवापुर के राजस्व गांव चक हिछौरा में पिछले कई वर्षों से मदरसा संचालित कर उसमें विशेष धर्म की शिक्षा दी जाती थी। इसकी शिकायत गांव के एक व्यक्ति ने कोतवाली पुलिस से की। पुलिस मौके पर पहुंची तो मदरसा में पढ़ाई हो रही थी। बच्चे भाग गए।

पूछताछ के दौरान मदरसा संचालित करने वाले लोग कोई कागजात नहीं दिखाए। बिना मान्यता का मदरसा संचालित होने को पुलिस नें गंभीरता से लेते हुए चार लोगों को थाने लाकर पूछताछ कर रही है। वहीं, कोतवाली गेट पर दोनों पक्ष के लोग मामला को सुलझाने में देर शाम तक जुटे रहे। लेकिन पुलिस रजिस्ट्रेशन के कागजात मांग रही थी।

गांव के लोगों ने बताया कि जिस जमीन पर मदरसा चल रहा है, वह आबादी की जमीन है। बिना किसी ग्राम सभा के प्रस्ताव पर सरकारी जमीन पर मदरसा का निर्माण कर लिया गया है।

वहीं, दूसरे पक्ष का कहना है कि हम लोग मख्तबा की तालीम बच्चों को देते हैं। कोतवाल जितेंद्र सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों से इस प्रकरण पर बात की जा रही है। इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दे दी गई है।

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-11-2022

# दोनों पक्षों ने क्रॉस केस दर्ज कराया

खड्डा। खड्डा थाना क्षेत्र के ग्राम लखुआ लखुई में बीते 8 नवंबर को संगीता देवी पत्नी रामप्रकाश कनौजिया व नरसिंह के परिजनों के बीच जमीनी विवाद को लेकर मारपीट हुई थी।

जिसमें धारदार हथियार भी लहराया गया था।

पीडित संगीता की तहरीर पर पुलिस ने दूसरे पक्ष के नरसिंह, मालती देवी, राधेश्याम, किरण देवी व रविआलम के विरुद्ध बलवा मारपीट घर में घुसकर छेड़छाड़ करने एवं अनुसूचित जनजाति निवारण अधिनियम धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया। दूसरे पक्ष के नरसिंह और रवि आलम की तहरीर पर पुलिस ने रामप्रकाश, संगीता देवी सहित इनके परिवार के 11 लोगों के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# प्रमुख पति पर गोली चलाने वाले डॉक्टर का अस्पताल सील



सोमवार को कसया के सपहा रोड पर सिनेमाहाल गली में स्थित अस्पताल को सील करती स्वास्थ्य विभाग की टीम। ● हिन्दुस्तान

- प्रमुख के पति पर रास्ता निर्माण के विवाद के दौरान चला दी थी गोली
- डिप्टी सीएमओ की मौजूदगी में पुलिसकर्मियों ने सील कराया अस्पताल

**कसया, हिन्दुस्तान संवाद।** हाटा ब्लॉक प्रमुख पति पर रास्ता निर्माण के विवाद को लेकर गोली चलाने वाले डॉक्टर का अस्पताल सीएमओ के निर्देश पर सोमवार को सील कर दिया गया। पुलिसकर्मियों व स्वास्थ्य विभाग की टीम ने डिप्टी सीएमओ की मौजूदगी में यह कार्रवाई की। जिस अस्पताल को सील किया गया है, उसका पंजीकरण तक नहीं था।

9 नवम्बर को नगर के सपहा रोड पर सिनेमाहाल वाली गली के मार्ग का निर्माण हो रहा था। आधा निर्माण पूरा हो गया था। शेष निर्माण होने जा रहा था कि गली में अपनी मकान प्रेक्टिस करने वाले नेत्र रोग के डॉ. संजीव सिंह निर्माण कार्य रोककर ठेकेदार से अपनी तरफ से तीन फीट जमीन छोड़कर कार्य कराने को कहने लगे। जबकि नगर पालिका ने पूरे सड़क का टेंडर किया था। निर्माण कार्य रोके जाने की जानकारी ब्लॉक प्रमुख आरजू राव के पति सुधीर राव को हुई तो वह घर से निकलकर बाहर आए और डॉक्टर से बात करने लगे। इसी बीच डॉक्टर ने फोनकर पुलिस भी बुला लिए थे। जब डॉक्टर और प्रमुख पति से बातचीत होने लगी तो मामला बिगड़ गया और झड़प हो गई। डॉक्टर ने प्रमुख पति पर अपनी लाइसेंसी पिस्टल तान ली। डॉक्टर अभी फायर झोंकते की बहादुरी का परिचय देते चौकी इंचार्ज ने डॉक्टर के हाथ पर झपट्टा मारा, जिससे डॉक्टर का हाथ नीचे हो गई और गोली प्रमुख पति को न लगकर जमीन में जा लगी। प्रमुख पति के तहरीर पर हत्या के प्रयास समेत कई मुकदमें दर्ज कर डॉक्टर को जेल भेज दिया गया। उधर, डॉक्टर पर कार्रवाई व सम्पत्ति की जांच को लेकर ब्लॉक प्रमुख आरजू राव ने अपने पति के साथ मुख्यमंत्री से मुलाकात की थी। जिसपर मुख्यमंत्री ने भरोसा दिया था। सोमवार की शाम सीएमओ डॉ. सुरेश पटारिया के निर्देश पर डिप्टी सीएमओ रामदास कुशवाहा, सीएचसी अधीक्षक मारकंडेय चतुर्वेदी, डॉ. गौतमजी गौरव, प्रशांत, निहाल, दीपक कुशवाहा, प्रवीण पांडेय के अलावा चौकी इंचार्ज संजय सिंह समेत महिला व पुरुष कांस्टेबल पहुंचे, जहां उन्होंने डॉक्टर की पत्नी डॉ. रेणुका सिंह से अस्पताल का रजिस्ट्रेशन मांगा। रजिस्ट्रेशन न दिखाने पर अस्पताल सील करने की कार्रवाई शुरू कर दी गई। डॉक्टर की पत्नी ने कार्रवाई को रोकने का प्रयास किया कुछ देर बाद रजिस्ट्रेशन का पेपर भी दिखाया। जिसपर किसी अधिकारी का हस्ताक्षर नहीं था।

# युवक की हत्या मामले में दो अज्ञात बदमाशों पर केस

**फॉलोअप**

- सिसवा नाहर से घर जाते वक्त बदमाशों ने सिर पर मार दी थी युवक को गोली
- मेडिकल कॉलेज पहुंचते ही रविवार की रात दम तोड़ दिया था युवक ने

**सिसवा नाहर, हिन्दुस्तान संवाद** तरया सुजान थाना क्षेत्र के अहिरौली दान के टोला लोकनहा निवासी युवक की हत्या के मामले में दो अज्ञात बदमाशों पर हत्या का केस दर्ज किया गया है।

पुलिस की समस्या यह है कि परिजन हत्या की कोई वजह नहीं बता पा रहे। परिजनों का कहना है कि मरने वाले से किसी की कोई दुश्मनी नहीं थी। वह 15 दिन पहले ही गुजरात से आया था। उधर घटना के समय उसके साथ मौजूद रहे दस साल के उसके बेटे ने पुलिस को बताया है कि हत्यारे बाइक से आए थे। रोक कर रास्ता पूछा और पिता के सिर में असलहे से गोली मार दी। दोनों में एक ने हेलमेट लगा रखा था, जबकि दूसरा चेहरे को कपड़े से ढंग रखा था।

अहिरौली दान के टोला लोकनहा निवासी शिवसागर की सिसवा बाजार में पेंट पॉलिश की दुकान है। उसका बड़ा भाई बिसागर (40) पुत्र रामधारी गोंड 15 दिन पहले गुजरात से घर आया था। रविवार को दुकान पर बैठा था। शाम को दुकान बंद कर बेटे 10 वर्षीय पुत्र ऋषि कुमार के साथ मोटरसाइकिल से घर जा रहा था। गांव से पहले जलाल छापर के समीप सुनसान जगह पर पहुंचा था तभी बाइक पर सवार दो अज्ञात युवकों ने रोक कर उससे रास्ता पूछा और सिर में गोली मार कर फरार हो गए। परिजन जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां से डॉक्टरों ने बीआरडी रेफर कर दिया। मेडिकल कॉलेज के गेट पर उसने दम तोड़ दिया। लौटने के बाद शिवसागर ने भाई की हत्या मामले में तरया सुजान थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने अज्ञात बदमाशों पर हत्या का केस दर्ज कर लिया। तहरीर में शिवसागर ने लिखा है कि सूचना पाकर जब मैं मौके पर पहुंचा तो मेरे भतीजे ऋषि कुमार ने बताया कि पापा को गोली मार दिए हैं। इलाज के लिए तमकुही राज सीएचसी ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने गोरखपुर मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया। बच्चे ने यह भी बताया कि बदमाशों के चेहरे ढंके थे, इसलिए वह किसी को पहचान नहीं पाया। तरया सुजान थानाध्यक्ष आरके सिंह ने बताया कि मृतक के भाई की तहरीर पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर पुलिस छानबीन में जुटी हुई है।

## सपा नेता ने परिजनों को दी सांत्वना

घटना की जानकारी होने पर मृतक के घर पहुंचे सपा नेता उदयनारायण गुप्ता ने सोमवार को परिजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी। फोन पर एसपी से वार्ता कर अपराधियों को जल्द पकड़ने की मांग की।

## घटना देख मासूम बच्चा बदहवास

अपने सामने पिता को गोली मारते बदमाशों को देखने के बाद से ही बिसागर का दस साल का बेटा ऋषि बदहवाश है। वह कुछ भी पूछने पर परेशान हो जा रहा है। उसने बताया कि दो लोग बाइक से आए थे। पिता को रोककर पता पूछा और ज्यों ही पापा ने पता बताने के बाद अपनी बाइक स्टार्ट करनी चाही, बदमाशों ने उसे बाइक से उतार कर सिर में गोली मार दी। ग्रामीणों के अनुसार बिसागर मिलनसार व्यक्ति थे। हमेशा बाहर ही रहते थे। इसी छठ पूजा में वह घर पर आए थे।

# 42 किलोग्राम गांजा के साथ दो अंतरराज्यीय तस्करों को दबोचा

- असम से मालवाहक गाड़ियों पर गांजे की खेप लाते थे तस्कर
- पीछे से कार से आकर यूपी में जगह देख माल उतार कर बेचते थे



सोमवार को हाटा कोतवाली में पकड़े गए गांजा तस्करों के साथ सीओ कसया व प्रभारी निरीक्षक हाटा कोतवाली।

**हाटा/ढाढा, हिन्दुस्तान संवाद।** हाटा कोतवाली पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक कंटेनर व एक कार से 42 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद किया है। दो अंतर्राज्यीय तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बरामद गांजे की कीमत 6.30 लाख रुपये बतायी गयी है। गांजे की यह खेप लेकर तस्कर असोम से आ रहे थे।

भड़कुलवा चौराहे के पास फोरलेन के सर्विस लेन पर पुलिस को संदेह हुआ तो चेकिंग की। सोमवार को क्षेत्राधिकारी कसया पीयूष कांत राय ने प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हाटा के प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह मय फोर्स रात्रि मे वाहन चेकिंग में लगे थे। भड़कुलवा चौराहे के पास से फोरलोन के किनारे सर्विस लेन से एक कंटेनर व एक हुंडई कार की चेकिंग के दौरान 42 किलो 200 ग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ। इसकी कीमत लगभग 6 लाख तीस हजार रुपये बतायी गयी है। कंटेनर चालक की पहचान अकरम पुत्र मुसर्रत निवासी मातीपुर पोस्ट मनौटा थाना असमौली जनपद सम्भल के रूप में हुई है। कार चालक की पहचान सुग्रीव विश्वकर्मा पुत्र बनवारी विश्वकर्मा निवासी लाल टोली वार्ड नंबर 6 थाना रुद्रपुर जनपद देवरिया के रूप में हुई है। क्षेत्राधिकारी कसया ने बताया कि सुग्रीव विश्वकर्मा खुद व्यापारी बन असोम में मालवाहक गाड़ियों को भाड़े पर लेकर गांजा लोड करता था तथा वहां से अपनी कार लेकर पीछे-पीछे वापस लौटता था। अपने सुविधानुसार रास्ते में कंटेनर या अन्य मालवाहक गाड़ी को रोक कर गांजा अपने कार में रखकर मऊ व अन्य जगहों पर सप्लाई करता था। मालवाहक गाड़ी में अन्य माल भी लदा होता था। कहीं बीच में छुपा कर गांजा रखा होता था, इसलिए कहीं भी चेकिंग से यह बचकर निकल आते थे।

हाटा कोतवाली की पुलिस की पुलिस ने कंटेनर से गांजा उतारकर कार में लोड करने के दौरान उन्हें दबोच लिया। पुलिस के अनुसार दोनों गांजा तस्करी के इस धंधे में पिछले दो तीन साल से लगे थे। पहली बार पकड़े गए हैं। सीओ ने बताया कि कोतवाली पुलिस ने जमा तलाशी के दौरान अभियुक्तों के पास से नगद 52 हजार 550 रुपये की भी बरामदगी की है। गांजा बरामदगी करने वाली टीम में एसएसआई अखिलेश यादव, एसआई चंदन प्रजापति, हेड कांस्टेबल हिमांशु सिंह, रणजीत सिंह, सत्यम पटेल, सचिन यादव, नरेंद्र कुमार, यशवंत कुमार मौजूद रहे।

# एसपी के निर्देश पर चार दिन बाद मुकदमा दर्ज

**जासं, खड्डा:** थाने के लखुआ लखुई गांव में चार दिन पहले दलित परिवार के घर में घुसकर मारपीट करने के मामले में पुलिस अधीक्षक धवल जायसवाल के कड़े निर्देश के बाद पुलिस ने पांच आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया। ग्रामवासी रामप्रकाश की पत्नी संगीता देवी ने आठ नवंबर को पुलिस को तहरीर सौंप बताया था कि गांव के कुछ दबंग बखुआ (धरदार हथियार) लहराते मेरे घर में घुस गए और मारपीट कर मुझे घायल कर दिए। आरोपित रवि आलम, नरसिंह, मांती देवी, राधेश्याम व किरन देवी के विरुद्ध पुलिस ने दलित उत्पीड़न का मामला दर्ज कर लिया गया है।

**चार के विरुद्ध मुकदमा, जासं नेबुआ नौरंगिया:** थाने के खजुरिया गांव के टोला पुरंदर छपरा की बुजुर्ग महिला को मारपीट कर घायल करने के मामले में एसपी के निर्देश पर चार लोगों के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत किया है। पीड़िता सहीबुन नेशा की शिकायत पर एसपी धवल जायसवाल के निर्देश पर आरोपित तहरीमा, बुधिया, नर्गिस व नसीर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ।प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार श्रीवास्तव ने इसकी पुष्टि की।

# दो अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा

**जासं, सिसवा नाहर:** तरयासुजान के अहिरौलीदान गांव के लोकन्हा टोला के युवक की गांव के ही समीप गोली मारकर हत्या करने के मामले में सोमवार की शाम पुलिस दो अज्ञात हमलावरों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज की। उनकी तलाश में स्वाट समेत पुलिस की आठ टीमें लगाई गई हैं। चर्चा इस बात की है कि हत्यारों का तार बिहार से जुड़ा हो सकता है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर नजर रखकर आगे बढ़ रही है।

35 वर्षीय बीसागर की रविवार की शाम तब गोली मारकर हत्या की दी गई थी, जब वह 10 वर्षीय बेटे ऋषि कुमार के साथ सिसवा बाजार स्थित अपनी पेंटिंग की दुकान से घर वापस जा रहे थे। अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने सिर में गोली मारी थी। चार भाइयों में तीसरे नंबर के थे। वह गुजरात में रहकर कार्य करते थे, छठ पूजा में 15 दिन पहले घर पर आए थे। पत्नी सुनीता देवी, पुत्र ऋषि, अंश छोड़ गए हैं। एसएचओ आरके सिंह ने बताया कि मृत युवक के भाई शिवसागर की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना के पर्दाफाश को लेकर स्वाट समेत पुलिस की आठ टीमें कार्य कर रहीं हैं। टीमें सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। हालांकि, पुलिस के हाथ अभी कुछ ऐसा नहीं लग सका है कि वह हत्यारों तक पहुंच सके।

# दूसरी शादी से नाराज पत्नी ने पति को पीटा

**जासं, पडरौना:** कलेक्ट्रेट परिसर के सामने सोमवार की दोपहर लगभग 12 बजे तब अजीबोगरीब स्थिति बन गई जब दूसरी शादी से नाराज पहली पत्नी ने पति की सरेआम पिटाई शुरू कर दी। महिला द्वारा युवक को पिटता देख भीड़ जमा हो गई। इस दौरान दूसरी पत्नी भी मौजूद रही और बीच बचाव करती रही। इसको लेकर कोई पुलिसिया कार्रवाई तो नहीं हुई है, लेकिन रात आठ बजे वीडियो वायरल होने के बाद घटना की चर्चा तेजी से शुरू हो गई।

जटहां बाजार थाना-क्षेत्र की एक गांव निवासी महिला कलेक्ट्रेट परिसर आटो से पहुंची। यहां चुपके से दूसरी शादी करने वाले पडरौना कोतवाली के एक गांव निवासी पति का कालर पकड़ लिया और सरेआम पिटाई शुरु कर दी। बताया जा रहा है कि महिला की शादी कुछ वर्ष पूर्व इस युवक की साथ हुई थी, लेकिन वह चुपके से बिना बताए पहली पत्नी को छोड़कर दूसरी महिला से शादी कर लिया। उसे छोड़कर उसके साथ रहने भी लगा था। इस बीच उसको इस बात की खबर लगी कि उसका पति दूसरी पत्नी के साथ किसी कार्य से कलेक्ट्रेट आया है। आटो से उतरकर वह इंतजार करने लगी। इसी बीच पति दूसरी पत्नी के साथ दिखा। इसके बाद उसने उसको पकड़ लिया।

# कंटेनर व कार से 42 किग्रा गांजा बरामद

**जागरण संवाददाता, हाटा:** असम से कंटेनर और कार में छिपाकर ले जाया जा रहा 42 किग्रा गांजा रविवार की रात में हाटा कोतवाली की पुलिस ने भड़कुलवा चौराहे पर बरामद किया है। कंटेनर व कार चालकों को गिरफ्तार कर लिया गया। सीओ पीयूष कांत राय ने सोमवार को दोपहर में कोतवाली में पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि रात में प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार, एसआइ चंदन प्रजापति पुलिस टीम के साथ फोरलेन के भड़कुलवा चौराहा के दक्षिणी सर्विस लेन पर गाड़ियों की चेकिंग कर रहे थे।

उसी दौरान कंटेनर और कार की तलाशी में दो बोरियों में रखा 42 किग्रा 200 ग्राम गांजा मिला।



पकड़े गए गांजा तस्करों के बारे में जानकारी देते सीओ पीयूष कांत राय● जागरण

कंटेनर चालक अकरम निवासी मोतीपुर थाना असमौली जिला संभल और कार चालक सुग्रीव विश्वकर्मा निवासी रुद्रपुर जिला देवरिया के पास से 52550 रुपये भी बरामद हुए। आरोपितों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज हुआ है।

टीम में एसएसआइ अखिलेश यादव, हिमांशु सिंह, रणजीत सिंह, सचिन यादव आदि मौजूद रहे।

# गोलीकांड में चिकित्सक का अस्पताल सील

## जांच में नहीं मिला लाइसेंस, ब्लाक प्रमुख पति ने मुख्यमंत्री से लगाई थी गुहार

**जासं, कसया:** कसया में बीते नौ नवंबर को रास्ते के विवाद को लेकर लाइसेंसी रिवाल्वर से फायर करने वाले डाक्टर के विरुद्ध प्रशासन सख्त हो गया है। सोमवार की देर शाम उनका निजी अस्पताल सील कर दिया गया। वह एसीएमओ अमेठी के पद पर कार्य करते हुए यहां अस्पताल भी चला रहे थे। सीएमओ डा. सुरेश पटारिया के निर्देश पर एसीएमओ डा. आरपी कुशवाहा के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने जांच की तो अस्पताल का लाइसेंस नहीं मिला। इस कार्रवाई को भाजपा नेता व हाटा की ब्लाक प्रमुख पति आरजू राव के पति सुधीर राव की मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात की लगाई गई न्याय की गुहार से जोड़कर देखा जा रहा है।



आरोपित चिकित्सक का निजी अस्पताल सील करती स्वास्थ्य विभाग की टीम● जागरण

देर शाम छह बजे एसीएमओ डा. कुशवाहा टीम के साथ आरोपित एसीएमओ के कसया सपहा रोड स्थित अस्पताल पहुंचे तो डाक्टर की पत्नी डा. रेणुका सिंह मिलीं। टीम ने अस्पताल से संबंधित कागजात मांगा तो वह नहीं दे सकीं। बता दें कि बीते मार्ग निर्माण को लेकर हुए विवाद में एसीएमओ सजीव सिंह व भाजपा नेता के बीच पुलिस की मौजूदगी में विवाद हुआ। इसमें डाक्टर ने अपना लोडेड लाइसेंसी रिवाल्वर राव पर तान दिया था। गोली भी चला दी। इसमें भाजपा नेता की जान बाल-बाल बची थी। मामले में पुलिस ने डाक्टर के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर डाक्टर को गिरफ्तार कर रिवाल्वर जब्त कर लिया था।

रविवार को राव ने मुख्यमंत्री से लखनऊ में मुलाकात कर पूरे प्रकरण से अवगत कराया और न्याय की गुहार लगाई। मुख्यमंत्री ने कार्रवाई किए जाने का आश्वासन दिया था। इस दौरान कसया सीएचसी अधीक्षक डा. मार्कण्डेय चतुर्वेदी, डा. दीपक कुशवाहा, डा. गौतम गौरव, प्रशांत, निहाल, प्रवीण पांडेय आदि मौजूद रहे।

# व्यापारियों की सुरक्षा के प्रति पुलिस गंभीर :एसओ

**दुदही।** विशुनपुरा थाना परिसर में सोमवार को व्यापारियों की बैठक हुई। इसमें पुलिस ने व्यापारियों को सुरक्षा का भरोसा देते हुए प्रतिष्ठान में सीसीटीवी कैमरे लगाने और बाहर से आए कर्मियों का सत्यापन कराने के लिए प्रेरित किया। एसओ महेंद्रराम प्रजापति ने कहा कि व्यापारियों की सुरक्षा के लिए पुलिस पूरी तरह से गंभीर है। एसओ ने कहा कि रात में पुलिस गश्त पर रहे तो उसकी मदद करें। यदि जरूरत हो तो आपस में मिलकर चौकीदार की व्यवस्था की जा सकती है। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष रामकुमार जायसवाल, राजेश गुप्ता, मनोज कुंदन, कुलदीप मद्धेशिया, राजू रौनियार, पुष्पेंद्र, प्रदीप, विजय मौजूद रहे। संवाद

# बुजुर्ग महिला की पिटाई के मामले में चार पर केस

**पिपरा बाजार।** खजुरिया गांव के पुरंदरछपरा टोला में एक बुजुर्ग महिला की पिटाई के मामले में पुलिस ने चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई एसपी के आदेश पर की गई है।

नेबुआ नौरंगिया थाना क्षेत्र के खजुरिया के पुरंदर छपरा टोला की निवासी सहीबुन नेशा ने एसपी से शिकायत की थी कि सात नवंबर को सुबह वह अपनी झोपड़ी की टाट बांध रही थीं। उसी दौरान टोले की दो महिलाएं व एक लड़की ने उनके सिर पर ईंट से प्रहार कर घायल कर दिया था। शिकायत करने पर पुलिसकर्मियों ने कोई कार्रवाई नहीं की।

इसके बाद 10 नवंबर को एक आरोपी महिला का पति सहीबुन के दरवाजे पर पहुंचकर गालियां और पिटाई की धमकी देने लगा। दोबारा इसकी शिकायत करने के बाद भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। इसके बाद वह अपनी पुत्री रुकसाना के साथ शनिवार को एसपी से मिलकर शिकायत की थी। संवाद

# युवक की हत्या में अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

**डिबनी बंजरवा/पिपरा घाट।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के अहिरौलीदान निवासी वीरसागर की हत्या के मामले में अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। रविवार की शाम बदमाशों ने पता पूछने के बहाने वीरसागर को गोली मार दी थी। घटना के बाद गंभीर हाल में वीर सागर को मेडिकल कॉलेज ले जाया गया। वहां डॉक्टर ने उनको मृत घोषित कर दिया। इस मामले में उनके भाई शिवसागर ने अज्ञात बदमाशों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। रविवार की शाम वीर सागर गोंड (35) अपने पुत्र नौ वर्षीय बेटे ऋषि को बाल कटवाने के लिए सिसवा नाहर बाजार चौराहे पर गए थे। बाल कटवाने के बाद बाइक से वह बेटे संग लौट लौट रहे थे। संवाद

# टैंकर में छिपाई गांजे की खेप बरामद, दो आरोपी गिरफ्तार

## असम से लाया जा रहा था गांजा, टैंकर से उतार मऊ ले जाने की थी तैयारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**हाटा (कुशीनगर)।** हाटा कोतवाली पुलिस ने सोमवार की भोर में असम से टैंकर में छिपाकर लाया जा रहा 42 किलो गांजा बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से बरामद टैंकर और कार को सील कर दिया गया है।

आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि गांजा, असम से लाया जा रहा था। टैंकर से उतार कर उसे मऊ ले जाने की तैयारी थी। पुलिस ने पकड़े गए आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भिजवा दिया।

कोतवाली परिसर में सीओ पियूषकांत राय ने बताया कि सोमवार की भोर में हाटा कोतवाली पुलिस को भड़कुलवा चौराहे के सर्विस लेन पर एक टैंकर और कार संदिग्ध हालत में दिखी। पुलिस ने जब टैंकर की जांच की तो उसके केबिन में छिपाकर रखा गया 42 किलो 200 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पुलिस ने टैंकर चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसकी पहचान संभल जिले के मातीपुर निवासी अकरम और कार चालक देवरिया के रुद्रपुर निवासी सुग्रीव विश्वकर्मा के रूप में हुई।



42 किलोग्राम गांजा के साथ पकड़े गए अकरम और सुग्रीव। संवाद

पुलिस की पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया कि पहले असम से गांजा को टैंकर में लोड किया करते हैं। इसके बाद कुशीनगर की सीमा में कहीं उतारकर उसे कार के जरिये मऊ पहुंचा दिया जाता है। माना जा रहा है कि आरोपी भड़कुलवा चौराहे पर टैंकर से गांजा उतार कर कार में लादने की फिराक में थे और पुलिस के हत्थे चढ़ गए।

# शिकायतों के निस्तारण में कुशीनगर पुलिस फिर अव्वल

संवाद न्यूज एजेंसी

**पडरौना।** अपर पुलिस महानिदेशक (एडीजी) के निर्देश पर की जा रही पब्लिक अप्रूवल रेटिंग का परिणाम 14 नवंबर को जारी हुआ। नवंबर माह के परिणाम में कुशीनगर जनपद की पुलिस दूसरी बार अव्वल रही है। पिछले माह भी कुशीनगर की पुलिस मंडल में अव्वल थी।

इस सर्वेक्षण में आईजीआरएस पर की गई शिकायतों के निस्तारण, ट्विटर पोल, डॉयरेक्ट पोल, एफआईआर फीडबैक, पीआरवी रिस्पांस टाइम, पासपोर्ट/चरित्र प्रमाणपत्र के सत्यापन के फीडबैक को आधार बनाया गया है।

पुलिस के प्रति लोगों की राय जानने के लिए गोरखपुर एडीजी अखिल कुमार ने पब्लिक अप्रूवल रेटिंग लागू किया है। इसमें जनता अपने थाना क्षेत्र के बारे में ऑनलाइन राय देती है।

पुलिस रिपोर्ट कार्ड में कुशीनगर 81.48 प्रतिशत अंक पाकर मंडल में अव्वल है। देवरिया 79.77 प्रतिशत अंक पाकर दूसरे नंबर पर है। महराजगंज 74.60 प्रतिशत अंक पाकर तीसरे नंबर है। वहीं गोरखपुर जनपद 66.27 अंक पाकर सबसे पीछे है ।

## एडीजी के निर्देश पर पब्लिक अप्रूवल रेटिंग का परिणाम जारी

लगातार दो बार जनपद की पुलिस अव्वल रही। इसमें सभी पुलिसकर्मियों का योगदान रहा है। सभी थानेदारों को सख्त हिदायत दी गई है कि शिकायतों का निस्तारण तत्काल करें। पुलिस ऑफिस में आने वाले फरियादियों की बात सुनकर मैं खुद उनका निस्तारण करता हूं।

**- धवल जायसवाल,** एसपी कुशीनगर

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-11-2022

# सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किए गए बच्चे

महराजगंज। लिटिल फ्लावर स्कूल महराजगंज में बाल दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम हुए। बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे सीओ यातायात सुनील दत्त दुबे ने बच्चों को यातायात नियमों को लेकर जागरूक किया। प्रधानाचार्य फादर सुरेश केवी की अध्यक्षता में बच्चों ने चाचा नेहरू को याद करते हुए कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सीओ यातायात ने बच्चों से चाचा नेहरू के प्रेम पर चर्चा करते हुए कहा कि चाचा नेहरू को बच्चे बहुत प्रिय थे। उन्होंने सड़क सुरक्षा पर जोर देकर बच्चों को सतर्क रहने का संदेश दिया। इस दौरान एलकेजी व यूकेजी के बच्चों ने फैंसी ड्रेस मुकाबले का आयोजन किया।

# 170 वाहनों का चालान

**महराजगंज :** महराजगंज पुलिस ने सोमवार को यातायात नियमों के उल्लंघन के मामले में 170 वाहनों का चालान काटा। आठ लोगों से 6500 रुपये का जुर्माना भी वसूल किया गया है । (जासं)

# नेपाल भेजा जा रहा तस्करी का सामान बरामद

परसामलिक: कोहरे की आड़ में तस्करों के गिरोह सामान लदे पिकअप वाहनों को नेपाल सीमा की तरफ भेज रहे हैं। क्षेत्र का खैरहवा दुबे गांव तस्कर गिरोहों के लिए सुरक्षित रास्ता बन गया है। गिरोह के सदस्य इसी गांव के रास्ते कपड़ा, चीनी व उर्वरक लदे पिकअप वाहनों को महाव नाले तक पहुंचा रहे हैं। फिर वहां नाले के तटबंध को काटकर बनाए गए रास्ते से सामान आसानी से नेपाल के पड़री गांव तक पहुंचाया जा रहा है। पुलिस क्षेत्राधिकारी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र में चल रही गतिविधियों पर पुलिस की नजर है। धंधे में शामिल लोगों को पकड़े जाने पर कार्रवाई की जा रही है। (जासं)

# उदासीनता : बताएंगे ही नहीं तो कैसे जानेंगे अधिकार

## जिले के अधिकतर थानों में नहीं लगाए गए हैं मानवाधिकारों की जानकारी देने वाले बोर्ड, लोगों को नहीं हो पा रही नियम-कानून की जानकारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** जिले के ज्यादातर थानों में मानवाधिकारों के बारे में जानकारी देने वाले बोर्ड नजर नहीं आते हैं। अगर कहीं बोर्ड लगे भी हैं तो उन्हें आसानी से समझा नहीं जा सकता है। इस वजह से लोगों को मानवाधिकार से संबंधित नियम कायदों की जानकारी नहीं मिल पा रही है। यह हकीकत सोमवार को संवाददाताओं की पड़ताल में सामने आई।

जनपद में 19 थाने हैं, लेकिन मानवाधिकारों के बारे में जानकारी देने वाले बोर्ड कहीं भी इस प्रकार नहीं लगाए गए हैं, जहां लोगों को थाने में प्रवेश करते ही नजर आ जाएं।

गौरतलब है कि सर्वोच्च न्यायालय ने मानवाधिकारों के संबंध में आदेश दिया है कि थानों में लाए गए व्यक्ति के साथ मारपीट अथवा अमानवीय व्यवहार नहीं किया जाएगा। यह संदेश पूर्ण वाक्य हर थाने की दीवारों पर लिखा होना चाहिए। लेकिन, जिले के कई थाने ऐसे हैं, जहां इस तरह के संदेश वाले बोर्ड गायब हैं। जिला मुख्यालय के सदर कोतवाली में प्रवेश करते ही मानवाधिकार के प्रति सचेत करने वाला बोर्ड नहीं दिखता। इसी तरह निचलौल, कोठीभार, पनियरा और दूठीबारी के थानों के अलावा अन्य थानों में भी मानवाधिकार का बोर्ड प्रवेश करते ही नहीं दिखता है। इंदिरा नगर के पूर्व सभासद चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि ज्यादातर थानों में मानवाधिकार बोर्ड ऐसे स्थान पर लगाए गए हैं, जहां शायद ही किसी की नजर पहुंचे।

बड़ी होर्डिंग पर सारे नियम कानून लिखे हों, ऐसी व्यवस्था पुलिस को करनी चाहिए। जानकारी के अभाव में लोगों को अपने अधिकारों की जानकारी नहीं हो पाती है।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिया है थानों में मानवाधिकार संबंधी बोर्ड जरूर लगाने का आदेश



निचलौल थाने में मानवाधिकार का बोर्ड नहीं लगा है। संवाद



पनियरा थाने में बोर्ड नहीं लगा है। संवाद



सदर कोतवाली में नहीं लगा है मानवाधिकार संबंधी बोर्ड। संवाद

जिले के सभी थानों में मानवाधिकार से संबंधित बोर्ड लगे हैं। बोर्ड में दर्शाए गए नियमों का पालन पुलिस करती है। अगर कहीं बोर्ड नहीं लगा होगा, तो लगवा दिया जाएगा। नियमों के बारे में समय-समय पर लोगों को जानकारी दी जाती है।

-डॉ. कौस्तुभ, पुलिस अधीक्षक

### आम जनता को अपने अधिकार का ज्ञान नहीं

दीवानी न्यायालय के अधिवक्ता एवं मानवाधिकार कार्यकर्ता विनय कुमार पांडेय ने बताया कि थानों में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का बोर्ड होना चाहिए। डीके बसु बनाम भारत सरकार के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने आदेश दिया है कि सभी पुलिस थानों में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग का बोर्ड लगाया जाए। उस पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की गाइडलाइन होगी और उसका पालन समस्त थानों को करना होगा। थानों में राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के बोर्ड नहीं लगने से आम जनता को अपने अधिकारों का ज्ञान नहीं हो पा रहा है।

### प्रत्येक बंदी को घर फोन करने का अधिकार

अधिवक्ता विनय कुमार पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग की गाइडलाइन के अनुसार सूर्योदय से पहले और सूर्यास्त के बाद किसी महिला की गिरफ्तारी नहीं की जा सकती। 24 घंटे के अंदर मुलजिम को मजिस्ट्रेट के सामने प्रस्तुत करना होता है। थाने में निरुद्ध बंदी को उसके वकील से मिलने से नहीं रोका जा सकता। प्रत्येक बंदी को अपने घर पर फोन करने का अधिकार है। ज्यादातर थानों में बोर्ड नहीं लगने की वजह से आम जनता को इन बातों की जानकारी नहीं हो पाती है।

# बच्चों ने रक्षा बैंड बांधकर लिया सुरक्षा का वचन

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज/निचलौल।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय के तत्वावधान में सोमवार को चाइल्ड लाइन की ओर से दोस्ती सप्ताह मनाया गया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय शिवनगर में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। बच्चों को हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जानकारी दी गई।

पूर्व माध्यमिक विद्यालय निचलौल प्रथम के बच्चों ने एसडीएम और पुलिस को रक्षा बैंड बांधकर सुरक्षा का वचन लिया। बाल दिवस के उपलक्ष्य पर चाइल्ड लाइन 14 से 20 नवंबर तक बच्चों के साथ दोस्ती सप्ताह मनाया जाएगा।

सोमवार को सबसे पहले बच्चे एसडीएम सत्यप्रकाश मिश्र के कार्यालय पर पहुंचे। यहां एसडीएम को धागा बांधकर सुरक्षा का वचन लिया। एसडीएम ने इन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया।

## चाइल्डलाइन 14 से 20 नवंबर तक बच्चों के साथ दोस्ती सप्ताह मनाएगी

इसी तरह बच्चे थाना परिसर स्थित सीओ कार्यालय पहुंचे। जहां बच्चों ने सीओ सहित अन्य पुलिसकर्मियों को रक्षा बैंड बांधकर उनसे सुरक्षा का वचन लिया।

सीओ सूर्यबली मौर्य ने कहा कि अगर कोई बच्चा मुसीबत में हो तो वह चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098 पर सूचना दें।

जिससे बच्चों को तत्काल मदद की जा सके। चाइल्ड लाइन कोआर्डिनेटर सिस्टर जगरानी ने कहा कि शिक्षा, पोषण, और पूरा प्यार सभी बच्चों का अधिकार है। इस मौके पिंटू कुमार, श्रवण, सुमन गुप्ता, मनीषा,मृत्यंजय आदि मौजूद रहे।

# चार का चालान

पनियरा। शांति भंग की धारा में अलग-अलग गांव से चार लोगों का चालान किया गया।

थानाध्यक्ष स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि शिवप्रसाद एवं रामनरेश निवासी देवीपुर, सुरेंद्र कुमार एवं अजय कुमार निवासी रायपुर का चालान किया गया है। संवाद

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-11-2022

# भूमि विवाद में युवक की पिटाई, एससी एसटी का केस

**बस्ती ।** वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के पोखरभिटवा गांव निवासी सूरज अपनी गाड़ी बना रहा था। इस दौरान जमीनी विवाद की बात को लेकर गांव के कुछ लोगो ने उसे जाति सूचक गालियां देने लगे। जिन्हे बहन लक्ष्मी द्वारा ऐसा करने से मना किया गया तो आरोपियों ने मिलकर सूरज को मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी।

मामले में पीड़ित सूरज पुत्र रामबिहारी निवासी पोखरभिटवा थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मुहम्मद रजा पुत्र अजीज, अकबर पुत्र आशिक अली, शमशेर, दिलशाद, आशिक अली निवासीगण पोखरभिटवा थाना वाल्टरगंज के विरूद्ध धारा 147, 323, 504, 506 आईपीसी एवं 3(1)(द), 3(2)5ए एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# चोरी के पांच स्मार्ट फोन के साथ दो गिरफ्तार

**बस्ती (एसएनबी)।** बीते दिनों पुरानी बस्ती थानाक्षेत्र के इंस्टाकार्ट वेयर हाउस में हुई मोबाइल चोरी की घटना का मुकामी पुलिस ने खुलासा किया है। दो पुरानी बस्ती प्रदीप सिंह के नेतृत्व में टीम ने मुखबिर की सटीक सूचना पर दो लोगो को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान सुहेल पुत्र मोहम्मद यूसुफ

**पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के इन्स्टाकार्ट वेयर हाउस में हुई चोरी का खुलासा**



बस्ती : पुलिस हिरासत में चोरी के सामानो के साथ चोर। फोटो : एसएनबी

चोरो को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से पांच स्मार्ट फोन सहित नकदी भी बरामद की गयी है।

बीते दिनों पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र केप्लास्टिक काम्प्लेक्स के पास संचालित होने वाले इंस्टाकार्ट वेयर हाउस को चोरो ने अपना निशाना बनाया और रात में प्रतिष्ठान में घुसे चोरो ने मोबाइल सहित नकदी चुरा लिया और फरार हो गये। इस मामले में पुरानी बस्ती थाने में धारा 379 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने घटना का शीघ्र खुलासा करने का निर्देश थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह को देते हुए प्रभावी कार्यवाही करने की हिदायत दी थी। एसपी के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक दीपेन्द्र नाथ चौधरी के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष निवासी ग्राम- लोनहा, थाना रूधौली जनपद बस्ती तथा उस्मान पुत्र अकबर अली निवासी अमानाबाद, थाना मुण्डेरवा के रूप में की गयी। उनके कब्जे से करीब दो लाख पचास हजार रूपये नकद के आठ मोबाइल फोन बरामद किये गये है, तथा पकड़े गये चोरो के पास से चौदह सौ रूपये नकद भी पुलिस ने बरामद किया है। गिरफ्तारी के बाद दोनो चोरों के विरूद्ध धारा 379 के अतिरिक्त धारा 411, 414 आईपीसी के बढोत्तरी भी कर दी गयी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष पुरानी बस्ती प्रदीप कुमार सिंह, उप निरीक्षक सुदीप कुमार यादव, मुख्य आरक्षी महेश, आरक्षी सत्येन्द्र कुमार प्रथम, आरक्षी सत्येन्द्र कुमार द्वितीय, आरक्षी अभिषेक कुमार तिवारी, आरक्षी अजय कुमार यादव थाना पुरानी बस्ती शामिल रहे।

## नकबजनी के तीन आरोपियों पर गैंगस्टर

**बस्ती।** छावनी पुलिस ने चोरी, नकबजनी के तीन आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपी सूरज, साहब अली, अरजानीपुर, थाना परसरामपुर और हरिश्चंद्र, निवासी तलहवापुर, थाना परसरामपुर पर कार्रवाई की गई है। संवाद

## महिला से छेड़खानी के आरोप में केस

**बस्ती।** सोनहा थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने आरोप लगाया है कि उसका पड़ोसी से भूमि विवाद है। सात जुलाई को रात में विपक्षी के घर आए आरोपी झिनकान ने उसके साथ छेड़खानी की। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी झिनकान के अलावा चार और आरोपियों पर केस दर्ज हुआ है। संवाद

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक की पिटाई, केस

**बस्ती।** पुरानी रंजिश की बात को लेकर कुछ लोगो ने एक व्यक्ति को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित के भाई की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थानाक्षेत्र के गनेशपुर बाजार में पुरानी रंजिश की बात को लेकर मुन्ना उपाध्याय अपने साथियों के साथ मिलकर देवदत्त शुक्ला को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मारपीट के दौरान उनका मोबाइल छीनकर तोड़ दिया गया। मामले में पीड़ित के भाई विनय शुक्ला पुत्र कालिका शुक्ला निवासी सिकटा थाना वाल्टरगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी मुन्ना उपाध्याय पुत्र राजेन्द्र उपाध्याय निवासी खुटहना थाना कप्तानगंज तथा तीन अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध धारा 323, 504, 506, 427 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# फब्तियां कस रहा युवक चढ़ा पुलिस के हत्थे

**बस्ती ।** प्रभारी एंटी रोमियो स्क्वाड टीम उप निरीक्षक किरण भास्कर अपनी पुलिस टीम के साथ मिशन शक्ति नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत थाना कलवारी क्षेत्रान्तर्गत एन्टी रोमियो चेकिंग किया गया। उनके द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं/ छात्राओं को उनकी सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दिया गया एंटी रोमियों की चेकिंग के दौरान प्रभावी कार्यवाही करते हुए सड़क के बगल मेंअनावश्यक रूप सेबैठकर रास्ते जा रही लड़कियों व महिलाओं पर अश्लील टिप्पणी करते हुए डब्लू पुत्र राम अशीष निवासी चमरसन थाना बखीरा जनपद संतकबीरनगर को पकड़ा गया। जिसके विरुद्ध धारा 294 आईपीसी के तहत केस दर्ज करते हुए पुलिस अभिरक्षा में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय रवाना किया गया।

# परिवार परामर्श केन्द्र ने बिछड़े परिवार को मिलाया

**बस्ती ।** रिजर्व पुलिस लाइन बस्ती स्थित परिवार परामर्श केंद्र जनपद बस्ती द्वारामंगलदीप सैनी पुत्र बेलन साकिन एकमा थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती पत्नी रेनू पुत्री स्व. रामआधारेसाकिन गायघाट थाना कलवारी जिला बस्ती के मध्य किसी बात को लेकर काफी दिनों से मन-मुटाव चल रहा था जिससे काफी दिनों से दोनों (पति-पत्नी) अलग-अलग रह रहे थे। परिवार परामर्श केंद्र जनपद बस्ती पर बुलाकर समझा-बुझा कर परिवार को एक साथ रहने को राजी उनके परिवार वालों के समक्ष खुशी-खुशी परिवार परामर्श केंद्र से विदाई की गयी। प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र उप निरीक्षक श्रीमती दीपिका पाण्डेय ,महिला का.मधु सिंह, महिला का.राजकुमारी परिवार परामर्श केन्द्र बस्ती आदि शामिल रहे।

# पुराने विवाद में युवक की पिटाई, केस

**बस्ती** । पुराने विवाद की बात को लेकर कुछ लोगो ने एक युवक को गालियां देते हुए मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज थानाक्षेत्र के समसपुर गांव में पुराने विवाद की बात को लेकर कुछ लोग एकराय होकर एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। इस मामले में पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामप्रसाद पुत्र रामसुरत, सुनील पुत्र रामरुप, रामदरश, रामरुप पुत्रगण रामबेलास निवासीगण समसपुर थाना लालगंज के विरूद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# बस की ठोकर से महिला की मौत के मामले में केस

**बस्ती (एसएनबी)।** अपने पति के साथ बाइक से दवा कराकर घर जा रही महिला की बस के चपेट में आने से मौत हो गयी। इस सम्बन्ध में मृतका के पति की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज किया है।

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के पॉलिटेक्निक चाराहा को पार करते समय तेज रफ्तार बस संख्या यूपी 53 डीटी/ 4831 की चपेट में आ जाने से धमौरा गांव निवासिनी अंजली की मौत हो गयी। वह अपने पति के साथ बाइक से इलाज कराने अस्पताल गयी हुई थी जहां से दवा लेकर वापस घर जा रही थी, इस दौरान घटना घट गयी। मामले में मृतका के पति पिन्टू पुत्र लालबहादुर निवासी धमौरा थाना पुरानी बस्ती की तहरीर पर बस के अज्ञात चालक के विरूद्ध धारा 279, 304ए, 338 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# छात्र-छात्राओं को किया जागरूक

**विक्रमजोत।** छावनी क्षेत्र के विक्रमजोत चौकी अंतर्गत बालगोविंद गंगाप्रसाद उच्चतर मावि नेतवर पट्टी विक्रमजोत में थानाध्यक्ष छावनी दुर्गेश पाण्डेय, चौकी प्रभारी विक्रमजोत ओमप्रकाश मिश्र और कां. राहुल सिंह ने साइबर अपराध के बारे में छात्र-छात्राओं को जागरुक किया। साइबर अपराध के प्रकार, साइबर अपराध बढ़ने/बचाव और साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 आदि के बारे में जानकारी दी।

# नकबजनी के तीन आरोपितों पर गैंगस्टर

**बस्ती।** पुलिस ने चोरी/ नकबजनी के तीन आरोपितों पर गैंगस्टर की कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि अर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए गिरोह बनाकर चोरी/ नकबजनी का अपराध करने के आरोपी सूरज, साहब अली अरजानीपुर थाना परसरामपुर बस्ती व हरिश्चंद्र निवासी तलहवापुर थाना परसरामपुर के खिलाफ गैगेस्टर के तहत केसदर्ज किया गया है।

# भटकी मुंबई की बालिका को परिजनों को सौंपा

- 12 नवंबर को सीडब्लूडी के समक्ष चाइल्ड लाइन ने किया था प्रस्तुत
- बस्ती रेलवे स्टेशन पर आरपीएफ ने किया था बरामद

**बस्ती, निज संवाददाता।** मुंबई से बाराबंकी में आयोजित विवाह समारोह में शामिल होने आई नाबालिग बालिका भटक कर बस्ती पहुंच गई थी, जिसे सोमवार को न्याय पीठ बाल कल्याण समिति के सामने प्रस्तुत किया गया। आवश्यक कार्यवाही के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया गया।

यह बालिका मुंबई के थाने जनपद के गैवी नगर की निवासी है। वह अपने घर वालों के साथ बाराबंकी जनपद में अपने रिश्तेदार के घर विवाह समारोह में शामिल होने आई थी। विवाह समारोह के बाद रेलवे स्टेशन से यह बालिका घर वालों के साथ मुंबई जाने वाली ट्रेन की बजाय गोरखपुर जाने वाली गाड़ी पर बैठ गई। बस्ती रेलवे स्टेशन पर बालिका को परेशान हाल में देखकर आरपीएफ ने चाइल्ड लाइन के कार्यकर्ताओं को बुलाकर सौंप दिया था। चाइल्ड लाइन ने 12 नवंबर को बालिका को न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया। न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा ने बालिका का मेडिकल जांच कराने के साथ ही बालिका के परिजनों को सूचित करने का आदेश दिया था। सोमवार को बालिका के बड़े भाई ने न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत हो कर जरुरी कागजात प्रस्तुत किया। मामले की जांच पड़ताल के बाद न्याय पीठ के अध्यक्ष प्रेरक मिश्रा, सदस्य अजय श्रीवास्तव, डॉक्टर संतोष श्रीवास्तव, गोवर्धन गुप्ता, मंजू त्रिपाठी की टीम ने निर्णय लिया कि यह मामला महाराष्ट्र प्रदेश का है। इसलिए बालिका के निवास स्थान की सीडब्लूसी को मामला स्थानांतरित करते हुए बालिका को उसके परिजनों को सौंप दिया गया।

# हत्या व साक्ष्य मिटाने के आरोप में केस

बस्ती। कलवारी पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर सात लोगों के खिलाफ हत्या कर शव जलाकर साक्ष्य मिटाने के आरोप में एफआईआर दर्ज की है।

थानाध्यक्ष ने बताया कि ज्योति निवासी राजेडीहा थाना मुंडेरवा ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र दिया था। कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी गई है। ज्योति ने तहरीर में लिखा है कि उनकी बहन विद्या देवी की शादी कलवारी क्षेत्र के फूलपुर गांव निवासी लाल जी शर्मा के साथ हुई थी। आरोप है कि लालजी का एक महिला से संबंध था, जिसकी जानकारी उनकी बहन को हो गई थी। जिससे से नाराज लालजी उनके भाई जितेंद्र, धर्मेंद्र, पिता श्याम सुंदर, भाईयों की पत्नी संजू देवी व वंदना देवी व प्रेम निवासी फूलपुर ने मिलकर 2020 में रात नौ बजे विद्या देवी का गला दबाकर मार डाला।

# महिला से छेड़खानी एफआईआर

भानपुर। सोनहा थाना क्षेत्र के की रहने वाली एक महिला ने आरोप लगाया है कि उसका पड़ोसी से भूमि विवाद चल रहा है। इसी को लेकर रुधौली के झिनकान पांडेय आए दिन विपक्षी के घर आकर गलत नीयत से अश्लील इशारा करते हैं। 7 जुलाई को रात में मेरे विपक्षी सत्या देवी के घर झिनकान आए तो मैं अपने छप्पर वाले मकान में घुस गई। आरोप है कि उसके साथ छेड़खानी करने लगे तथा जबरदस्ती की कोशिश की।

शोर मचाने पर कहा कि चिल्लाओ मत तुम्हारी जमीन दिला दूंगा। किसी तरह जान बचाकर भागी। प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि आरोपी झिनकान पांडेय के अलावा सत्या देवी, सर्वेंद्र, प्रियंका व सुलेखा के खिलाफ आईपीसी 147, 457, 354, 323, 504 व अन्य धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है।

# सात पर हत्या व साक्ष्य मिटाने का मुकदमा दर्ज

**कलवारी।** पुलिस ने सात लोगों पर हत्या कर शव जलाकर साक्ष्य मिटाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की गई है।

थानाध्यक्ष आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि ज्योति निवासी राजेडीहा थाना मुंडेरवा ने न्यायालय में प्रार्थनापत्र दिया था। पत्र में लिखा कि उनकी बहन विद्या देवी की शादी कलवारी थाना क्षेत्र के फूलपुर गांव निवासी लालजी से हुई थी। लालजी, उसका भाई जितेंद्र, धर्मेंद्र, पिता श्याम सुंदर, भाइयों की पत्नी संजू देवी व वंदना देवी तथा प्रेम निवासी फूलपुर ने मिलकर 15 मार्च 2020 को रात नौ बजे विद्या देवी का गला दबाकर मार डाला। साक्ष्य मिटाने के लिए शव को सरयू के तट पर ले जाकर जला दिया। संवाद

# गैंगस्टर एक्ट में दो साल की सजा

**बस्ती।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रभानाथ त्रिपाठी की अदालत ने उत्तर प्रदेश गिरोहबंद समाज विरोधी क्रिया कलाप अधिनियम में शानू गौड़ उर्फ पंडित को दो वर्ष का सश्रम कारावास व पांच हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न अदा करने पर एक माह अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

शासकीय अधिवक्ता रामप्रकाश दूबे ने अदालत को बताया कि 31 अक्टूबर 2020 को तत्कालीन प्रभारी निरीक्षक सोनहा अटल बिहारी ठाकुर ने कोतवाली थाना क्षेत्र के कंजड़ टोला निवासी शानू गौड़ उर्फ पंडित के विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट के तहत कार्यवाई की थी। न्यायाधीश ने साक्ष्य के आधार पर अभियुक्त को सजा सुनाई।

### कानपुर से चोरी कार संग पकड़े गए परवेज पर कई संगीन मुकदमे हैं दर्ज

# बर्खास्त सिपाही के खिलाफ होगी गैंगस्टर की कार्रवाई

**शिकंजा**

बस्ती, निज संवाददाता। कानपुर से चोरी वाहन के साथ दबोचे गए झांसी के बर्खास्त सिपाही परवेज पर हत्या समेत कई संगीन आरोपों में मुकदमे दर्ज हैं। चोरी के अलावा हत्या जैसे जघन्य अपराधों में भी लिप्त रहा है। 2006 में थाना स्वरुप नगर जनपद कानपुर नगर में तैनाती के दौरान उस पर हिरासत में एक आरोपी की हत्या का पहला मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस के अनुसार अब तक कुल पांच बार वह जेल भेजा जा चुका है। बस्ती पुलिस अब उसके खिलाफ गैंगस्टर लगाने की तैयारी में जुट गई है। पुलिस ने उसे शनिवार को गिरफ्तार किया था।

पुलिस के अनुसार जेल भेजे जाने से पहले आरोपी परवेज निवासी नई बस्ती, कोतवाली झांसी से पूछताछ में सामने आया कि वह 1995 बैच का सिपाही था। उत्तराखंड राज्य बनने के बाद 2000 से 2009 तक उत्तराखंड पुलिस का हिस्सा बना। नैनीताल पुलिस लाइन में टेलीफोन ड्यूटी पर तैनाती मिली। बाद में फिर उत्तर प्रदेश के लिए रिलीव कर दिया गया। आपराधिक घटनाओं में संलिप्तता के आधार पर उसे 2016 में नौकरी से बर्खास्त कर दिया था। परवेज पर झांसी कोतवाली में हत्या के दो व हत्या के प्रयास के चार मुकदमे कायम हैं। 2006 में हिरासत में एक आरोपी की हत्या का आरोप लगा था। इसके बाद 2010 में थाना कोतवाली जनपद उन्नाव में हत्या और लूट में उसका नाम सामने आया था। उस पर गैंगस्टर की कार्रवाई हुई। थाना नवाबाद जनपद झांसी की पुलिस ने चोरी की कार के साथ गिरफ्तार किया और 2019 में थाना ग्वालटोली कानपुर नगर में हत्या का मुकदमा उस पर दर्ज हुआ। इसी साल थाना कल्यानपुर जनपद कानपुर नगर पश्चिमी में वाहन चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था। 2020 में नैनीताल पुलिस ने इसके गिरोह का पर्दाफाश कर तीन लग्जरी कार बरामद किया था। सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि उसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई होगी।

**1995** बैच का सिपाही था परवेज, पूछताछ में सामने आई जानकारी

**2020** में नैनीताल पुलिस ने गिरोह का पर्दाफाश कर तीन कार बरामद की थी

### हाइटेक ढंग से करता था कार चोरी

पुलिस के अनुसार परवेज बेहद शातिर है। वह गाड़ी का पूरा ऑटोमेटिक सिस्टम ही बदल देता था। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि कार चोरी करते समय वह सबसे पहले वाहन का बोनट खोल लेता था। इसके बाद स्टेयरिंग का लॉक तोड़ देता और गाड़ी की बैक लाइट तोड़कर पूरी गाड़ी के लाइटिंग सिस्टम को खत्म करने के बाद वह अपना सॉफ्टवेयर इंस्टाल कर देता था। ऐसा करने के बाद गाड़ी का आटोमेटिक सिस्टम ही बदल जाता था।



सोमवार को प्लास्टिक काम्प्लेक्स स्थित इंस्टाकार्ड वेयरहाउस में हुई चोरी का खुलासा करते थानेदार पुरानी बस्ती प्रदीप कुमार सिंह।

# इंस्टाकार्ड वेयरहाउस में कर्मी ने ही की थी चोरी, दो गिरफ्तार

**खुलासा**

**बस्ती, निज संवाददाता।** पुरानी बस्ती पुलिस ने प्लास्टिक काम्पलेक्स स्थित इंस्टाकार्ड वेयरहाउस से आठ महंगें स्मार्ट फोन चोरी होने की घटना का खुलासा सोमवार को कर दिया है। थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि कि वेयरहाउस में सार्टर के पद पर नौकरी करने वाले सुहैल ने इस घटना को अंजाम दिया था। अपने साथी की मदद से तीन चोरी के मोबाइल बेच चुका था। अन्य मोबाइल बेचने की फिराक में था, इसके पहले ही दबोच लिया गया।

उन्होंने बताया कि पुलिस ने चोरी की पांच मोबाइल, एक बिना नंबर की बाइक और 14 सौ रुपये बरामद किए हैं। 26 अगस्त 2022 को इंस्टाकार्ट वेयरहाउस के मैनेजर अंबरीश शुक्ला ने तहरीर देकर बताया था कि उनके वेयरहाउस से आठ महंगे स्मार्टफोन चोरी कर लिए गए हैं।

## सैलरी कम पड़ी तो करने लगा चोरी

जांच में जुटी पुलिस ने राजेन्द्र चौराहा के पास से आरोपी सुहेल निवासी लोनहा थाना रुधौली और उसके साथी उस्मान निवासी अमानाबाद थाना मुंडेरवा को गिरफ्तार कर लिया है।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम** : थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह, चौकी प्रभारी सुदीप यादव, महेश राय, सत्येंद्र कुमार, अभिषेक तिवारी व अजय शामिल रहे।

# पति ने रखी मुहर व चेकबुक, प्रधान ने कराया मुकदमा

**जासं, बस्ती:** महिला प्रधान से जबरन ग्राम पंचायत की बागडोर अपने हाथ में लेने वाले पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। मुकदमा महिला प्रधान ने दर्ज कराया है। आरोप है कि प्रधानपति ने प्रधान की मुहर व चेक बुक के साथ अन्य अभिलेख अपने पास रख लिया है।

मामला हरैंया ब्लाक की सरैंया तिवारी ग्राम पंचायत का है। अर्चना उर्फ विमला वहां की प्रधान हैं। पति महेश कुमार के विरुद्ध दी गई तहरीर में उन्होंने कहा है कि पति ने उनकी मुहर, बैंक चेकबुक, मतदाता पहचान पत्र व ग्राम पंचायत के अन्य अभिलेख अपने पास रख लिया है। अभिलेखों का वह लगातार दुरुपयोग कर रहे हैं। विरोध करने पर उनको (अर्चना उर्फ विमला) व बेटे अमित की पिटाई करते हैं। शनिवार को जानमाल की धमकी देने के साथ दोनों को उन्होंने घर से निकाल दिया। प्रभारी निरीक्षक हरैंया शैलेष कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित पति महेश कुमार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है।

# चोरी के तीन आरोपितों पर लगा गैंगस्टर

**बस्ती :** छावनी पुलिस ने चोरी के तीन आरोपितों पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार पांडेय ने बताया कि अर्थिक एवं भौतिक लाभ के लिए गिरोह बनाकर चोरी/नकबजनी का अपराध करने के आरोपित सूरज, साहब अली निवासी अरजानीपुर थाना परशुरामपुर और हरिश्चंद्र निवासी ललहवापुर थाना परशुरामपुर के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। (जासं)

# चार माह बाद छेड़खानी व मारपीट का मुकदमा

**सोनहा:** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सोनहा पुलिस ने एक व्यक्ति के विरुद्ध छेड़खानी व चार अन्य के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला का आरोप है कि उसका अपने पड़ोसी से भूमि विवाद चल रहा है। थुम्हवा पांडेय गांव के झिनकान पांडेय पुत्र अज्ञात का उसके घर आना जाना है। सात जुलाई की रात में सोते समय वह उसकी झोपड़ी में घुसकर छेड़खानी करने लगा। शोर मचाने पर वह पड़ोसी के घर में छिप गया। आरोप लगाया कि पड़ोसियों ने उसे बुरी तरह से मारा पीटा। इस बात की सूचना उसने तुरंत डायल 112 व थाने पर दिया पर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। एसपी के निर्देश पर पांच लोगों के विरुद्ध केस दर्ज हुआ है।

# पुरानी रंजिश को लेकर मारापीटा, मुकदमा

**गनेशपुर, बस्ती:** वाल्टरगंज पुलिस ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। थाना क्षेत्र के सिकटा निवासी विनय शुक्ला का आरोप है कि उनके बड़े भाई देवदत्त शुक्ला को गनेशपुर में विपक्षियों ने पुरानी रंजिश को लेकर अपशब्द कहते हुए मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुन्ना उपाध्याय और तीन अन्य अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# कर्मचारी नेता से दुर्व्यवहार पर भड़का सिंचाई संघ, धरना

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** सिंचाई संघ बस्ती के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार सिंह के साथ अधिशासी अभियंता द्वारा दुर्व्यवहार और निलंबन की धमकी देने का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को सिंचाई संघ ने अधिशासी अभियंता के कार्यालय परिसर में धरना देकर विरोध जताया। इसके साथ ही अधीक्षण अभियंता को आठ सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। इसमें रिक्त चल रहे पांच सींच पर्यवेक्षक के पदो पर पदोन्नति,नव नियुक्त नलकूप चालकों का एनपीएस कटौती कराने, नलकूप चालकों की वरिष्ठता सूची जारी करने,चिकित्सा प्रतिपूर्ति के प्रकरणों का निस्तारण करने आदि की मांग शामिल है। सिंचाई संघ द्वारा अधिशासी अभियंता नलकूप खंड बस्ती के खिलाफ कर्मचारियों ने एक दिवसीय धरना दिया। संघ के प्रांतीय अध्यक्ष राजकुमार पांडेय ने कहा कि अधिशासी अभियंता नलकूप खंड को संघ से वार्ता के लिए सम्मानजनक तरीके से पत्राचार करना चाहिए। किंतु उन्होंने ऐसा नहीं किया। उनके द्वारा जिलाध्यक्ष को फोन पर अपशब्द कहना, वेतन रोकने और निलंबित करने की धमकी से कर्मचारी आंदोलित हैं। चेतावनी देते हुए कहा कि यदि अधिशासी अभियंता अपने कार्य व्यवहार में बदलाव नहीं लाएंगे तो आंदोलन आगे भी बढ सकता है। उन्होंने अधीक्षण अभियंता से अनुरोध किया है कि वे संघ के आठ सूत्रीय मांगों पर गंभीरता पूर्वक विचार करें।



नलकूप खंड कार्यालय परिसर में धरना देते कर्मचारी ●जागरण

# भूमि विवाद को लेकर मारपीट, पांच पर मुकदमा

**वाल्टरगंज, बस्ती** : वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के पोखरभिटवा गांव निवासी सूरज ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि रविवार को गांव के पास गाड़ी खराब हो जाने पर वे रूककर उसे ठीक कर रहे थे। इसी बीच वहां पहुंचे गांव के ही कुछ लोगों ने भूमि विवाद को लेकर अपशब्द व जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया। बहन लक्ष्मी ने उन्हें मना किया तो उन्होंने मारा पीटा और जानमाल की धमकी दी। पुलिस ने गांव के मोहम्मद रजा, अकबर, शमशेर, दिलशाद और आशिक अली के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दिया। (जासं)

# कार व मार्शल जीप की टक्कर में 11 लोग घायल

**जासं, रुधौली, बस्ती:** रुधौली थानाक्षेत्र के नसीबगंज चौराहे पर सोमवार की देर शाम सात बजे कार व मार्शल जीप की आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में 11 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र व ग्रामीणों ने सभी को गाड़ी से बाहर निकाला और सीएचसी भिजवाया। सिद्धार्थनगर जिले के बड़हर घाट, भरतलाल पुत्र संतराम, संतोष साहनी पुत्र मुदिरा, गोविंद पुत्र दयाराम, लक्ष्मी पत्नी मनमोहन, शनि व सत्यम पुत्रगण मनमोहन, सुधीर पुत्र अज्ञात निवासी कड़जहना, शिव कुमार पुत्र श्रीराम ग्राम खेतवाल तिवारी, प्रहलाद निषाद पुत्र सोधई ग्राम धवारी मार्शल पर बैठकर सिद्धार्थनगर से मुंबई के लिए जा रहे थे। अभी वे नसीबगंज चौराहे के पास पहुंचे ही थे की बस्ती से रुधौली की तरफ जा रही कार से मार्शल टकरा गई। हादसे में मार्शल सवार के अलावा कार सवार दो सगे भाई शेख फैज, शेख जैक पुत्रगण रियाजुल हसन भी घायल हो गए।

# गैंगस्टर एक्ट में दो वर्ष का सश्रम कारावास

**जासं, बस्ती:** अपर जिला सत्र न्यायाधीश प्रभानाथ त्रिपाठी ने गैंगस्टर के आरोपित शानू गौड़ उर्फ पंडित को दो वर्ष के सश्रम कारावास व पांच हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। अर्थदंड न अदा करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

अपर शासकीय अधिवक्ता रामप्रकाश दुबे ने अदालत में कहा कि 31 अक्टूबर 2020 को प्रभारी निरीक्षक सोनहा अटल विहारी ठाकुर ने थाना में तहरीर देकर कथन किया कि शिवपूजन वर्मा पुत्र बेचन वर्मा निवासी रुस्तमपुर थाना सोनहा जनपद बस्ती का एक संगठित गिरोह है, वहीं गैंग लीडर है। जनता का कोई भी व्यक्ति इनके विरुद्ध गवाही एवं पुलिस को सूचना देने की हिम्मत नहीं करता है। शिवपूजन वर्मा व उसके गैंग का सदस्य शानू गौड़ उर्फ पंडित निवासी कंजड़ टोला थाना कोतवाली जनपद बस्ती के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होकर आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया। शिवपूजन की पत्रावली अलग से चल रही है।

जागरण

# चोरी की पांच एंड्रायड मोबाइल के साथ दो आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बस्ती:** पुरानी बस्ती पुलिस द्वारा इंस्टाकार्ट वेयर हाउस के गोदाम में हुई मोबाइल चोरी की घटना का पर्दाफाश कर दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से चोरी की पांच एंड्रायड मोबाइलें व मोबाइल बेंच कर अर्जित किया 1400 रुपये बरामद किया है।

थानाध्यक्ष पुरानी प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि 26 अगस्त को प्लास्टिक कांप्लेक्स स्थित से इंस्टाकार्ट वेयर हाउस के मैनेजर अंबरीश शुक्ल ने पुरानी बस्ती थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनके गोदाम से आठ महंगे मोबाइल चोरी हो गए हैं। पुलिस मुकदमा दर्ज मामले की जांच पड़ताल कर रही थी। इसी बीच पुलिस की विवेचना के दौरान दो नाम प्रकाश में आए। इनमें सुहेल निवासी लोनहा थाना रधौली और उस्मान निवासी अमानाबाद थाना मुंडेरवा जनपद बस्ती शामिल हैं। पुलिस ने संदिग्ध वाहन व वस्तुओं की चेकिंग के दौरान दोनों को रविवार की शाम राजेंद्र चौराहे से गिरफ्तार कर लिया। सुहेल के पास तीन स्मार्ट फोन और आठ सौ रुपये तथा उस्मान के कब्जे से दो स्मार्ट फोन व 600 रुपये बरामद किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर दोनों के विरुद्ध मुकदमें में भादवि की धारा 411, 414 बढ़ाई गई। आरोपितों को गिरफ्तार करने में थानाध्यक्ष, सुदीप कुमार यादव, हेड कां. महेश राय, सत्येंद्र कुमार प्रथम, सत्येंद्र कुमार द्वितीय, अभिषेक कुमार तिवारी, अजय कुमार यादव शामिल रहे।

**इंस्टाकार्ट वेयर हाउस के मैनेजर ने पुरानी बस्ती थाने में तहरीर देकर बताया था कि उनके गोदाम से चोरी हो गए हैं आठ महंगे मोबाइल**

# किशोरी को भगा ले गया आरोपी पर मुकदमा दर्ज

बस्ती। हर्रैया थाने में तहरीर एक महिला ने आरोप लगाया है कि उनकी बड़ी बहन की सोलह वर्षीय बेटी को युवक गलत नीयत से बहला-फुसलाकर अपने साथ 11 नवंबर को भगा ले गया। पुलिस ने अनूप उर्फ प्रिंस पता अज्ञात पर केस दर्ज कर खोजबीन शुरू कर दी है। संवाद

---

# बाराबंकी से भटककर आई बालिका मिली

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** मुंबई से बाराबंकी जिले में शादी समारोह में शामिल होने आई नाबालिग बालिका भटककर बस्ती पहुंच गई थी, जिसे सोमवार को न्याय पीठ बाल कल्याण समिति ने आवश्यक कार्रवाई के बाद परिजनों को सौंप दिया। बेटी को पाकर परिजन खुशी से झूम उठे।

यह बालिका मुंबई के थाने जनपद के गैबी नगर की निवासी है। वह अपने घर वालों के साथ बाराबंकी जनपद में अपने रिश्तेदार के घर विवाह समारोह में शामिल होने आई थी। विवाह समारोह के बाद रेलवे स्टेशन से यह बालिका घरवालों के साथ मुंबई जाने वाली ट्रेन के बजाय, गोरखपुर जाने वाली गाड़ी में बैठ गई।

बस्ती रेलवे स्टेशन पर बालिका को देखकर आरपीएफ ने चाइल्ड लाइन के कार्यकर्ताओं को बुलाकर सौंप दिया था। चाइल्ड लाइन ने 12 नवंबर को बालिका को न्याय पीठ के समक्ष प्रस्तुत किया।

# गैंगस्टर के आरोपी को दो वर्ष तीन माह की कैद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बस्ती।** न्यायालय सप्तम अपर जिला सत्र न्यायाधीश प्रभानाथ त्रिपाठी की अदालत ने उत्तर प्रदेश गिरोह बंद समाज विरोधी क्रिया कलाप अधिनियम में शानु गौड़ उर्फ पंडित को दो वर्ष तीन माह की सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

न्यायालय ने आरोपी पर पांच हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। इसे अदा न करने पर एक माह की अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

जिला अपर फौजदारी शासकीय अधिवक्ता रामप्रकाश दुबे ने अदालत को बताया कि 31 अक्तूबर 2020 को प्रभारी निरीक्षक सोनहा अटल विहारी ठाकुर ने थाने में तहरीर देकर

**न्यायालय ने आरोपी पर लगाया पांच हजार का अर्थदंड**

बताया कि कोतवाली थाना क्षेत्र के कंजड़ टोला निवासी शानू गौड़ उर्फ पंडित संगठित गिरोह का सक्रिय सदस्य है। यह समाज में भय पैदाकर आर्थिक व भौतिक लाभ के लिए चोरी व नकबजनी जैसा अपराध करता है।

शानू का समाज में इतना भय है कि इसके विरोध में कोई कुछ बोलने को तैयार तक नहीं होता। डीएम ने 31 अक्तूबर 2020 में इस पर गैंगस्टर की कार्रवाई के लिए अनुमोदन दिया था। विवेचक ने विवेचना के दौरान न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया। इसमें छह गवाहों ने गवाही दी।

# वारंट बी पर अभियुक्त तलब

**बस्ती।** मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने लूट के मामले में अभियुक्त आदित्य दुबे निवासी चैनपुर, थाना सिसवन, जिला सिवान, बिहार को तलब कर रिमांड स्वीकृत किया। अभियुक्त केंद्रीय कारगर मुजफ्फरनगर से वारंट बी पर लाया गया है। अभियोजन अधिकारी संजय शुक्ला ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट को बताया कि पुरानी बस्ती थाना में लूट का मुकदमा अज्ञात के नाम दर्ज है। विवेचना के दौरान प्रकाश में आया कि अभियुक्त ने ट्रक ड्राइवर को कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ पिलाकर ट्रक लूट लिया था। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट तारकेश्वरी सिंह ने

# मोबाइल फोन चोरी की घटना का पर्दाफाश, दो गिरफ्तार

## 26 अगस्त को हुई थी घटना, आरोपियों में एक कर्मचारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने करीब चार महीने पहले प्लास्टिक कांपलेक्स स्थित एक वेयरहाउस से आठ महंगे स्मार्ट फोन चोरी की घटना का पर्दाफाश कर दिया।

पुलिस के अनुसार, वेयरहाउस में नौकरी करने वाले सुहैल ने इस घटना को अंजाम दिया था। उसने अपने एक साथी की मदद से चुराए हुए तीन मोबाइल फोन को बेच चुका था।

बाकी मोबाइल फोन को बेचने की फिराक में था। उसके पहले ही पुलिस ने दोनों को दबोच लिया।

एसओ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस ने चोरी के पांच मोबाइल फोन, एक बिना नंबर की बाइक और 14 सौ रुपये बरामद किए हैं।

### आठ कीमती मोबाइल फोन चोरी होने के बाद दर्ज कराया गया था मुकदमा

26 अगस्त को वेयरहाउस के मैनेजर अंबरीश शुक्ला ने तहरीर देकर बताया था कि उनके प्रतिष्ठान से आठ महंगे स्मार्टफोन चोरी कर लिए गए हैं।

जांच में जुटी पुलिस ने राजेंद्र चौराहा के पास से आरोपी सुहेल, निवासी लोनहा, थाना रुधौली और उसके साथी उस्मान, निवासी अमानाबाद, थाना मुंडेरवा को गिरफ्तार कर लिया।

उनके कब्जे से पांच चोरी के मोबाइल फोन भी बरामद कर लिए गए। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि सुहैल प्लास्टिक कांपलेक्स स्थित इंस्टाकार्ट वेयरहाउस में नौकरी करता था।

सैलरी से काम नहीं चल पाता था, इस लिए उसने गोदाम से चोरी करने की योजना बनाई।

इसके बाद उसने अलग-अलग दिन में वेयरहाउस से कुल आठ मोबाइल फोन चुरा लिए थे। जब मैनेजर को गोदाम से मोबाइल फोन चोरी होने की जानकारी हुई तो सुहैल ने नौकरी छोड़ दी थी। उसके बाद अपने साथी उस्मान को चोरी के मोबाइल फोन बेचवाने पर हिस्सा देने की बात कहकर तैयार कर लिया था।

# लंबी है बर्खास्त सिपाही के गुनाहों की फेहरिस्त

## पुलिस कर रही गैंगस्टर के तहत कार्रवाई करने की तैयारी, नौ वर्ष तक पुलिस का रहा हिस्सा

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** वाहन चोरी के आरोप में गिरफ्तार किए गए झांसी के बर्खास्त सिपाही परवेज के गुनाहों की फेहरिस्त लंबी है। वह केवल वाहन चोरी के गिरोह का ही सरगना नहीं, बल्कि हत्या, गैंगस्टर, चोरी जैसे अपराधों में भी लिप्त रहा है। पुलिस उसके विरुद्ध गैंगस्टर की कार्रवाई की तैयारी कर रही है।

रविवार को जेल भेजे जाने से पहले पुलिस ने उससे लंबी पूछताछ की तो नई बस्ती, कोतवाली झांसी निवासी परवेज ने बताया कि वह 1995 बैच का सिपाही था। उत्तराखंड राज्य बनने के बाद 2000 से 2009 तक उत्तराखंड पुलिस का हिस्सा बना।

नैनीताल पुलिस लाइंस में टेलीफोन ड्यूटी पर तैनात रहा, मगर बाद में फिर उत्तर प्रदेश के लिए रिलीव हो गया।

**अमर उजाला फॉलोअप**

### आरोपी पर तीन हत्या समेत दर्ज हैं 10 मुकदमे

आपराधिक घटनाओं में शामिल होने की वजह से परवेज को 2016 में नौकरी से बर्खास्त कर दिया था। पुलिस के अनुसार, परवेज पर झांसी कोतवाली में हत्या के दो व हत्या के प्रयास के चार मुकदमे दर्ज हैं।

2006 में थाना स्वरूप नगर, जनपद कानपुर नगर में तैनाती के दौरान उस पर हिरासत में आरोपी की हत्या के आरोप में पहला मुकदमा दर्ज किया गया था। 2010 में थाना कोतवाली जनपद उन्नाव में हत्या और लूट का मुकदमा दर्ज हुआ। उसके बाद उस पर गैंगस्टर लगा था। थाना नवाबाद जनपद झांसी की पुलिस ने नंबर बदलकर चोरी की कार के साथ उसे गिरफ्तार किया था।

2019 में थाना ग्वालटोली कानपुर नगर में फिर उस पर हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ। इसी वर्ष थाना कल्याणपुर जनपद कानपुर नगर पश्चिमी में वाहन चोरी का मुकदमा दर्ज हुआ था।

2020 में नैनीताल पुलिस ने इसके गिरोह का पर्दाफाश कर तीन लग्जरी कार बरामद की थी। पुलिस के मुताबिक, अब तक पांच बार वह जेल भेजा जा चुका है। सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय ने बताया कि इसके बारे में कानपुर, झांसी पुलिस से और भी ब्योरा मंगाया जा रहा है। उसके खिलाफ गैंगस्टर की कार्रवाई की जाएगी।

### बदल देता था कार का सिस्टम

पूछताछ में पता चला कि कार चोरी करते समय वह सबसे पहले वाहन का बोनट खोलता था। उसके बाद स्टेयरिंग का लॉक तोड़ देता था। उसके बाद गाड़ी की बैक लाइट तोड़कर पूरी गाड़ी के लाइटिंग सिस्टम को खत्म करके वहां से अपना सॉफ्टवेयर इंस्टाल कर देता था। उसके बाद पूरी गाड़ी का आटोमेटिक सिस्टम बदल जाता था।

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-11-2022

# पुलिस ने प्रेमी युगल की थाने में कराई शादी

**भवानीगंज(एसएनबी)।** भवानीगंज थाने की पुलिस ने थाने पर प्रेमी युगल की शादी कराई है। बताते चले कि रेनू गौतम पुत्री स्वर्गीय आसाराम उम्र 19 वर्ष ग्राम हिसामुद्दीन पुर थाना भवानीगंज सिद्धार्थनगर व लड़का डब्लू उर्फ गोलू कौशल रामनिवास उम्र लगभग 20 वर्ष ग्राम भिटौरा भवानीगंज को दिन में लगभग तीन बजे लड़की को मिलने के लिए बुलाया। उसी दिन से लड़की गायब थी 13 नवंबर को लड़की लक्खन जोत ( रजाई भारी )जंगल के पास मे बैठी थी जिसको उसके परिजन जाकर घर ले आए और अब लड़की तथा लड़के के सहमति से दोनों लोग की शादी भवानीगंज थाना प्रांगण में बने राम जानकी मंदिर मे गांव के कुछ संभ्रांत व्यक्तियों की मौजूदगी में हिंदू रीति रिवाज से कराई गई इस मौके पर प्रधान हिसामुद्दीन पुर अवधेश कुमार, पूर्व प्रधान हिसामुद्दीनपुर राजेश चौधरी, ग्राम प्रधान भैसहिया प्रतिनिधि सालिक राम वर्मा, पूर्व प्रधान भैसहिया लल्ला प्रसाद वर्मा, रघुराम, तिलकराम, चंद्रहास कुमार, रामकुमार, राधेश्याम कौशल, सत्यनारायण, तिलकराम, उत्सर्जन, ग्राम प्रधान भिटौरा पप्पू जायसवाल, जितेंद्र कौशल, विनोद कौशल मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक गौरव सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के 2 गांव के दो प्रेमी युगल की शादी दोनों परिवारों की सहमति से कराई जा रही है।

# दाह संस्कार में गए युवक की बाइक चोरी

**जोगिया :** बूढ़ी राप्ती नदी के तट पर दाह-संस्कार में शामिल होने गए युवक की बाइक सोमवार को पुल के किनारे से गायब हो गयी। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित युवक चिल्हिया थाना क्षेत्र के करौंदा नानकार निवासी मनोज कुमार मिश्रा ने कोतवाली में तहरीर देकर कहा कि वह ककरही घाट पर अपने एक शुभचिंतक के दाह-संस्कार में शामिल होने आए थे। पुल के नीचे वाहन नहीं जा सकता था, इसलिए अपनी बाइक राष्ट्रीय राजमार्ग से सटे पुल के किनारे खड़ी कर घाट पर चले गए। वापस लौटे तो बाइक गायब थी। जोगिया पुलिस का कहना है तहरीर मिली है कार्रवाई की जा रही है। (जासं)

# विवाहिता की मौत, पति समेत तीन पर केस

उस्का बाजार, हिन्दुस्तान संवाद। उस्का बाजार थाना क्षेत्र के कुसम्ही गाव में रविवार की रात एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतका के पिता ने ससुरालियों पर बेटी का गला दबा कर हत्या करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मृतका के पति, ससुर व एक अन्य के खिलाफ हत्या को केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। जोगिया कोतवाली क्षेत्र के सुगोरा गांव निवासी श्रीचंद दुबे पुत्र केशवनाथ ने उस्का

- उस्का बाजार थाना क्षेत्र के कुसम्ही गांव का मामला
- महिला के पिता की तहरीर पर कार्रवाई में जुटी पुलिस

बाजार थाना में सोमवार को तहरीर देकर कहा है कि उसकी बेटी अर्चना पांडेय (28) की शादी उस्का बाजार थाना के कुस्महीं गांव निवासी नागेंद्र नाथ पांडेय के साथ 10 साल पहले हुई थी। रविवार रात बेटी का गला दबा कर मार डालने की सूचना प्राप्त हुई है। उसने हत्या का जिम्मेदार मृतका के पति नागेंद्र नाथ पांडेय पुत्र नंद किशोर पांडेय, ससुर नंद किशोर पुत्र राम प्रसाद पांडेय व एक अन्य रामप्रसाद पुत्र अज्ञात को बताते हुए केस दर्ज कर कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने तहरीर के आधार पर मृतका के पति, ससुर व एक अन्य के खिलाफ धारा 302 के तहत केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। उस्का बाजार थानाध्यक्ष राजेश कुमार तिवारी ने बताया कि तीन के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# खुली नाली में गिर रहे मवेशी, ग्रामीण परेशान

पथरा बाजार। जिला पंचायत की ओर से पथरा बाजार कस्बे से सटे उत्तर दिशा में बनकटा मार्ग के बगल में नाली का निर्माण कराया गया है। नाली के कुछ हिस्से पर ढक्कन लगा है और अधिकांश खुला है। इसी रास्ते से गांव के मवेशियों का आना-जाना रहता है। खुली नाली के चलते कई बार मवेशी उसमें गिर जाते हैं और कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीण उन्हें निकाल पाते हैं।

# बरामदे में खड़ी बाइक उठा ले गए चोर

चिल्हिया। शोहरतगढ़ कस्बा के वार्ड नंबर पांच बाल्मिकी नगर में रविवार रात एक घर के बरामदे में खड़ी बाइक चोरी हो गई। बाइक स्वामी ने सोमवार को शोहरतगढ़ थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। शोहरतगढ़ कस्बे के बाल्मिकी नगर निवासी रिंकू वर्मा ने थाने पर तहरीर देकर बताया कि रविवार की रात अपने चाचा को शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन छोड़ कर बाइक को बरामदे में खड़ी कर कमरे में सोने चला गया।

# प्रेम प्रसंग में फरार जोड़े की मंदिर में हुई शादी

**जासं, भवानीगंज**: प्रेम प्रसंग में एक-दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें खाने के साथ प्रेमिका प्रेमी के साथ फरार हो गई। बड़ी बहन ने थाने में तहरीर देकर एक युवक पर बहन को फुसला कर भगा ले जाने की तहरीर पुलिस को दिया।

तहरीर के अनुसार थाना क्षेत्र के पुरैना गांव के भिटौरा निवासी गोलू कौशल का पिछले छह महीनों से थाना क्षेत्र के ही हिसामुद्दीनपुर गांव के रेनू पुत्री आशाराम से प्रेम प्रपंच चल रहा था, जिस पर स्वजन विरोध कर रहे थे। बीते 12 नवंबर की शाम गोलू अपनी प्रेमिका रेनू को लेकर फरार हो गया। गोलू को जब तहरीर पड़ने की सूचना मिली तो वह रेनू को लखखन जोत थाना खोड़ारे जिला गोंडा में 13 नवंबर की सुबह छोड़कर भाग गया। प्रेमिका ने सारा मामला पुलिस को बताया तो पुलिस ने गोलू को पकड़ लिया और इसकी सूचना दोनों के स्वजन को दी। सोमवार की दोपहर दोनों पक्षों की सहमति से पुलिस की मौजूदगी में मंदिर में विवाह कराया गया।

# थाने में पुलिस ने कराई प्रेमी युगल की शादी

**भवानीगंज**। भवानीगंज थाने की पुलिस ने सोमवार को थाने में विधि-विधान से प्रेमी युगल की शादी करा दी। इसके बाद वे घर चले गए। क्षेत्र के एक गांव की युवती का बगल के ही गांव के एक युवक से प्रेम प्रसंग चल रहा था। 12 नवंबर को लड़की को मिलने के लिए सिवान में बुलाया। 13 नवंबर को लड़की लक्खन जोत रजाईभारी जंगल के पास में बैठी थी। उसके परिजन उसे घर ले आए। सोमवार को संभ्रांत व्यक्तियों की मौजूदगी में शादी संपन्न कराई गई। संवाद

# प्रेमी ने काटा था महिला का होठ

संवाद न्यूज एजेंसी

सिद्धार्थनगर। सदर थाना क्षेत्र एक गांव में चार नवंबर की रात महिला का होठ काटने के आरोपी को पुलिस ने ढूंढ निकाला। सोमवार को पुलिस ने दावा किया कि होठ काटने वाला महिला का प्रेमी ही है। बच्ची को अगवा करने की कहानी महिला ने ही गढ़ी थी। आरोपी ने पूछताछ में यह बात स्वीकार की है। उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

कोतवाल सदर अजय कुमार यादव ने बताया कि चार नवंबर को सदर थाना क्षेत्र के एक गांव में संदिग्ध हाल में एक महिला का होठ काट लिया गया। महिला के पिता ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि पुत्री की तीन वर्षीय बेटी को कोई अगवा करके भाग रहा था। छुड़ाने गई 28 वर्षीय बेटी ने लड़कर अपनी तीन वर्षीय बेटी को छुड़ा लिया, लेकिन आरोपी ने हमला करके उसका होठ काट लिया। वह लहूलुहान हो गई। उसका गोरखपुर मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है।

## पुलिस ने अंग क्षतिग्रस्त करने के आरोप में किया गिरफ्तार

तहरीर के आधार पर अपहरण और हमले का केस दर्ज करके मामले की जांच की जा रही थी। जांच में पाया गया कि महिला ने अपहरण की झूठी कहानी गढ़ी है। उसके प्रेमी ने उसका होठ काटा है। सर्विलांस से मिली जानकारी के आधार पर मोहाना थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी प्रेमी गोविंद सोनकर को दबोच लिया गया।

पूछताछ में उसने बताया कि उसका महिला से दो वर्ष से संबंध था। वह राजस्थान में रहकर मजदूरी करता था। महिला के बुलाने पर वह आया था। मिलते ही समय उसने दांत से होठ काट लिया था। होठ को क्यों काटा यह जानकारी नहीं दी। पूछताछ के बाद आरोपी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# SANT KABEER NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-11-2022

# यूपी पुलिस को लगाया प्रतीक चिन्ह

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर और राष्ट्र की 75 साल की अथक सेवा के सम्मान स्वरुप पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश द्वारा राज्य पुलिस के लिए नये प्रतीक चिन्ह का विमोचन एवं अंगीकरण किया गया है। इस क्रम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार द्वारा पुलिस कार्यालय पर अधिकारियों-कर्मचारियों के वर्दियों पर नये प्रतीक चिन्ह को लगाया गया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश पुलिस के सभी रैंक सम्मान स्वरुप इस प्रतीक चिन्ह को वर्दी पर धारण करेंगे। यह प्रतीक चिन्ह वर्दी के दाहिने हिस्से में नेम प्लेट के ऊपर पहना जाएगा। इस मौके पर सीओ सदर अंशुमान मिश्र, सीओ लाइन अम्बरीश भदौरिया सहित अन्य पुलिसकर्मी उपस्थित रहे।

# दो पक्षों में मारपीट, नौ पर केस

**बखिरा (एसएनबी)।** बखिरा थाना क्षेत्र के ग्राम देवलसा में पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार को मारपीट हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों पक्षों के 09 लोगों पर केस दर्ज किया है। प्रथम पक्ष के रामकेश पुत्र अदालती ने कहा है कि सोमवार की सुबह 08 बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के श्रीकांत पुत्र रामदास समेत चार लोगों ने उसे व उसके परिजनों को मारपीट कर घायल कर दिया और मोटरसाईकिल भी तोड़ दी। दूसरे पक्ष के श्रीकांत पुत्र रामदास ने दी गई तहरीर में कहा है कि सोमवार की सुबह लगभग 08 बजे गांव के ही रामकेश पुत्र अदालती समेत पांच लोगों ने उसके घर में घुसकर उसे व उसके परिजनो को मारपीट कर घायल दिया।

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग : 5485 ने दिया फीडबैक

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** पब्लिक अप्रूवल रेटिंग (पीएआर) सिस्टम के वोटिंग में संतकबीरनगर पुलिस को माह अक्टूबर में 5485 लोगों ने अपना फीडबैक दिया है। जिसमें एफआईआर/एनसीआर में कुल फीडबैक का 96.0 प्रतिशत और ासपोर्ट एण्ड कैरेक्टर वेरीफिकेशन में कुल 97.0 प्रतिशत लोगों ने अतिउत्तम वर्ग में अपना वोट दिया है। अपर पुलिस महानिदेशक, गोरखपुर जोन, गोरखपुर अखिल कुमार द्वारा कराये गए पब्लिक अप्रूवल रेटिंग/सर्वेक्षण के अन्तर्गत जनपद संतकबीरनगर पुलिस की कार्य प्रणाली (ट्विटर, डॉयरेक्ट पोल, यू.पी.-112, आईजीआरएस एवं जनपद के समस्त थानों पर पंजीकृत अभियोगों (प्रथम सूचना रिपोर्ट-एनसीआर) व पास्पोर्ट व कैरेक्टर वेरीफिकेशन के संबंध में पूर्व में कराये वोटिंग में संतकबीरनगर को डायरेक्ट पोल पर 2918, ट्वीटर पोल पर 1322, यूपी 112 के पोल पर 508, वादियों द्वारा पंजीकृत कराए गए एफआईआर/एनसीआर पर 198, आईजीआरएस में 135 व पासपोर्ट एण्ड कैरेक्टर वेरीफिकेशन में 404 व्यक्तियों सहित कुल 5485 व्यक्तियों द्वारा अपना अपना फीडबैक दिया गया। संतकबीरनगर पुलिस के कार्यों का डायरेक्ट पोल पर कुल फीडबैक का 95.1 प्रतिशत, ट्वीटर पोल पर कुल फीड बैक का 87.1 प्रतिशत, एफआईआर-एनसीआर में कुल फीडबैक का 96.0 प्रतिशत, यूपी 112 के कुल फीड बैक का 79.8 प्रतिशत, आईजीआरएस में फीडबैक का 65.1 प्रतिशत व पासपोर्ट एण्ड कैरेक्टर वेरीफिकेशन में कुल 97.0 प्रतिशत लोगों ने अतिउत्तम वर्ग में अपना वोट दिया। आम लोगों के द्वारा जनपद पुलिस की कार्यशैली के संबंध में प्रत्येक माह एक तारीख से 7 तारीख तक पब्लिक अप्रूवल रेटिंग के अन्तर्गत डायरेक्ट पोल, ट्वीटर पोल आदि के माध्यम से अपना फीडबैक दे सकते है।

# घेराबंदी कर पुलिस ने तीन बदमाशों को दबोचा

मेंहदावल (एसएनबी)। मेंहदावल थाना क्षेत्र के उत्तर पट्टी निवासी संकेश्वर गुप्ता के घर में घुसकर जबरन रंगदारी मांगने व जानलेवा हमला करने के मामले में तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 02 अदद अवैध कट्टा 12 बोर, 02 अदद जिंदा कारतूस 12 बोर और 01 अदद नाजायज चाकू बरामद किया है। पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय/जेल रवाना किया। थाना मेंहदावल पुलिस क्षेत्र की देखभाल व शांति व्यवस्था ड्यूटी हेतु कस्बा मेंहदावल पर उपस्थित थी कि सूचना मिली कि संकेश्वर गुप्ता पुत्र राहुल गुप्ता निवासी उत्तरपट्टी थाना मेंहदावल के घर पर 03 अज्ञात बदमाश असलहा लेकर जबरदस्ती घर में घुस कर ₹ की मांग कर रहे हैं। इस सूचना पर उ.नि. लालजी यादव, उ.नि. ओमप्रकाश यादव, कां. नवतेज सिंह, कां. बृजेश सिंह, चीता मोबाइल कां. रत्नेश सिंह व कां. अखिलेश पाण्डेय के साथ संकेश्वर गुप्ता के घर को घेर कर तलाशी लेने पर पहुंचे। जहां तीन अभियुक्तों रिपुन्जय सिंह उर्फ राणा सिंह निवासी सोनौरा थाना मेंहदावल, प्रशान्त सिंह उर्फ अंकुर सिंह निवासी बारागद्दी थाना मेंहदावल और विनय शर्मा पुत्र चौथी शर्मा निवासी सरैया थाना कोतवाली खलीलाबाद को पकड़ा और इनके पास से 02 अदद अवैध कट्टा 12 बोर, 01 अदद नाजायज चाकू बरामद किया। बदमाशों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उन्हें न्यायालय रवाना किया गया।

## कोर्ट का आदेश बीडीओ, एडीओ पं., सचिव व प्रधानपर केस

### सांथा ब्लाक का मामला

संतकबीरनगर (एसएनबी)। बेलहर थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोइठहा निवासिनी एक महिला की शिकायत के बाद कोर्ट के निर्देश पर बेलहर पुलिस ने सांथा ब्लाक के बीडीओ, एडीओ पं., सचिव व ग्राम प्रधान समेत सात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया है।

पीड़िता ने ग्राम पंचायत गोइठहा स्थित सामुदायिक शौचालय पर सफाईकर्मी की नियुक्ति ग्राम पंचायत में संचालित हो रहे स्वयं सहायता समूह का करने के बजाय नियमविरुद्ध तरीके से करके ग्राम प्रधान के चहेते को चोरी-छिपे करने का आरोप लगाते हुए विभागीय उच्चाधिकारियों के साथ ही एसपी से भी की थी लेकिन मामले में कोई कार्रवाई न होने पर महिला ने न्यायालय की शरण ली थी। मीना देवी पत्नी कायाराम उर्फ सदावृज ग्राम गोइठहा बाजार थाना बेलहर विकास खंड सांथा ने कहा है कि ग्राम सभा में दिव्या महिला सहायता समूह के एक समूह चलता है। जिसका गठन 09 अप्रैल 2021 को हुआ था जिसके कुल 12 सदस्य हैं। गांव में सफाई कर्मी की नियुक्ति ग्राम प्रधान व ग्राम पंचायत सचिव ने आपसी मिलीभगत षड्यंत्र पूर्व नियम कानून को ताक पर रखकर बिना किसी सूचना मुनादी के नए समूह का गठन कराकर इसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान के कार्यों में करने वाले गांव के राकेश शर्मा पत्नी सुनीता शर्मा की नियुक्ति करवा ली।

जानकारी होने पर विकास भवन कार्यालय जाकर संबंधित अधिकारियों को शिकायती प्रार्थना पत्र दिया। जिसके संबंध में खंड विकास अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था। बार-बार संबंधित अधिकारी के पास जाती रही परंतु संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुआ और प्राथमिक के समूह का शौचालय का आवंटन नहीं हुआ।

पूरे प्रकरण में रामकेश शर्मा जो अपने आपको ग्राम पंचायत का फर्जी रूप से प्रतिरूपण धारण करके प्रधान का प्रतिरूपण बन कर बताता है और व्हाट्सएप फेसबुक पर अपने नाम के आगे फर्जी रूप से प्रधान लिखता है जबकि प्रधान अनुसूचित जाति महिला प्रियंका है। आम जनता को गुमराह कर रहा है फर्जी प्रधान को फर्जी हस्ताक्षर बनाकर सारा काम करता है। ग्रामसभा गोइठहा भोली भाली जनता को गुमराह कर कपट एवं एवं धोखाधड़ी कर जो पद का उसे उसके पास नहीं है उसका प्रदर्शन कर जनता को ठग रहा है और लाभ प्राप्त कर रहा है जिसकी पूरी जानकारी ब्लाक के अधिकारियों को भी है।

## नियमों का पालन ही दुर्घटना से बचाव

धनघटा (एसएनबी)। यातायात नियमों का उल्लंघन करने से ही आए दिन मार्ग दुर्घटनाएं होती हैं। सफर के दौरान यातायात नियमों का पालन करके ही मार्ग दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सकेगा। उक्त बातें यातायात माह के तहत धनघटा क्षेत्र के जेएनयू विद्यालय कौल्हौ में सोमवार को आयोजित जागरूकता गोष्ठी में यातायात नियमों के प्रति उपस्थित लोगों को जागरूक करते हुए प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कही। प्रभारी निरीक्षक श्री सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने से आए दिन लोग मार्ग दुर्घटना का शिकार होकर दम तोड़ रहे है और शरीर से भी अपाहिज हो जा रहे है जिससे दुर्घटना के शिकार व्यक्ति का परिवार बिखर जाता है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि बाइक चलाते समय हेलमेट लगाकर, चार पहिया वाहन से सफर करने के दौरान सीट बेल्ट लगाकर तथा सफर के दौरान नशे के सेवन से दूर रहकर मार्ग दुर्घटनाओं से बचाव किया जा सकता है।

## दहेज की मांग को लेकर विवाहिता की पिटाई

# पति समेत सास व देवर नामजद

**धनघटा (एसएनबी)**। धनघटा थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी एक विवाहिता को दहेज की मांग को लेकर उसके पति समेत सास और देवर द्वारा मारपीट कर बुरी तरह से घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में पीड़ित विवाहिता की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति समेत सास और देवर के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर घटना की छानबीन शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार धनघटा थाना क्षेत्र के कोड़ईचा गांव निवासी नन्दलाल की बेटी प्रमिला की शादी पूर्व में धनघटा थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी कन्हैयालाल पुत्र श्यामबली के साथ हुई है। घटना के सम्बन्ध में थाना क्षेत्र के कंचनपुर गांव निवासी पीड़ित विवाहिता प्रमिला पत्नी कन्हैयालाल ने बताया कि शादी में उसके माता पिता ने अपनी क्षमतानुसार उपहारस्वरूप दान दहेज भी दिया था लेकिन शादी के बाद जब से वह ससुराल आई तभी से उसके पति सहित सास और देवर शादी में दहेज कम लाने तथा शादी में बाइक न मिलने को लेकर रोज ताना मारते रहते है। नकदी और बाइक की मांग मायके से करने के लिए उक्त सभी उसके उपर लगातार दबाव बनाते रहते है लेकिन उसके द्वारा मायके के लोगो से बाइक और नकदी मागने से इनकार करने पर उक्त सभी उसे तरह तरह से प्रताड़ित करते है। शनिवार की शाम इसी बात को लेकर सास ताना मारने लगी तो उसके द्वारा विरोध किया गया तो सास इसरावती देवी पत्नी श्यामबली और देवर देवीलाल उर्फ वृजभान पुत्र श्यामबली उसके पति को उसकी पिटाई करने के लिए ललकारने लगे जिसपर पति से उसे बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया साथ ही जान से मार देने की सभी धमकी भी देने लगे। पीड़ित विवाहिता प्रमिला की तहरीर पर पुलिस ने उसके पति कन्हैयालाल, सास इसरावती देवी तथा देवर देवीलाल उर्फ वृजभान के खिलाफ आईपीसी की धारा 498ए,323,506,352 के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक धनघटा केडी सिंह ने कहा कि जल्द ही नामजद आरोपियों को गिरफत में लेकर क़ानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

# नाबालिग को भगाने वाले को दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक नाबालिग को भगा ले जाने वाले वांछित को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। थाना धनघटा पुलिस ने अपहरण एससीएसटी एक्ट के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त मुन्ना उर्फ वारिश अली पुत्र जुगुनू उर्फ तबरेज आलम निवासी जद्दूपट्टी थाना सिकरीगंज जनपद गोरखपुर को मुण्डेरा शुक्ल चौराहे से गिरफ्तार किया।

# एसपी ने पुलिस टीम को लगााया नया प्रतीक चिह्न

संतकबीरनगर। एसपी सोनम कुमार ने सोमवार को उत्तर प्रदेश पुलिस के लिए जारी किए गए नए प्रतीक चिन्ह सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को लगाया। एसपी ने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर राज्य पुलिस के लिए नए प्रतीक चिह्न का अंगीकरण किया गया है।

# मारपीट के मामले में नौ पर केस दर्ज

बखिरा। थाना क्षेत्र के देवलसा में सोमवार की सुबह आठ बजे हुए पुरानी रंजिश में दो पक्षो के बीच मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर कार्रवाई करते हुए कुल नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। श्रीकांत ने बताया कि पुरानी रंजिश में 14 नवम्बर क्को गांव के ही रामकेश समेत पांच लोग उसके घर मे घुस कर मारा-पीटा। दूसरे पक्ष के रामकेश ने श्रीकांत अन्य तीन लोगों पर मारपीट का आरोप लगाया।

# पुलिस ने किया अपहृता को बरामद

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने एक अपहृता को बरामदकर विधिक कार्रवाई पूरी की। थाना कोतवाली खलीलाबाद पर पंजीकृत अभियोग में अपहृता को सकुशल बरामद किया गया। पुलिस के अनुसार उक्त अपहृता के अपहरण के संबन्ध में अपहृता के परिजनों की तहरीर पर अपहरण का मुकदमा दर्ज किया गया था। सोमवार को पुलिस ने नाबालिग को सकुशल बरामद किया।

# बखिरा झील किनारे मना बाल दिवस

बखिरा, हिन्दुस्तान संवाद। पक्षी बिहार बखिरा स्थित झील किनारे सोमवार को बेसिक शिक्षा विभाग व समग्र शिक्षा के संयुक्त आयोजन में पर्यावरण संरक्षण एवं दिव्यांग हेतु जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार रहे। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर हुआ।

एसपी सोनम कुमार ने कहा कि बखिरा झील में हजारों किमी की दूरी तय करके साइबेरिया क्षेत्र से पक्षी आते हैं। इन प्रवासियों के लिए कोई सीमा नही है। पूरी धरती एक है। बच्चे देश का भविष्य है। हमें पक्षियों से सीखना चाहिए। चिड़ियों के लिए जात-पाँत, देश व धर्म का कोई मतलब नहीं है। मानव को सभी के कल्याण व विकास के लिए सतत कार्य करना चाहिए। इस तरह की स्वस्थ प्रतियोगिता हमेशा होनी चाहिए।

बीएसए अतुल तिवारी ने कहा कि जिलाधिकारी महोदय के निर्देशन में झील के किनारे यह आयोजन किया गया है। निश्चित ही यह कार्यक्रम बच्चों के विकास में सहायक होगा। बाल दिवस पर आयोजित यह कार्यक्रम छात्रों को प्रेरणा देता रहेगा। बच्चों ने बाल दिवस पर आयोजित पेंटिंग, सुलेख व रंगोली में अपनी प्रतिभा का बेतरीन प्रदर्शन किया है। दिव्यांग बच्चों का प्रयास अतुलनीय रहा। इससे पूर्व बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सुलेख, रंगोली, पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागी बच्चो को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कार व ट्राफी दिया गया।

इस अवसर पर सीडीओ अतुल मिश्र, बीडीओ बघौली श्वेता वर्मा, बीईओ बघौली निधि श्रीवास्तव, बीईओ ख़लीलाबाद अर्जुन प्रसाद, बीईओ पौली वंशीधर सिंह, बीईओ सेमरियावां आशीष सिंह, बीईओ हैंसर ध्रुव जायसवाल, बीईओ सांथा गीतांजलि मिश्र, बिनोद कुमार, अंजनी पांडेय, सुरेंद्र पाठक रहे।



बखिरा झील पर बाल दिवस के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेती छात्राएं। इस दौरान एसपी और बीएसए भी उपस्थित रहे। • हिन्दुस्तान

# व्यापारी से कट्टे के बल पर मांगी रंगदारी

**दुस्साहस**

मेंहदावल, हिन्दुस्तान संवाद। मेंहदावल पुलिस ने कस्बे के उत्तरपट्टी मोहल्ले में एक व्यापारी के घर में घुसकर कट्टा सटा कर ढाई लाख रंगदारी मांगने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। व्यापारी ने ही इस घटना की सूचना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने मौके पर पहुंच तीनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों के खिलाफ रंगदारी वसूलने, हत्या के प्रयास सहित गंभीर मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया है। इस घटना के बाद पूरे कस्बे में हड़कंप मच गया।

कस्बे के उत्तरपट्टी मोहल्ले के निवासी व्यापारी संकेश्वर गुप्ता पुत्र राहुल गुप्ता ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि रविवार की रात नौ बजे तीन लोग उसके घर में घुस आए। ढाई लाख रुपए मांगने लगे। इस दौरान उन्होंने कट्टा निकाल कर सटा दिया और तुरंत पैसा देने को कहा। संकेश्वर ने पैसा इंतजाम करने की बात कहकर घर के अंदर जाकर पुलिस को इस बात की सूचना दी। जिसके बाद प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह अपने दल बल के उक्त व्यापारी के घर पहुंच गए। जहां तीनों लोग मौजूद मिले। इनके पास से कट्टा, जिंदा कारतूस व चाकू बरामद हुआ।

- मेंहदावल के उत्तरपट्टी मोहल्ले का मामला, मौके से तीन गिरफ्तार
- रंगदारी व हत्या के प्रयास के आरोप में मुकदमा दर्ज

बदमाशों की पहचान करने पर कस्बे के ही रिपुंजय सिंह उर्फ राणा सिंह, प्रशांत सिंह उर्फ अंकुर सिंह व खलीलाबाद के विनय शर्मा के रूप में पहचान हुई। इनके ऊपर इसके पहले भी कई मामले में मुकदमे दर्ज है। पुलिस तीनों को गिरफ्तार कर मेंहदावल थाने ले आई। इसके बाद रात से ही पूरे कस्बे व आसपास के क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

मामले में प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह ने बताया घटना की सूचना मिलते ही पुलिस सक्रिय हो गई और घटना स्थल पर ही आरोपियों को धर दबोचा गया। तीनों पर तहरीर के मुताबिक हत्या के प्रयास, रंगदारी वसूलने सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। तीनो आरोपियों पर इसके पहले भी गंभीर मामले में मुकदमा दर्ज है। सभी को जेल भेजा जा रहा है और मामले के अन्य पहलुओं की जांच की जा रही है।

# 5485 लोगों ने दिया फीडबैक

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस के पब्लिक अप्रूवल रेटिंग व सर्वेक्षण में पुलिस की कार्य प्रणाली के संबंध में 5485 लोगों ने अपना फीडबैक दिया। एसपी सोनम कुमार ने बताया कि ट्विटर, डॉयरेक्ट पोल, यूपी-112, आईजीआरएस एवं जनपद के समस्त थानों पर पंजीकृत अभियोगों (प्रथम सूचना रिपोर्ट व एनसीआर) व पासपोर्ट व कैरेक्टर वेरीफिकेशन के सम्बन्ध में आम जनमानस से फीड बैक लिया गया।

पूर्व में कराई वोटिंग में जिले को डायरेक्ट पोल पर 2918, ट्विटर पोल पर 1322, यूपी 112 के पोल पर 508, वादियों द्वारा पंजीकृत कराए गए एफआईआर व एनसीआर पर 198, आईजीआरएस में 135 व पासपोर्ट व कैरेक्टर वेरीफिकेशन में 404 व्यक्तियों सहित कुल 5485 व्यक्तियों ने अपना फीडबैक दिया।

# दो पक्षों में मारपीट पिता-पुत्र पर केस

संतकबीरनगर। कोतवाली खलीलाबाद थाना क्षेत्र के उमरी कला गांव में सोमवार को दो पक्षों के बीच मारपीट का मामला प्रकाश में आया। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की तहरीर पर मामले में पिता पुत्र के विरुद्ध केस दर्जकर अग्रिम कानूनी कार्रवाई शुरू कर दिया। कोतवाल सर्वेश राय ने बताया कि उमरी कला गांव निवासी कृष्ण मुराली ने अपने शिकायत में बताया कि दिन में 12 बजे खेत में काम करते समय छोटी सी कहासुनी को लेकर सुखदेव व सैम्पुल निवासी थवईपार गाली देते हुए लात घूंसा और लाठी डंडा से मारने पीटने लगे और जानमाल की भी धमकी दी।

# घर में घुसकर रंगदारी मांगने वाले तीन गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, मेंहदावल :** मेंहदावल कस्बे में व्यवसायी के घर में घुसकर तीन शातिर बदमाशों ने तमंचा दिखाकर ढाई लाख रुपए की रंगदारी मांगी। पीड़ित परिवार ने पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस सक्रिय हुई व पहुंच गई। तीनों आरोपित पुलिस के हत्थे चढ़ गए। आरोपितों को पुलिस ने जेल भेज दिया।

रविवार की रात मेंहदावल कस्बे के उत्तर पट्टी मोहल्ले में संकेश्वर गुप्ता के घर में तीन लोग घुस गए। कट्टा व चाकू सटाकर व्यवसायी से ढाई लाख रुपए की रंगदारी मांगी। पैसा नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने पुलिस को सूचना उपलब्ध करा दी। घटना की जानकारी मिलते ही प्रभारी निरीक्षक रविंद्र कुमार सिंह मय फोर्स मौके पर पहुंच गए। तीनों आरोपित पुलिस के हत्थे चढ़ गए। आरोपितों के कब्जे से एक कट्टा, जिंदा कारतूस व चाकू भी बरामद हुआ है। पुलिस ने तीनों आरोपितों के विरुद्ध हत्या का प्रयास, रंगदारी, आर्म्स एक्ट सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। तीनों आरोपितों के विरुद्ध पूर्व में भी कई गंभीर मुकदमें पंजीकृत हैं। एक आरोपित तो हत्या जैसे गंभीर धारा में जेल जा चुका है। आरोपितों की पहचान रिपुंजय सिंह उर्फ राणा सिंह निवासी सोनौर थाना मेंहदावल, प्रशांत सिंह उर्फ अंकुर सिंह निवासी बारागद्दी, विनय शर्मा निवासी सरैया थाना कोतवाली खलीलाबाद के रूप में हुआ है। प्रभारी निरीक्षक, मेंहदावल रविंद्र सिंह का कहना है कि आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपितों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है। तीनों आरोपित शातिर बदमाश हैं। आरोपितों को जेल भेजा गया है।

# पांच लोगों के विरुद्ध बलवा व मारपीट का मुकदमा दर्ज

जागरण संवाददाता, बखिरा, संतकबीर नगर : बखिरा थाना क्षेत्र के देवलसा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर सोमवार को हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने तीन भाइयों समेत पांच के विरुद्ध बलवा व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। तहरीर में देवलसा निवासी श्रीकांत ने उल्लेख किया है कि सोमवार की सुबह आठ बजे पुरानी रंजिश को लेकर गांव के रामकेश यादव, राकेश, राजू, विनोद व अन्य ने घर में घुसकर लाठी-डंडा से बुरी तरह से पीटा। इस संबंध में थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने बताया कि आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की प्रथम आवश्यकता



बखिरा पक्षी विहार मे रंगोली सजाते बच्चे ● जागरण



बखिरा मे बच्चे को पुरस्कृत करते पुलिस अधीक्षक सोनम कुमार बाएं से दूसरे, साथ में जिला विकास अधिकारी सुदामा प्रसाद व बीएसए अतुल कुमार तिवारी ● जागरण

**जागरण संवाददाता, बखिरा, संतकबीर नगर** : पुलिस अधीक्षक (एसपी) सोनम कुमार ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण वर्तमान समय की प्रथम आवश्यकता है। सुरक्षित कल के लिए आज से ही पौधारोपण के साथ जलश्रोतों के संरक्षण के लिए लोगों को आगे आना होगा। बच्चों को आगे बढ़ने के लिए हमेशा ऊंचे सपने देखना चाहिए।

एसपी सोमवार को बखिरा पक्षी विहार पर आयोजित पर्यावरण संरक्षण एवं विज्ञान जागरूकता कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बच्चों का उत्साहित करते हुए कहा कि स्वस्थ रहने के लिए शुद्ध हवा अति आवश्यक है। जैव व वन संपदा की सुरक्षा के लिए हमें तो प्रयास करना ही चाहिए। नौनिहालों को अभी से मानसिक रूप से तैयार किया जाना चाहिए।

बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आगे बढ़ने के लिए हमेशा ऊंचे सपने देखने की आवश्यकता है। सपने वह नहीं है जो हम सोने के दौरान देखते हैं बल्कि सपने वह होते हैं जो हमें सोने नहीं देते। मेंहदावल और बघौली विकास खंड के परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सुलेख, रंगोली, लोकगीत और लोकनृत्य की प्रतिस्पर्धा भी हुई। जिला विकास अधिकारी (डीडीओ) सुदामा प्रसाद ने कहा कि शिक्षा के साथ ही विद्यालय में खेलकूद व अन्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाना चाहिए। इससे बच्चों की क्षमता बढ़ती है। बीएसए अतुल कुमार तिवारी ने कहा कि शिक्षकों को बच्चों को जीवन के व्यावहारिक पहलू के बारे में भी जानकारी देने के लिए सचेत रहना चाहिए। पर्यावरण जागरूकता एवं दिव्यांग जनों के प्रति अपने कर्तव्य का भाव जगाने के लिए संगोष्ठी उन प्रतिस्पर्धा का आयोजन किया गया। क्षेत्राधिकारी मनीष कुमार ने बखिरा झील की जय विविधता और यहां आने वाली पक्षियों एवं जीव जंतुओं के बारे में बच्चों को जानकारी दी। इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी जनार्दन यादव, अर्जुन प्रसाद, ध्रुव जायसवाल, ज्ञानचंद्र मिश्रा, गीतांजली, निधि श्रीवास्तव, विजय कुमार गुप्ता, आशीष सिंह, गिरिजेश पति त्रिपाठी, नवीन चंद्र दूबे, रजनीश समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# मृतक के लिखे पत्र का हवाला देते हुए दोषियों पर कार्रवाई की मांग

जासं, धनघटा, संतकबीर नगर : धनघटा थानाक्षेत्र के टांड़ा गांव निवासी महिला ने मृतक पति के लिखे पत्र के साथ तहरीर दी है। महिला का कहना है कि बीते रविवार की शाम के समय मृतक पति के तकिये की खोल में पत्र मिला है। उनके लिखे पत्र में उल्लेख है कि दो गांव के दो लोगों को वह दो लाख रुपयें दिए थे। ये लोग उसे पैसा लौटाने के बजाय जान-माल की धमकी दे रहे थे।

धनघटा थाने पर दी गई तहरीर में टाड़ा गांव निवासी उपासना ने उल्लेख किया है कि उनके पति राजेश की 11 नवंबर को संदिग्ध स्थिति में मृत्यु हो गयी थी। बीते रविवार की शाम के समय उनके तकिये की खोल में एक सुसाइड नोट मिला है। इसमें उन्होंने लिखा है कि नवंबर 2021 में चपरा व गरथवलिया गांव के एक-एक कुल दो व्यक्तियों को दो लाख रुपये उधार दिया था। पैसा मांगने पर ये लोग उन्हें जान-माल की धमकी दे रहे थे। इससे वह भयभीत व परेशान थे। महिला का कहना है कि इसी वजह से चिंतित रहते थे। इसकी वजह से उन्हें दिल का दौरा पड़ा और उनकी मृत्यु हो गयी। इससे उनके परिवार पर यह संकट आ गया। उन्होंने इन दोनों व्यक्तियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की है। थानाध्यक्ष केडी सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच में मामला सही मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बीडीओ, एडीओ पंचायत समेत सात पर केस दर्ज

## सफाई के लिए फर्जी तरीके से दूसरे समूह की महिला को शौचालय आवंटित करने का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

बेलहर/ संतकबीरनगर। सीजेएम कोर्ट के आदेश पर बेलहर पुलिस ने सोमवार को सांथा ब्लॉक के बीडीओ, एडीओ पंचायत, ग्राम पंचायत अधिकारी समेत सात लोगों के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया। आरोप है कि सामुदायिक शौचालय की सफाई के लिए फर्जी तरीके से दूसरे समूह की महिला को आवंटित कर दिया गया।

गोईठहा निवासी मीना देवी पत्नी कायाराम उर्फ सदाव्रक्ष का आरोप है कि उसके गांव में दिव्या महिला स्वयं सहायता समूह संचालित होता है। जिसका गठन नौ अप्रैल 2021 को हुआ। समूह में कुल 12 सदस्य हैं। आरोप है कि उसके गांव में सामुदायिक शौचालय की सफाई के लिए सफाईकर्मी की नियुक्ति होनी थी। जिसके संबंध मे ग्राम प्रधान एवं ग्राम पंचायत सचिव ने नियम को ताक पर रखकर बिना किसी सूचना एवं मुनादी के नए समूह का गठन कराया।

ग्राम प्रधान के कार्यों को करने वाले गांव के रामकेश शर्मा ने अपनी पत्नी सुनीता शर्मा की नियुक्ति करा लिया। जानकारी होने पर वह डीएम के कार्यालय सात सितंबर 2021 को गई, लेकिन डीएम से मुलाकात नहीं हुई।

उसके बाद विकास भवन जाकर संबंधित अधिकारी को प्रार्थना पत्र दी। जिसके संबंध में बीडीओ को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। बीडीओ ने एडीओ आईएसबी को जांच दिया। एडीओ आईएसबी ने जांच में मामला सही पाया। दिव्या स्वयं सहायता समूह को सफाई कर्मी की नियुक्ति के लिए पात्र पाया। जांच आख्या बीडीओ को दिया। बीडीओ ने एडीओ पंचायत को निर्देशित किया कि दिव्या स्वयं सहायता समूह को सफाई कार्य के लिए शौचालय आवंटित कर दिया जाए। इसके लिए वह बार-बार संबंधित अधिकारी के पास दौड़ लगाती रही, लेकिन उक्त के संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई।

आरोप है कि रामकेश शर्मा ने ब्लॉक के अधिकारियों से सांठगांठ करके शौचालय का आवंटन कराकर अपनी पत्नी को सफाई कर्मी नियुक्त करा दिया। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। मजबूरन कोर्ट की शरण लेनी पड़ी।

एसओ अमित कुशवाहा ने बताया कि इस मामले में रामकेश शर्मा, उनकी पत्नी सुनीता, बेटे विवेक शर्मा, प्रधान प्रियंका, ग्राम पंचायत अधिकारी अनूप कुमार, एडीओ पंचायत सांथा और बीडीओ सांथा के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया गया है।

# शिक्षक से दो लाख रुपये रंगदारी मांग रहे तीन बदमाश गिरफ्तार

## पकड़े गए तीनों आरोपियों पर पहले से दर्ज हैं हत्या, रंगदारी और मारपीट के मुकदमे

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल। नगर पंचायत मेंहदावल में रविवार की रात शिक्षक के घर में घुसकर ढाई लाख रुपये की रंगदारी मांग रहे तीन बदमाशों को पुलिस ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए बदमाशों के पास से दो कट्टा, कारतूस और चाकू मिला। पकड़े गए दो बदमाशों का पुराना आपराधिक रिकॉर्ड भी है।



मेंहदावल पुलिस की गिरफ्त में रिपुंजय, प्रशांत व अंकुर। संवाद

मेंहदावल नगर पंचायत के मोहल्ला उत्तर पट्टी निवासी प्राथमिक शिक्षक संकेश्वर गुप्ता पुत्र राहुल गुप्ता ने बताया कि सोमवार की रात उसके घर पर प्रशांत सिंह उर्फ अंकुर सिंह, विनय शर्मा, रिपुंजय सिंह उर्फ राणा सिंह पहुंचे। आरोप है कि उक्त लोग ढाई लाख रुपये की रंगदारी मांगने लगे। जब उसने विरोध किया तब तीनों लोग उसके घर में घुस कर जान से मारने की नीयत से कट्टा व चाकू सीने पर सटा दिए। आरोप है कि उक्त लोग कहने लगे कि जल्दी पैसा लाओ नहीं तो जान से मार देंगे। उसने अंदर से पैसा लाने का बहाना बनाया और मौका पाकर डायल 112 नंबर और मेंहदावल थाने की पुलिस को फोन से सूचना दे दी।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने रंगदारी मांग रहे तीनो युवकों को गिरफ्तार कर लिया। एसओ रविंद्र सिंह ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों की पहचान रिपुंजय सिंह उर्फ राणा सिंह निवासी सोनौरा, प्रशांत सिंह उर्फ अंकुर सिंह निवासी बारागद्दी मेंहदावल तथा विनय शर्मा सरैया कोतवाली खलीलाबाद के रुप में हुई है।

तलाशी में पकड़े गए आरोपियों के पास से दो कट्टा, कारतूस और चाकू बरामद हुआ। एसओ ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों पर पूर्व में कई मुकदमे दर्ज हैं। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया।

# एसपी ने जिला प्रशिक्षण केंद्र का किया उद्घाटन

संतकबीरनगर। एसपी सोनम कुमार ने सोमवार को पुलिस कार्यालय पर बने जिला प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया।

एसपी सोनम कुमार ने बताया कि जनपद में नियुक्त अधिकारियों / कर्मचारियों को सीसीटीएनएस का प्रशिक्षण दिया जाएगा, ताकि अधिक से अधिक पुलिसकर्मी सीसीटीएनएस संबंधी तकनीकी कार्यों के प्रति जागरूक हो सकें। इस मौके पर सीओ ट्रैफिक अंबरीश सिंह भदौरिया, सीओ सदर अंशुमान मिश्र, सीओ धनघटा राम प्रकाश, पीआरओ जितेंद्र यादव, डीसीआरबी प्रभारी रामआशीष यादव एवं डिस्ट्रिक्ट कोऑर्डिनेटर हेडकांस्टेबल अहमद रजा आदि उपस्थित रहे। संवाद

# सपने वह होते हैं, जो सोने नहीं देते : पुलिस अधीक्षक

## बखिरा झील के किनारे हुए कार्यक्रम में 36 विद्यालयों के बच्चों ने किया प्रतिभाग, पर्यावरण संरक्षण के लिए किया जागरूक

संवाद न्यूज एजेंसी

**बखिरा।** बाल दिवस के अवसर पर सोमवार को बखिरा झील के किनारे कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में 36 स्कूलों के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। पर्यावरण संरक्षण के लिए छात्र-छात्राओं को जागरूक किया गया। इस दौरान कई प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। मुख्य अतिथि एसपी सोनम कुमार ने कहा कि सपने वह होते हैं, जो सोने नहीं देते हैं।





बखिरा झील किनारे आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को संबोधित करते एसपी। प्रतियोगिता में भाग लेते बघौली, खलीलाबाद, सांथा के प्राथमिक विद्यालयों के बच्चे। संवाद

एसपी ने कहा कि मानव को सभी के कल्याण व विकास के लिए सतत कार्य करना चाहिए। प्रतिभागी बच्चों को देखकर एसपी भी भावुक होकर बोले कि बचपन में प्रथम स्थान आने पर अगली बार भी प्रथम आने की होड़ रहती थी। जीवन पर्यंत यह संघर्ष चलता रहता है। इस तरह की स्वस्थ प्रतियोगिता हमेशा होनी चाहिए।

बीएसए अतुल तिवारी ने कहा कि बखिरा झील के किनारे आयोजित हुआ यह कार्यक्रम डीएम की प्रेरणा से संभव हो पाया है। पर्यावरण संरक्षण पर आयोजित कार्यक्रम स्कूली छात्रों को प्रकृति को नजदीक से जानने व समझने का मौका मिलेगा।

इस अवसर पर सीडीओ अतुल मिश्र, बीडीओ बघौली श्वेता वर्मा, बीईओ बघौली निधि श्रीवास्तव, बीईओ खलीलाबाद अर्जुन प्रसाद, बीईओ पौली वंशीधर सिंह, बीईओ सेमरियावां आशीष सिंह, बीईओ हैंसर ध्रुव जायसवाल, रेनू चौधरी आदि उपस्थित रहीं।

### विजेता प्रतिभागियों को किया गया पुरस्कृत

बच्चों ने बाल दिवस पर आयोजित पेंटिंग, सुलेख व रंगोली प्रतियोगिता में अपनी प्रतिभा दिखाई। सुलेख प्रतियोगिता में स्नेहा प्रथम व रचना को दूसरा स्थान मिला। चम्मच दौड़ में दिव्यांग सोनिया को प्रथम, जबकि खुशी को दूसरा स्थान मिला। विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

# उधार दिए दो लाख वापस नहीं मिलने पर युवक ने दी थी जान

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** चार दिन पूर्व क्षेत्र के टांडा गांव निवासी युवक की हुई मौत के मामले में सोमवार को नया मोड़ आ गया। बिस्तर के नीचे मिले सुसाइड नोट में उधारी में दिए गए दो लाख रुपये नहीं मिलने की वजह से आत्महत्या किए जाने का जिक्र है।

### बिस्तर के नीचे मिले सुसाइड नोट से खुला राज

पीड़ित पत्नी ने कर्जदारों को पति की मौत का जिम्मेदार ठहराते हुए सोमवार को पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

पीड़ित पत्नी उपासना ने बताया कि 36 वर्षीय पति राजेश यादव 10 नवंबर की रात खाना खाने के बाद सोए और सुबह बिस्तर पर मृत पाए गए। सोमवार को जब बिस्तर हटाया गया तो उसके नीचे पति के जरिए लिखा सुसाइड नोट मिला।

सुसाइड नोट में पति राजेश ने लिखा है कि पिछले वर्ष नवंबर में वह क्षेत्र के रहने वाले दो लोगों को दो लाख रुपये उधार दिए थे। पैसा लेते समय एक माह के भीतर लोग लौटाने की बात कहे थे, लेकिन उक्त लोग रकम लौटाए नहीं। रकम मांगने पर उधारी लेने वाले लोग उसे मारने पीटने की धमकी दे रहे थे। आत्महत्या के जिम्मेदार उधारी में लिए गए रकम न लौट आने वाले हैं। एसओ केडी सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जा रही है।

# पुरानी रंजिश में दो पक्ष भिड़े, नौ पर केस दर्ज

बखिरा। क्षेत्र के देवलसा में सोमवार को पुरानी रंजिश में दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। पुलिस ने दोनों पक्षों के नौ लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

श्रीकांत पुत्र रामदास का आरोप है कि पुरानी रंजिश की वजह से सोमवार को गांव के ही रामकेश समेत पांच लोग गोलबंद होकर उसके घर में घुस आए। आरोप है कि अपशब्द कहते हुए लाठी डंडे से मारे-पीटे व जान से मारने की धमकी दी। जबकि दूसरे पक्ष के रामकेश पुत्र स्वर्गीय अदालती का आरोप गया कि पुरानी रंजिश की वजह से गांव के श्रीकांत अन्य तीन लोगों ने उसे अपशब्द कहा।

विरोध करने पर लाठी से मारे पीटे व जान से मारने की धमकी देते हुए इसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त कर दिए। संवाद

# GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-11-2022

# किशोर मौत मामले में नया मोड़, छह पर हत्या का केस

## कार्रवाई

वजीरगंज, संवाददाता । पेड से किशोर की लटकती मिली लाश के मामले ने नया मोड़ ले लिया है। इस मामले में मां की तहरीर पर पुलिस ने आधा दर्जन लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश भी दे रही है।

मामला वजीरगंज थाना क्षेत्र के बल्लापुरवा का है। जहां शनिवार की शाम को किशोर धर्मराज चौहान (17)वर्षीय हनुमान गढ़ी भंडारे में प्रसाद ग्रहण करने गया था। आरोप है कि वहीं पर किशोर और विपफन, रोहित, रंजीत, पुत्तीलाल उर्फ रामपाल, बरखू व निरहू से मामूली विवाद हो गया था। मृतक की मां रमरता का आरोप था कि उसी विवाद को लेकर उसके बेटे को रास्ते में दबंगों ने जमकर मारापीटा।

हल्ला-गुल्ला सुनकर ग्रामीणों ने किसी तरह छुड़ाकर उसके घर छोड़ दिया। फिर कुछ ही देर में दबंग किशोर के घर पहुंचे औद जबरन अपने साथ ले जाने लगे। जब उसने विरोध किया तो दबंगों ने कहा इसे समझाकर अभी छोड़ देता हूं। किशोर को घर से ले जाने के बाद दबंगों ने उसकी रास्ते में हत्या कर उसके शव को पेड़ से लटका दिया।

एसओ चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# गला दबाकर हुई थी हत्या, मुकदमा

- बेलवा गांव के रहने वाले युवक का पेड़ से लटका मिला था शव
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हुई गला दबाकर हत्या किए जाने की पुष्टि

मेहनौन, संवाददाता। कोतवाली इटियाथोक के बेलवा गांव के रहने वाले उमाशंकर गला दबाकर हत्या कर लाश को गांव के मुख्य मार्ग के पास लगे शीशम के पेड़ पर लटका दिया गया था। गांव वाले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने रविवार सुबह लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में युवक की गला दबा कर हत्या किए जाने की पुष्टि होने के बाद पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज किया है।

क्षेत्र में हुई युवक उमाशंकर की हत्या से पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है। मृतक के पिता ने गांव के ही एक व्यक्ति पर आरोप लगाया है। इटियाथोक पुलिस मृतक उमाशंकर और परिवार के अन्य लोगो के मोबाइल की काल डिटेल खंगालने में जुटी है। मामले में प्रभारी निरीक्षक इटियाथोक करुणाकर पाण्डेय ने बताया कि मृतक उमाशंकर की पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि हुई है। करुणाकर पाण्डेय ने कहा पीड़ित परिवार की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## मृतक के मोबाइल पर आए थे कई फोन

परिजनों के अनुसार शनिवार की रात करीब नौ बजे उमाशंकर खाना खाकर अपने घर के सामने फूफा अमरिका के यहां सोने चला गया। घटना की रात करीब 9 बजे उसकी मोबाइल पर लगातार तीन फोन आए। तीनों फोन पर मृतक उमाशंकर से एक ही नाम और मोबाइल नंबर पूछा गया। उसी दौरान वह घर से निकला लेकिन फिर वापस नहीं लौटा। परिवार के लोग उमाशंकर के मोबाइल पर आए फोन और नाम को बता नहीं पा रहे है।

## गांव में नहीं जले चूल्हे

उमाशंकर की हत्या कर शव को गांव के मार्ग पर लगे शीशम के पेड़ पर लटका देने के बाद पूरा गांव सदमें में है। युवक की हत्या के बाद गांव में कई लोगों के यहां चूल्हे ही नही जले। गांव का हर कोई इस घटना से हतप्रभ है। गांव वाले कहते हैं कि उमाशंकर बड़े छोटे के साथ हमेशा आदर के साथ मिलता था। उसके इस दुनिया से जाने का सभी को दुख है।

# घर से बाहर निकला छात्र हुआ गायब

गोण्डा। एक छात्र का गायब हो जाने का मामला प्रकाश में आया है। शहर कोतवाली के राधाकुंड निवासी शुभ कुमार पुत्र राकेश कुमार रविवार शाम को घर से साइकिल से बाहर निकला था। घंटों बीतने के बाद जब शुभ घर वापस नहीं पहुंचा तो परिजनों ने खोजबीन की। काफी खोजबीन के बाद पता नहीं चला तो पिता ने शहर कोतवाली में तहरीर दी है। बताया जाता है कि शुभ शहीदे आजम भगत सिंह इंटर कॉलेज में कक्षा 9 का छात्र है।

# पुलिस ने लूट करने का आरोपी दबोचा

गोण्डा। नवाबगंज थाने की पुलिस ने लूट करने के आरोपी नंदू उर्फ सत्यप्रकाश को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी नंदू ने अपने साथी दीपक उर्फ कुलदीप पाठक के साथ मिलकर बीते साल सात दिसंबर को थानाक्षेत्र के अंतर्गत एक महिला के साथ लूटपाट की घटना को अंजाम दिया था। इस मामले में पुलिस ने घटना के दूसरे दिन ही आरोपी दीपक उर्फ कुलदीप को गिरफ्तार कर लिया था। वहीं, नंदू फरार चल रहा था। सोमवार को पुलिस ने नंदू उर्फ सत्य प्रकाश पुत्र रामजस वर्मा उर्फ जयप्रकाश वर्मा निवासी ग्राम सालेपुर थाना परशुरामपुर जनपद बस्ती को दबोच लिया।

आशनाई के चक्कर में गई युवक की जान, गांव से बाहर बाग में मिली थी लाश

# हत्या में देवर और भाभी गिरफ्तार

**खुलासा**

- देवर ने अपने साथी के साथ युवक को उतारा था मौत के घाट
- बदनामी के डर से प्रेमी युवक से पीछा छुड़ाना चाह रही थी महिला



हत्या के खुलासे के बारे में जानकारी देते एएसपी व पीछे खड़े गिरफ्तार आरोपी।

धानेपुर/गोण्डा, हिटी। मेहनौन निवासी युवक की हत्या मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस मामले में पुलिस ने मृतक के ही करीबी रिश्तेदार देवर और उसकी भौजाई को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि युवक का आरोपी महिला से प्रेम संबंध था। बदनामी से बचने के लिए ही देवर - भौजाई ने हत्या का षड्यंत्र रचा और फिर देवर ने अपने एक साथी के साथ मिलकर युवक को मौत के घाट उतार दिया। घटना के बाद से ही पुलिस इस मामले के खुलासे में जुटी हुई थी।

एएसपी शिवराज ने बताया कि 10 नवम्बर को मेहनौन निवासी सुनील कुमार का शव गांव के बाहर एक बाग से बरामद किया गया था। घटना के बाद से ही पुलिस टीम पतारसी-सुरागरसी व इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर जांच आगे बढ़ा रही थी। पुलिस ने इस मामले में मृतक के करीबी रिश्तेदार आशीष व पूनम को आनन्द चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान पता चला कि कि मृतक सुनील कुमार व पूनम के बीच काफी दिनों से प्रेमप्रसंग चल रहा था। समाज में बदनामी के चलते पूनम मृतक सुनील कुमार से पीछा छुड़ाना चाह रही थी लेकिन मृतक द्वारा लगातार पूनम को परेशान किया जा रहा था।

**पहले बुलाया फिर गला दबाकर कर दी हत्या :** एएसपी ने बताया कि योजनाबद्ध तरीके से देवर आशीष व उसकी भौजाई पूनम ने सात नवंबर को सुनील को हुनमानगढ़ी मंदिर मेहनौन निकट नहर पुलिया पर बुलाया और सूनसान जगह बंजारनडीह के पास ले जाकर विकास के साथ मिलकर गलादबा कर हत्या कर दी। शव को वही गन्ने के खेत में फेंक दिया गया।

**ये हुए गिरफ्तार :** आशीष पुत्र रामसुन्दर निवासी ग्राम सहजौरा थाना मोतीगंज व पूनम पत्नी सन्तोष कश्यप निवासी निवासिनी ग्राम सहजौरा थाना मोतीगंज ।

## दो दिन बाद बोलेरो से बगीचे में पहुंचाया शव

एएसपी ने बताया कि दो दिन बाद नौ नवम्बर की रात आरोपियों द्वारा बोलेरो से मृतक के शव को गन्ने के खेत से उठाकर कालीमाता के स्थान से कुछ दूर बगीचे में लाकर आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ से लटकाने का प्रयास किया गया था लेकिन समय अधिक हो जाने के कारण शव को वही बगीचे में छोड कर फरार हो गए थे। उन्होंने बताया कि आरोपी विकास उर्फ आकाश की गिरफ्तारी के लिए प्रयास किया जा रहा है। गिरफ्तारी में धानेपुर एसओ संजय गुप्ता का विशेष सहयोग रहा।

## सात नवम्बर को घर आया था सुनील, दस को मिली थी लाश

धानेपुर थाना क्षेत्र के मेहनौन गांव का रहने वाला युवक सुनील कुमार कश्यप लुधियाना पंजाब में अपने पिता स्वामीनाथ के साथ रहकर प्राइवेट नौकरी करता था। पांच माह परदेश में व्यतीत करने के बाद वह 7 नवम्बर को अपने गांव मेहनौन लौटा था। बताया जाता है कि इसी दिन 7 नवंबर की ही देर शाम घरवालों को बगैर बताए घर से निकला और वह लापता हो गया। परिजनों ने खोजबीन की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल सका। थकहार कर अगले दिन आठ नवंबर को मां कुसुमा देवी की ओर से धानेपुर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। 10 नवम्बर की सुबह उसका शव गांव के बाहर एक बाग से बरामद किया गया था।

घटना के बाद पुलिस ने मां की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

# अवैध तमंचे के साथ एक गिरफ्तार

खोड़ारे। थाना क्षेत्र में भ्रमण के दौरान पुलिस ने सिद्धार्थनगर के एक व्यक्ति को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया गया है। रविवार रात में मुखबिर की सूचना पर चौकी प्रभारी अरुण कुमार राय ने उसे पकड़ा। पकड़े गए आरोपी की पहचान बुधिराम निवासी बनकटी थाना भवानीगंज जनपद सिद्धार्थनगर के रूप में हुई है। थाना प्रभारी सुरेश कुमार वर्मा ने बताया कि आरोपी को न्यायालय रवाना किया गया है।



पार्वती इंटर कालेज में छात्रों को यातायात के नियमों की जानकारी देती पुलिस।

# बच्चों को बताए यातायात के नियम

रामापुर। यातायात माह के मद्देनजर वरिष्ठ निरीक्षक विद्यासागर पांडे ने चौकी प्रभारी आर्यनगर मानेन्द्र सिंह की उपस्थित में कस्बा आर्यनगर स्थित पार्वती इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओं को एकत्रित कर यातायात के नियमों की जानकारी दी गई। छात्राओं को मिशन शक्ति अभियान के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर हिमांशु शुक्ला, राकेश आदि रहे।

# नशे के सौदागर को एक वर्ष की सजा

गोण्डा। अपर सत्र न्यायाधीश राज बहादुर रामदेव ने नशे के सौदागर को एक वर्ष की कैद व अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड की अदायगी न करने पर अतिरिक्त सजा भुगतनी होगी।

विशेष लोक अभियोजक के अनुसार प्रकरण कोतवाली नगर अंतर्गत बभनी कानूनगो निवासी धनीराम पुत्र मिट्ठू लाल के विरुद्ध पुलिस ने उन्नीस दिसंबर 2021 को उपनिरीक्षक राकेश कुमार ओझा ने कि वह रात्रि में गश्त में निकले थे। तभी उन्हें सड़क के किनारे एक व्यक्ति संदिग्ध प्रतीत होने पर उसे पकड़ लिया गया और तलाशी लेने पर उसके पास से अल्प्राजोलम नशे की गोलियां बरामद हुई। पुलिस ने मद्द निषेध अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर प्रकरण की विवेचना करने के बाद आरोप पत्र अदालत पर भेज दिया। अदालत ने अभियोजन व बचाव पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलों को सुना तथा पत्रावली में उपलब्ध साक्ष्यों का गहन अवलोकन करने के पश्चात आरोपी को दोषी करार देते हुए आरोपी को एक वर्ष की सजा व दस हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

# लूट का आरोपित गिरफ्तार

नवाबगंज : प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने कहा कि लूट के आरोपित नंदू उर्फ सत्यप्रकाश को उप निरीक्षक सुनील कुमार ने बस्ती के थाना परशुराम के डेल्टा चौराहा से गिरफ्तार किया है। वह वर्ष 2021 में नवाबगंज में हुई लूट के बाद से फरार चल रहा था। (संसू)

# चार पर मुकदमा

वजीरगंज : न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने महिला समेत चार लोगों पर छिनैती का मुकदमा किया है। रानी बाजार निवासी राधा तिवारी ने मारपीट व छिनैती का आरोप लगाया था। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि मुकदमा करके जांच की जा रही है।

# मारपीट में गिरफ्तार

नवाबगंज : पुलिस दर्जीकुंआ निवासी हिमांशु सिंह, नवाबगंज निवासी अतुल सिंह, चेतपुर निवासी आकाश, माथेपुर निवासी शुभम सिंह, परसापुर के चमन लाल, धर्मपुरवा के राजाबाबू, जोगापुर के भीमसेन व जगदंबा मारपीट में गिरफ्तार किया है। (संसू)

# अवैध संबंध में हुई थी सुनील की हत्या, महिला समेत दो गिरफ्तार



धानेपुर के मेहनौन गांव के रहने वाले सुनील की हुई हत्या का कार्यालय में राजफाश करते एएसपी शिवराज ● जागरण

**संसू, गोंडा** : मेहनौन गांव के सुनील कश्यप की गला दबाकर हत्या किए जाने का राजफाश करते हुए पुलिस ने महिला समेत दो अरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या का कारण अवैध संबंध का होना पुलिस बता रही है।

एसपी आकाश तोमर ने हत्या के राजफाश के लिए अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज की देखरेख में टीमों को गठन किया था। एएसपी ने कहा कि दस नवंबर को सुनील का शव रामसमुझ के बाग से बरामद हुआ था। मृतक की मां कुसमा देवी की तहरीर पर धानेपुर में मुकदमा किया गया था। विवेचना के दौरान इलेक्ट्रानिक साक्ष्यों के आधार पर मोतीगंज सहजौरा गांव के आशीष व पूनम को आनन्द चौराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान पता चला कि मृतक सुनील कुमार व पूनम के बीच काफी दिनों से प्रेम प्रसंग चल रहा था। समाज में बदनामी के चलते पूनम सुनील कुमार से पीछा छुड़ाना चाह रही थी लेकिन, सुनील पूनम को परेशान किए जा रहा था। आकाश व पूनम ने सात नवंबर को अपने साथी विकास उर्फ आकाश के साथ सुनील कुमार को हुनमानगढ़ी मंदिर मेहनौन निकट नहर पुलिया पर बुलाया। इसके बाद बंजारनडीह के पास उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव गन्ने के खेत में फेंक दिया। दो दिन बाद नौ नवंबर की रात उक्त आरोपितों ने बोलेरो से सुनील के शव को गन्ने के खेत से उठाकर कालीमाता के स्थान से कुछ दूर बगीचे में लाकर आत्महत्या का रूप देने के लिए पेड़ से लटकाने का प्रयास किया गया। समय अधिक हो जाने के कारण शव को बगीचे में छोड़ आरोपित फरार हो गए थे। एएसपी शिवराज ने बताया कि फरार आरोपित विकास उर्फ आकाश की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें लगी हुई है।

# हालचाल जानने पहुंचे विधायक के सामने पड़ा मिला जिंदा कारतूस

संसू, हलधरमऊ (गोंडा) : कटरा के छिटनापुर गांव के रहने वाले उत्तराखंड के व्यवसायी अशोक मिश्र के घर हालचाल लेने पहुंचे विधायक बावन सिंह के सामने एक जिंदा कारतूस पड़ा मिला। उसे पुलिस को सौंप दिया गया है।

उधर चार दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली है। शुक्रवार की रात को अज्ञात बदमाशों ने नौकर को बंधक बनाकर नकदी सहित सात लाख रुपये की लूट की थी। चौकी प्रभारी अजय कुमार पांडेय ने कहाकि कारतूस मिला है। जो जांच का विषय है। एसओजी व पुलिस की टीमें लगी हुई है।

# प्रेम प्रसंग में हुई थी सुनील की हत्या, दो गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा।** धानेपुर थाना क्षेत्र के मेहनवन गांव में बाहर से आए युवक का शव मिला था। मामले में हत्या के आशंका की एफआईआर युवक की मां कुसुमा ने दर्ज कराई थी। पुलिस ने सोमवार को खुलासा किया। एएसपी शिवराज ने बताया कि युवक की हत्या प्रेम प्रसंग में की गई थी। इसमें दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

एएसपी ने बताया कि मामले में आरोपित आशीष व पूनम को आनंद चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में पता चला कि सुनील कुमार व पूनम के बीच काफी दिनों से प्रेमप्रसंग चल रहा था।

पूनम बदनामी के चलते सुनील से पीछा छुड़ाना चाहती थी, लेकिन वह उसे परेशान

## प्रेमिका ने पीछा छुड़ाने के लिए दो लोगों की मदद से अंजाम दी थी वारदात

कर रहा था। इसी के चलते पूनम व आशीष ने सात नवंबर को सुनील को हनुमानगढ़ी मंदिर मेहनौन के पास नहर पुलिया पर बुलाया। वहां आशीष का साथी विकास उर्फ आकाश भी था।

वहां तीनों ने गला दबाकर सुनील की हत्या कर दी और शव गन्ने के खेत में फेंककर भाग गए। दो दिन बाद नौ नवंबर की रात तीनों लोग बोलेरो से घटनास्थल पर गए और हत्या को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पेड़ से लटकाने का प्रयास किया।

एएसपी ने बताया कि छानबीन कर आशीष व पूनम को गिरफ्तार कर लिया गया। विकास उर्फ आकाश की तलाश की जा रही है।

# मारपीट के मामले में तीन गिरफ्तार

**तरबगंज (गोंडा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने आपसी विवाद व मारपीट के मामले में शांतिभंग की कार्रवाई करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज पाठक ने बताया कि क्षेत्र के ग्राम किंधौरा तिवारी पुरवा निवासी विकास पांडेय, उदयपुर पिपरिया निवासी अतुल व बहराइच के पयागपुर क्षेत्र के रानीपुर तिलक निवासी रंजीत कुमार को गिरफ्तार किया गया है। तीनों अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया है। (संवाद)

## किशोरी भगाने के आरोप में तीन पर मुकदमा

**नवाबगंज (गोंडा)।** थाना क्षेत्र निवासी महिला ने बेटी के भगाने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में गांव के दो भाइयों समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। महिला ने बताया कि शनिवार शाम बेटी घर में अकेली थी। आरोपी उसे बहला कर भगा ले गए। घर से जाते समय उनकी लड़की घर में रखे 50 हजार रुपये भी साथ लेकर चली गई। जानकारी होने पर जब उनके घर शिकायत लेकर गई तो आरोपियों के घर वालों ने अभद्रता करते हुए जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने बताया कि मां की तहरीर पर तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर किशोरी को तलाश लिया गया है। (संवाद)

# छात्रों को दी यातायात नियमों की जानकारी

**बेलसर (गोंडा)।** सड़क सुरक्षा सप्ताह के तहत पुलिस ने सोमवार को पाठशाला लगाकर बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी। जूपिटर स्कूल पकड़ी में चौकी प्रभारी भानपुर सोम प्रताप सिंह ने यातायात माह में बच्चों को सड़क सुरक्षा के नियमों की जानकारी दी। उन्होंने बच्चों को वाहन नहीं चलाने, अस्पताल के सामने तेज हॉर्न नहीं बजाने सहित अन्य नियमों की जानकारी दी। (संवाद)

# पिटाई में तीन के खिलाफ केस

**वजीरगंज (गोंडा)।** मधवापुर निवासी मुकेश कौशल ने थाने में तहरीर दी है। इसमें बताया कि रविवार शाम सत्येश गुप्ता, यश तथा राकेश गुप्ता तेज रफ्तार में बाइक लेकर उसके घर के सामने से गुजर रहे थे। आपत्ति जताने पर तीनों ने उन्हें डंडे से पीट दिया। इससे चोटें आई हैं। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज किया गया है। (संवाद)

# नशीली दवा बेचने वाले को एक साल का कारावास

गोंडा। विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राजबहादुर रामदेव यादव ने नशीली गोलियां बेचने के अभियुक्त को एक साल के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

विशेष लोक अभियोजक एनडीपीएस एक्ट अनुपम शुक्ल ने बताया कि नगर कोतवाली पुलिस ने 19 दिसंबर 2021 को धनीराम निवासी बभनी कानूनगो को 100 अल्प्रासेफ नशीली गोलियों के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में उसने नशीली गोलियां बेचने की बात स्वीकार की थी। विवेचना में पर्याप्त साक्ष्य के आधार पर पुलिस ने धनीराम के खिलाफ अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया। विचारण के दौरान न्यायालय ने अपराध साबित होने पर अभियुक्त धनीराम को दोषसिद्ध किया।

सोमवार को मामले में निर्णय सुनाते हुए विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट राजबहादुर रामदेव यादव ने अभियुक्त धनीराम को एक साल के सश्रम कारावास और 10 हजार रुपये जुर्माने से दंडित किया। (संवाद)

# महिला समेत चार पर छिनैती का केस दर्ज

**वजीरगंज (गोंडा)।** न्यायालय के आदेश पर सोमवार को स्थानीय थाने में एक महिला सहित चार लोगों के विरुद्ध छिनैती का केस दर्ज किया गया है।

रानी बाजार बड़गांव की रहने वाली राधा तिवारी ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर कहा कि वह एक सितंबर को अयोध्या से घर लौट रही थीं। वह जब वजीरगंज बाजार पहुंचीं तो चालक किसी परिचित से बात करने लगा। तभी उसके परिचित प्रधान लोनिया, विधायक लोनिया, गंगा पाठक व कलावती उर्फ कट्टो निवासी नफरापुर मौजा सिंघवापुर थाना धानेपुर वहां पहुंचे। इन लोगों ने कहा कि वे वजीरगंज में मजदूरी करते हैं। उनकी बहन कलावती की तबीयत बहुत खराब है।



दवा के पैसे दे दो। मना करने पर इन लोगों ने पिटाई करके कान की बाली नोच ली व पर्स छीनकर भाग गए। राधा के मुताबिक चोट लगने से वह गिर पड़ीं तो चालक प्रेमप्रकाश ने उन्हें उठाया। चालक ने आरोपियों को दौड़ाया तो वे गन्ने के खेतों में भाग गए। राधा का कहना है कि वह थाने गईं मगर पुलिस ने रिपोर्ट नहीं दर्ज की। थानाध्यक्ष चंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर केस दर्ज कर लिया गया है। (संवाद)

## गैंगस्टर के अभियुक्त की जमानत खारिज

**गोंडा।** विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट डॉ. अनामिका चौहान ने उ.प्र. गिरोहबंद और समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत एक अभियुक्त का जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया है।

विशेष लोक अभियोजक गैंगस्टर एक्ट उदय प्रताप वर्मा ने बताया कि थाना खोड़ारे की पुलिस ने क्षेत्र में अपराध कर रहे ग्राम सबना निवासी अर्जुन मौर्या व पांच अन्य लोगों पर जिला मजिस्ट्रेट की स्वीकृति के बाद गैंगस्टर एक्ट का केस दर्ज किया। विशेष न्यायाधीश गैंगस्टर एक्ट डॉ. अनामिका चौहान ने अभियुक्त अर्जुन मौर्या के जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई कर निरस्त कर दिया। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 15-11-2022

# पुलिस टीम ने बताए आत्मरक्षा के गुर

श्रीदत्तगंज। श्रीदत्तगंज थाना के प्रभारी उप निरीक्षक विपुल कुमार पांडेय के नेतृत्व में एंटी रोमियो टीम ने मिशन-शक्ति अभियान के तहत महिलाओं की चौपाल लगाकर महिलाओं को सेल्फ डिफेंस के बारे में बताया। साथ ही वूमेन पावर लाइन 1090, यूपी आपातकालीन 112, एबुलेंस सेवा 102/108, महिला हेल्पलाइन 181, साइबर हेल्प लाइन 155260, 1930, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 तथा थाने पर गठित महिला हेल्प डेस्क के साथ विभिन्न योजनाओं के बारे में भी जागरूक किया गया। उप निरीक्षक आलोक चंद्रा, महिला आरक्षी रोली गुप्ता, आरक्षी आशीष सिंह ने महिलाओं व बेटियों को सरकार की ओर से चलाई योजनाओं के बारे में जानकारी दी गई।

शक्तिपीट देवीपाटन मंदिर के ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ की पुण्यतिथि पर एक सप्ताह से चल रहे विविध कार्यक्रम

# सीएम आज ब्रह्मलीन महंत को श्रद्धांजलि देंगे

## तैयारी पूरी

बलरामपुर, संवाददाता। शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ की पुण्यतिथि के समापन अवसर पर आयोजित संत सम्मेलन में आज मंगलवार को सूबे के मुखिया मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होकर उन्हें श्रद्धांजलि देंगे। इसकी सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार को जिले के आला अधिकारी मुख्यमंत्री के आगमन की तैयारियों में जुटे रहे। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेकर पूरा खाका तैयार किया है। सीएम के हेलीकॉप्टर को उतरने के लिए मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल के बगल में हेलीपैड बनकर तैयार हो गया है। साफ सफाई के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। साथ ही भारत नेपाल सीमा पर भी चौकसी बढ़ा दी गई है।

शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तुलसीपुर 51 शक्तिपीठों में से एक है। यहां पर देश के कोने-कोने से श्रद्धालु आते हैं। साथ ही पड़ोसी राष्ट्र नेपाल से भी भारी संख्या में श्रद्धालु आते हैं। पिछले नौ नवंबर से ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम का आयोजन चल रहा है। जिसका समापन मंगलवार को होना है। हर बार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ समापन अवसर पर यहां पहुंचते हैं।



भवनियापुर स्थित हेलीपैड का जायजा लेते अधिकारी।

गौर तलब हो कि शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर गोरक्षनाथ पीठाधीश्वर व सीएम योगी आदित्यनाथ की देखरेख में संचालित है। गोरखपुर के बाद यह सीएम का दूसरा निवास स्थान माना जाता है। शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर मिथलेश नाथ योगी ने बताया कि ब्रह्मलीन महंत को श्रद्धांजलि देने के लिए मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पहुंचेंगे। मंदिर प्रशासन की ओर से सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

एसपी राजेश कुमार सक्सेना, सीडीओ संजीव कुमार मौर्य सहित जिले के कई अधिकारियों ने तुलसीपुर पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। हेलीपैड बनकर तैयार हो गया है। आज मंगलवार को सीएम के पहुंचने पर स्थानीय जनप्रतिनिधि व अधिकारी उनका स्वागत करेंगे। साथ ही शक्तिपीठ के सभागार में संत सम्मेलन को मुख्यमंत्री संबोधित करेंगे। मंदिर सूत्रों की मानें तो मुख्यमंत्री रात्रि विश्राम भी यहां पर करेंगे। इसके लिए विशेष तैयारियां की गई हैं।

**सीएम के कार्यक्रम में शामिल होंगे स्थानीय जनप्रतिनिधि:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यक्रम में चुनिंदा जनप्रतिनिधि भाग लेंगे। जिनका नाम पहले से ही मंदिर प्रशासन ने सार्वजनिक कर दिया था। आज आयोजित संत सम्मेलन में पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा सहित कई स्थानीय जनप्रतिनिधि शामिल होंगे।

मंदिर प्रशासन की मानें तो यह सभी लोग सीएम योगी के साथ मंच पर मौजूद रहेंगे। संत सम्मेलन को सम्बोधित करने के बाद सीएम योगी रात्रि विश्राम शक्तिपीठ पर ही करेंगे। सुबह वह मंदिर में बनी गौशाला में सेवा करने के बाद लखनऊ के लिए रवाना होंगे।

## भारत नेपाल सीमा पर बढ़ाई चौकसी, गश्त तेज

शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर भारत नेपाल दोनों देशों के श्रद्धालुओं के आस्था का केन्द्र है। ब्रह्मलीन महंत महेंद्रनाथ की पुण्यतिथि पर तमाम नेपाली भी शामिल हुए हैं। ऐसे में सुरक्षा की दृष्टि से भारत नेपाल सीमा पर कड़ी चौकसी बरती जा रही है। सोमवार को सशस्त्र सीमा बल के जवान पुलिस कर्मियों के साथ सीमा क्षेत्रों में अभियान चलाकर सघन तलाशी ली। एसएसबी जवानों ने जंगल के दुर्गम रास्तों पर गश्त बढ़ा दी है। सीमा पास से आने जाने वाले हर व्यक्ति से कड़ी पूछताछ की जा रही थी। साथ ही मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर हेलीपैड और मंदिर के चौतरफा सुरक्षा को लेकर एसपी ने अलग से खाका तैयार किया है। मंगलवार को सीएम के आने और जाने तक सुरक्षा एजेंसियां चौकन्नी रहेंगी। संदिग्ध लोगों पर नजर रखी जा रही है। खुफिया एजेंसियों को भी सक्रिय कर दिया गया है।

# ग्रामीणों को किया जागरूक

**श्रीदत्तगंज :** थाना की एंटी रोमियो टीम ने मिशन शक्ति के तहत जागरूकता अभियान चलाकर महिलाओं जानकारी दी। महिला आरक्षी रोली गुप्ता ने महिला संबंधी अपराध व सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया। 1090, एबुलेंस सेवा 102, 108, महिला हेल्पलाइन, चाइल्ड हेल्प केयर, साइबर हेल्प लाइन के उपयोग की जानकारी दी गई। प्रभारी विपुल कुमार पांडेय, उप निरीक्षक आलोक चंद्रा, आरक्षी संदीप निषाद मौजूद रहे। (संसू)

# ब्रह्मलीन महंत के श्रद्धांजलि समारोह में आज आएंगे मुख्यमंत्री

**जासं, बलरामपुर** : शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर में ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की श्रद्धांजलि समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। मंदिर प्रशासन भी सीएम के स्वागत के लिए तैयार है।

सोमवार को अपर जिलाधिकारी राम अभिलाष, उपजिलाधिकारी तुलसीपुर मंगलेश दुबे, क्षेत्राधिकारी कुंवर प्रभात सिंह व ईओ डा. संपूर्णा नंद तिवारी ने आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल परिसर में बने हेलीपैड का निरीक्षण किया। महंत मिथिलेश नाथ योगी से कार्यक्रम की जानकारी लेते हुए सुरक्षा बिंदुओं पर चर्चा की। एडीएम ने कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा को लेकर मातहतों को आवश्यक निर्देश दिए। महंत ने बताया कि ब्रह्मलीन महंत महेंद्र नाथ योगी की 22वीं पुण्यतिथि पर श्रीमद्‌भागवत कथा चल रही है। अंतिम दिन 15 नवंबर को श्रद्धांजलि समारोह में नाथ संप्रदाय के अध्यक्ष सीएम योगी आदित्यनाथ शामिल होंगे। सीएम अपराह्न 3.55 बजे हेलीपैड तुलसीपुर पहुंचेंगे। समारोह में शामिल होने के बाद शक्तिपीठ देवीपाटन में ही रात विश्राम करेंगे। एसपी ने बताया कि सीएम के आने की संभावना को देखते हुए प्रशासनिक तैयारियां पूरी हैं।



तुलसीपुर आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल परिसर मे बने हेलीपैड का निरीक्षण करते एसडीएम मंगलेश दुबे( दाएं), ईओ डा. संपूर्णा नंद तिवारी (दाएं से) दूसरे • जागरण

**दौड़ती रहीं अफसरों की गाड़ियां** : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम मिलने के बाद प्रशासनिक अमला अलर्ट हो गया है। सोमवार को पूरे दिन अधिकारियों की गाड़ियां बलरामपुर से तुलसीपुर दौड़ती रहीं। हेलीपैड से लेकर शक्तिपीठ देवीपाटन मंदिर तक चप्पे-चप्पे पर सुरक्षा के व्यापक प्रबंधक किए गए हैं।

**माननीयों में भी बेचैनी** : ब्रह्मलीन महंत के श्रद्धांजलि समारोह में शामिल होने के लिए जनप्रतिनिधियों में भी उत्साह है।

भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, सदर विधायक पल्टूराम, तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व सांसद दद्दन मिश्र, गैंसड़ी के पूर्व विधायक शैलेश सिंह शैलू, जिला पंचायत अध्यक्ष आरती तिवारी व मीडिया प्रभारी डीपी सिंह समेत बड़ी संख्या में भाजपाई मंगलवार को देवीधाम में नजर आएंगे। मुख्यमंत्री जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे या नहीं, इसका कार्यक्रम अभी अपडेट नहीं है। फिर भी माननीयों को सीएम से मिलने की तैयारी में हैं।

# मुख्यमंत्री योगी आज बलरामपुर में

तुलसीपुर (बलरामपुर)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार शाम तुलसीपुर स्थित देवीपाटन मंदिर आएंगे। इसे लेकर पुलिस व प्रशासन के अधिकारी तैयारियों में जुटे हैं।

देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर मिथिलेश नाथ योगी ने बताया कि महंत महेंद्र नाथ योगी की 22वीं पुण्यतिथि के अवसर पर चल रही श्रीमद्भागवत कथा के सातवें व अंतिम दिन मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आएंगे। मुख्यमंत्री शाम करीब पांच बजे पहुंचेंगे।

मंदिर में कुछ समय बिताने के बाद वह सीधे कार्यक्रम स्थल पर जाएंगे। वहां लोगों को संबोधित करेंगे। मंगलवार को मंदिर में रात्रि विश्राम करने के बाद बुधवार सुबह लखनऊ लौटेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। एसपी राजेश कुमार सक्सेना ने बताया कि सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। (संवाद)

# देवीपाटन मंडल में नंबर वन बलरामपुर पुलिस

बलरामपुर। पुलिस के कामकाज को लेकर सोमवार को गोरखपुर जोन के एडीजी अखिल कुमार ने पब्लिक अप्रूवल रेटिंग जारी की। इसमें देवीपाटन मंडल में बलरामपुर पुलिस नंबर वन पर है। 68.53 प्रतिशत अंक के साथ एसपी बलरामपुर राजेश कुमार सक्सेना को पहला स्थान एवं 66.93 प्रतिशत अंक के साथ एसपी बहराइच को दूसरा स्थान मिला है।

## एडीजी जोन ने जारी की पब्लिक अप्रूवल रेटिंग

जारी की गई रेटिंग में बलरामपुर में अक्तूबर में आईजीआरएस की शिकायतों के कुल 47 मामलों का फीडबैक लिया गया। इसमें 17 लोग पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट दिखे। जबकि 30 ने असहमति जताई।

ट्वीटर पर आने वाली शिकायतों के मामले में 810 लोगों से फीडबैक लिया गया। इसमें 93.3 प्रतिशत लोगों ने पुलिस के रिस्पांस को अति उत्तम बताया। डायरेक्ट पोल में 303 वोट मिले। इसमें 296 लोगों ने पुलिस के एक्शन को अति उत्तम बताया। दर्ज मुकदमों के 181 वादियों से संपर्क करके पुलिसिंग के बारे में जानकारी की गई। इसमें 146 लोगों ने पुलिस की कार्रवाई को अति उत्तम बताया।

एसपी का कहना है कि जन शिकायतों के प्रभावी निस्तारण का निर्देश जारी किया गया है। सभी थानों में जनता की सुनवाई के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं। निस्तारण की स्थिति की समीक्षा भी की जा रही है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-11-2022

# चोरी की दो बाइक के साथ चार गिरफ्तार

**नानपारा(बहराइच)।** वाहन चोरी कर बेचने वाले गैंग का रविवार को पुलिस ने भंडाफोड़ किया। पुलिस ने चोरी की दो बाइकों के साथ चार वाहन चोरों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। नानपारा कोतवाल शमशेर बहादुर सिंह ने बताया कि रविवार की शाम बहराइच-लखीमपुर हाईवे पर कुर्मिनपुरवा के पास वाहन चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान दो बाइकों पर चार लोग सवार होकर निकले। रोककर पूछताछ की गई तो दोनों बाइक चोरी की निकलीं। गिरफ्तार वाहन चोरों की पहचान खैरीघाट थानाक्षेत्र के नकहा निवासी सद्दाम, मुर्तिहा थाना क्षेत्र के बोझिया निवासी छोटे व अवधेश कुमार और नानपारा कोतवाली क्षेत्र के अल्ताब पुरवा निवासी ननकऊ के रूप में हुई है। सभी को जेल भेज दिया गया है। संवाद

# दो आरोपी गिरफ्तार

**महसी(बहराइच)।** हरदी थाना क्षेत्र के देवरायपुर में एक नवंबर को खेत में गोवंश के अवशेष मिलने के मामले में सोमवार को पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। हरदी थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत देवरायपुर निवासी परशुराम की गाय बीते महीने उनके घर से गायब हो गई थी। इसके बाद गांव में एक खेत में गोवंश के अवशेष मिले थे। इसके बाद परशुराम ने पांच लोगों के खिलाफ हरदी थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मौके से मिले साक्ष्यों को जांच के लिए लैब भेजकर मुकदमा दर्ज कर लिया था। थानाध्यक्ष ज्ञान सिंह ने बताया कि मामले में सोमवार को साजिद व मुनव्वर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। फरार चल रहे जैद, पतरु और भूटानी निवासी बनगांव की तलाश की जा रही है। संवाद

हिन्दुस्तान

# जिले की 55% सड़कों पर दो-दो फिट के गड्ढे

सड़कों को 15 नवंबर तक गड्ढा मुक्त किए जाने का प्रदेश सरकार का फरमान ढाक के तीन पात ही साबित हुआ। बहराइच में ही 55 प्रतिशत सड़कों पर अभी भी दो-दो फीट के जानलेवा गड्ढे बने हुए हैं। ग्रामीण अंचल की सड़कों का तो और भी खराब हाल है। यहां तक कि तहसील व ब्लाक मुख्यालयों को जोड़ने वाली मार्गों का हाल भी बेहाल है। यदि कहीं सड़कों को गड्ढा मुक्त किए जाने का प्रयास भी किया गया है तो कम तारकोल डालकर के महज खानापूर्ति की रस्म अदायगी की गई है। सड़कों की दुर्दशा की समीक्षा को पेश है एक रिपोर्ट

## सूरतेहाल

बहराइच। जिले की रिसिया, पयागपुर, शिवपुर, नानपारा, कैसरगंज ब्लॉक से जुड़ी सड़कें, विशेश्वर गंज, रुपईडीहा सहित अमूमन सभी इलाकों में मार्ग पर सुगम यातायात की दिशा में उठाए गए कदम नाकाफी सिद्ध हुए हैं। कटाई घाट मार्ग पर जगह-जगह पुलिया बनाए जाने के दौरान सड़कें खोद दी गई हैं, मार्ग पर दो दो-चार चार मीटर के गड्ढे पहले से ही मौजूद हैं। लोगों के लिए जिला मुख्यालय पर पहुंचना टेढ़ी खीर है। हालांकि यह मार्ग निर्माणाधीन है, फिर भी एक गड्ढों की वजह से इस समय चलना दुश्वार है। विभागीय सूत्रों के अनुसार नौ करोड़ 77 लाख बजट की मांग की गई थी, आठ करोड़ 34 लाख बजट मिला है। 1094 किमी मरम्मत का लक्ष्य था। विभाग आज तक 934 किमी में गड्ढे भरे जाने का दावा कर रहा है।

आश्रम रोड हाइवे से जड़ेसर तिराहे से से होकर जनपद श्रावस्ती के चिचड़ी तक जाने वाले मार्ग पर जड़ेसर तिराहे से पट्टी परेवा तक करीब चार किलो मीटर तक सड़क एकदम जर्जर अवस्था में है। इस मार्ग पर दो दो फिट के गहरे गड्ढे भी है। यह रिसिया के इटकोरी जाने का भी सम्पर्क मार्ग भी है। शंकर पुर से भैसाही जाने वाला मार्ग भी दयनीय हालत में है। सबसे खराब हाल रिसिया थाने व सिसई सलोन मार्ग का है।

कैसरगंज ब्लॉक के ग्राम डिहवा में सड़क पर इतने बड़े बड़े गड्ढे हैं कि सड़क का अंदाजा लगा पाना मुश्किल है। ग्रामीणों का कहना है कि यह सड़क कैसरगंज से डिहवा होते हुए गोड़हिया को जोड़ती है। शिवपुर संवाद के अनुसार ब्लॉक के ललई पुरवा गांव से घाघरा घाट जाने वाले मार्ग पर कई स्थानों में दर्जनभर से अधिक गड्ढे हो चुके हैं। आदेश के बाद भी इस पर कोई कार्य नहीं कराया गया है।



मिहिंपुरवा तहसील इलाके का सुजौली पिलवा सम्पर्क मार्ग।





सड़क के बीच बना गड्ढा। सरकार के आदेश को ठेंगा दिखाती पयागपुर से मोहनापुर तक जाने वाली कारणों से निर्मित हुई सड़क।

## पयागपुर के पिथौरा मोड़ से मोहनापुर मार्ग बयां कर रही हकीकत

पयागपुर। बहराइच-गोंडा मुख्य मार्ग पर पयागपुर के पिथौरा मोड़ से ग्राम मोहनापुर तक जाने वाली 13 किलोमीटर लंबी गड्ढों में तब्दील मार्ग सरकारी आदेशों को ठेंगा दिखा रही है। प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत पयागपुर से मोहनापुर सात करोड़ 62 लाख रुपये से लगभग 13 किलोमीटर सड़क का निर्माण 16 सितंबर 2016 को किया गया था। लोक निर्माण विभाग की ओर से निर्मित इस सड़क का पांच साल के रख रखाव का ठेका 16 सितंबर 2021 को पूरा हो गया। अब इस सड़क का कोई पुरसा हाल नहीं है। भूपगंज बाजार के बारीपुरवा चौराहा से कांधी कुईया मार्ग को जाने वाली सड़क भी गड्ढों में तब्दील हो गई है। यही स्थिति पयागपुर क्षेत्र के तमाम सड़कों की है।

## जरवल-हंसना धवरिया मार्ग पूरी तरह उखड़ा

जरवलरोड। जरवलरोड क्षेत्र के अधिकांश लिंक मार्गों पर पीडब्ल्यूडी विभाग की ओर से कोई भी काम नहीं कराया गया है। जरवलरोड से हंसना धवरिया को जाने वाला मार्ग पूरी तरीके से उखड़ गया है। इस मार्ग पर आने जाने वाले लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। इसी प्रकार जरवलरोड रेवढ़ा, गौरामांझा, करमुल्लापुर सहित दर्जनों ग्राम सभाओं को जोड़ने वाला मार्ग पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है।

हिन्दुस्तान

# रेप मामले का फरार आरोपी गिरफ्तार

बहराइच। फखरपुर थाने की पुलिस ने दस दिन पहले महिला के साथ हुए रेप मामले में एक फरार नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ के बाद आरोपी को जेल भेजा गया है।

एएसपी नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि फखरपुर थाने के एक गांव में दस दिनों पूर्व एक महिला के साथ रेप की वारदात हुई थी। महिला के विरोध पर हमलावर ने मारपीट, धमकी व गाली गलौज की थी। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने युवक को नामजद कर रेप, मारपीट, धमकी, गाली गलौज की धाराओं में केस दर्ज किया था। नामजद की तलाश की जा रही थी। रविवार देर शाम सीओ कैसरगंज कमलेश कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में एसएचओ वेद प्रकाश शर्मा की ओर से दबिश को भेजे गए दरोगा महेन्द्र कुमार, सिपाही दुर्गेश ने मदन कोठी चौराहे पर दबिश देकर नामजद आरोपी माधवपुर निवासी नसीम को गिरफ्तार कर लिया।

शेर सिंह कसौधन, मज्जू सोनी व काली प्रसाद गुप्त भी मौजूद रहे।

# पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर दर्ज किया केस

बहराइच। नानपारा इलाके के हसईपुरवा में रविवार को भूमि विवाद में हमलावरों ने लाठी, डंडे व धारदार हथियार से लैस होकर घर में घुसकर मारपीट की। बीच बचाव करने आए लोगों को भी दौड़ा कर पीटा। हमले में तीन महिलाओं सहित नौ लोग घायल हो गए। घायलों को कोतवाली लाए जाने पर नानपारा सीएचसी मेडिकल को भेजा गया। चिकित्सकों ने घायलों को मेडिकल कालेज रेफर किया है। पुलिस ने दोनों पक्षों की तहरीर पर केस दर्ज कर लिया है।

हिन्दुस्तान

स्कूल कॉलेजों में आयोजित किए गए रंगारंग कार्यक्रम, विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजई छात्र-छात्राओं को दिया गया पुरस्कार

# हर्षोल्लास से मनाई गई चाचा नेहरू जी की जयंती

**बाल दिवस**

बहराइच, संवाददाता। जिले के सरकारी और गैर सरकारी स्कूलों में सोमवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती बाल दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर खेलकूद प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिताओं में विजेता छात्र छात्राओं को कॉलेज प्रबंधन की ओर से पुरस्कार प्रदान किया गया।

टिकोरा मोड़ स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। उद्घाटन स्कूल के संस्थापक प्रबंधक एवं विश्व हिन्दू परिषद अवध प्रान्त कार्याध्यक्ष राजदेव सिंह ने किया। शिक्षकों अभिभावकों तथा छात्र छात्राओं ने मेले में जमकर मनोरंजन किया। इस अवसर पर विश्व हिन्दू परिषद जिला मंत्री बृज किशोर शुक्ला, जिला सह मंत्री विश्व हिन्दू परिषद नरेंद्र मदेसिया, जिला सह संयोजक बजरंग दल बृजेश मिश्रा, विद्यालय प्रधानाचार्या स्वाति सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

महिला महाविद्यालय में मिशन शक्ति विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस आयोजन में महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. प्रिया मुखर्जी, डॉ. अमृता मिश्रा, अन्य प्रोफेसर, जन सांस्कृतिक एवं सामाजिक विकास संस्थान बहराइच के अध्यक्ष जसवीर सिंह, प्रबंधक जगदीश केशरी, सदस्य सौरभ पाण्डेय और महिला पुलिस थाना एसएचओ शीला यादव, जिला समन्वयक लोकेश कुमार, कई महिला पुलिस कर्मी तथा छात्राएं शामिल हुए। शीला यादव ने कहा कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए आज कल साइबर अपराध बहुत बढ़ते जा रहे हैं। जिनसे बालिकाओं और स्त्रियों को बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। घर से बाहर आते जाते किसी भी तरह के संकट के समय 1090 और 112 हेल्प लाइन नंबर का प्रयोग तुरंत करना चाहिए। लोकेश कुमार ने कहा कि सूखे और गीले कूड़े को हरे और नीले डिब्बे में डालें। सिंगल यूज पॉलीथिन का प्रयोग न करें।

पुलिस मार्डन स्कूल में बच्चों के विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने बच्चों को केक वितरित किया व भांग्ला उन्होंने शिक्षकों से कहा बच्चों सभी गुणों को विकसित करते हुए अच्छा बनाने का प्रयास करें।

**पुरस्कार पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे:** बहराइच। विकास क्षेत्र रिसिया के उच्च प्राथमिक विद्यालय केवलपुर में विविध प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी रणजीत कुमार ने किया।

प्रभारी प्रधानाध्यापक प्रमोद कुमार ने बताया कि बच्चों में निबंध लेखन व भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के विजेताओं को खंड शिक्षा अधिकारी ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रधान मरियम ने विद्यालय को सीसीटीवी कैमरा प्रदान किया। इस दौरान आकिर खां, सोनाली, सुमन राजपूत, धर्मेंद्र कुमार, कृष्ण कुमार आदि मौजूद रहे।



बाल दिवस पर हैप्पी हार्ट स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

## नेहरू जी के जन्मदिवस पर हुई खेलकूद प्रतियोगिताएं

बहराइच। न्यू इण्डिया पब्लिक स्कूल सरस्वती नगर में पूर्व प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का जन्मदिन बालदिवस के रूप में मनाया गया। प्रबंधक डॉ. देवेन्द्र कुमार उपाध्याय ने मां सरस्वती जी व पंडित नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जलेबी कूद प्रतियोगिता में आराधना द्विवेदी को प्रथम स्थान, कक्षा एक की छात्रा वैष्णवी सिंह को राइटिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, लेमन स्पून रेस में अलंकृति मिश्रा व परीक्षिता उपाध्याय ने बराबर बाजी मारी। इसलिए इन लोगों को भी प्रथम स्थान, म्युजिकल चेयर कक्षा केजी के किशन को प्रथम स्थान, ग्रीन ग्रुप की छात्रा आशवी को बाल रेस प्रतियोगिता में प्रथम स्थान व टाई रेस प्रतियोगिता में लक्ष्य और अनुभव मौर्य को संयुक्त रूप से प्रथम स्थान मिला।



गोल्डेन बेल्स स्कूल में रंगारंग कार्यक्रम पेश करते बच्चे।

## कुर्सी दौड़ में एलकेजी के छात्र विजयी

बहराइच। नगर के शेखय्यापुरा स्थित हरमैन माडर्न जूनियर हाई स्कूल मे नेहरू जी की जयन्ती पर खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुर्सी दौड़ में कक्षा एलकेजी के बच्चों को प्रथम पुरस्कार, कबड्डी में कक्षा दो ने कक्षा तीन को पराजित किया। बैडमिंटन में कक्षा चार ने कक्षा पांच को पराजित किया। खो खो में कक्षा सात के बच्चों ने कक्षा आठ को पराजित किया। विजेता टीम के बच्चों को प्रबंधक इश्तियाक अली, मो. मशकूर ने पुरस्कृत किया।

## शैक्षिक संस्थाओं में हुए विभिन्न आयोजन

रुपईडीहा। बाल दिवस पर सीमांत इंटर कालेज में 42वीं वाहिनी के कमांडेंट तपन कुमार दास ने विद्यार्थियों की ओर से लगाई गई। विज्ञान प्रदर्शनी का फीता काटकर उद्घाटन किया। विद्यार्थियों की ओर से नन्हें मुन्नों ने 17 कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम रोली, शिवानी, प्रगति, पूनम व संस्कृति ने तैयार कराए थे। प्रिंसिपल विकास पांडेय ने विद्यालय की प्रगति आख्या प्रस्तुत की। मैनेजिंग डायरेक्टर सुभाष चंद्र पांडेय ने विद्यार्थियों को आशीर्वाद देते हुए पुरस्कार वितरित किए।

उन्नाव, मोहम्मद याकूब सिद्दीकी गोण्डा के शिक्षिकाओं ने शिरकत की।

## महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

विशेश्वरगंज। थाने के कस्बे निवासिनी 70 वर्षीय पराग देई के पति राम बदल चौहान की अर्सा पूर्व मौत हो चुकी है। पराग देई के सारे परिवार के लोग बाजार में बने मकान में रहते थे। वहीं बुजुर्ग महिला पावर हाउस के पीछे अपने खेत में मड़ई का घर बनाकर खेत की रखवाली के लिए रहती थी। सोमवार की शाम लगभग 7:30 बजे उसका 20 वर्षीय पौत्र रामजी खाना लेकर आया, तो देखा कि उसकी दादी बिस्तर पर संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पड़ी है।

---

10.5° | सूर्य अस्त (आज) 05.12 उदय (कल) 06.24 | आर्द्रता 86% 57% अधिकतम न्यूनतम

बहराइच जागरण

# कोहरे में 'स्पीड नियंत्रक यंत्र' थामेगा वाहनों की रफ्तार

## उपकरण न लगवाने पर लगेगा जुर्माना फिटनेस प्रमाणपत्र के होंगे लाले, 15,000 से अधिक वाहन चिह्नित

संतोष श्रीवास्तव • बहराइच

जागरण विशेष

ठंड की शुरुआत होते ही सड़क पर कोहरे की चादर दिखने लगी है। ऐसे में सड़क हादसों के बढ़ने की आशंका को देखते हुए परिवहन विभाग ने एक पहल की है। कोहरे में अगर वाहन चला रहे हैं तो आपको हर हाल में गति नियंत्रक यंत्र लगवाना पड़ेगा। इसके लिए विभाग ने निर्देश जारी कर दिए हैं।

विभाग की इस पहल से तेज रफ्तार के कारण हो रहीं मार्ग दुर्घटनाओं पर अंकुश लगेगा। उपकरण न लगवाने पर वाहन स्वामियों को जुर्माना तो लगेगा ही, साथ ही फिटनेस प्रमाण पत्र के लाले पड़ जाएंगे। तेज रफ्तार वाहनों के कारण आए दिन हो रहे सड़क हादसों में लोगों की जान जा रही है। इस पर रोकथाम के लिए विभाग ने वाहनों पर गति नियंत्रक यंत्र लगवाना अनिवार्य कर दिया है। जिले के 15 हजार से अधिक वाहनों को इसके लिए चिह्नित किया गया है।

**यंत्र पर खर्च होंगे पांच-छह हजार रुपये :** वाहनों पर लगने वाले गति नियंत्रक यंत्र पर प्रति वाहन पांच से छह हजार रुपये का खर्च आएगा। एआरटीओ राजीव कुमार ने बताया कि स्कूल बस, टेंपर, टैंकर, हैजार्ड वाहनों को इस यंत्र को लगवाने के लिए अनिवार्य किया गया है। उन्होंने बताया कि यंत्र न लगवाने पर वाहनों का फिटनेस प्रमाणपत्र नहीं जारी हो सकेगा। इसके अलावा चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर जुर्माना भी वसूल किया जाएगा।



बहराइच-गोंडा मार्ग पर कोहरे से होकर गुजरते वाहन • जागरण

**80 किमी प्रतिघंटे से अधिक नहीं होगी रफ्तार :** गति नियंत्रक यंत्र वाहनों में लग जाने पर इनकी रफ्तार 60 से 80 किलोमीटर प्रतिघंटे ही रह जाएगी। इससे तेज वाहन नहीं दौड़ाया जा सकेगा। एआरटीओ ने बताया कि वाहनों की रफ्तार कम होने से दुर्घटनाओं में कमी आएगी।

जिले की अन्य खबरें
www.jagran.com पर पढ़ें

# पंचायत और बौंडी पुलिस ने बसाई प्रेमी युगल की दुनिया

**संवाद सूत्र, बौंडी (बहराइच) :** मंझारा तौंकली ग्राम पंचायत के रामबख्शपुरवा गांव में शनिवार की रात प्रेमी से बहन को मिलते देखा तो भाई ने बौंडी थाने में तहरीर दी। सीतापुर जिले के लहरपुर थाना के पट्टी देहली ग्राम पंचायत के रमपुरवा गांव के उसके प्रेमी राहुल को पुलिस ने सोमवार को थाने पर बुलाया।

प्रेमी-प्रेमिका के साथ उनके स्वजन व गांव के लोग भी थाने पहुंचे। प्रेमी-प्रेमिका ने शादी की बात कही, लेकिन उनके परिवार को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। पूरे दिन थाने में पंचायत चली। दोनों एक ही बिरादरी के थे, इसलिए देर शाम पंचायत व पुलिस के हस्तक्षेप व सहयोग से प्रेमी-प्रेमिका के स्वजन विवाह को राजी हो गए। थाने से चंद कदम की दूरी पर स्थित शिव मंदिर में दोनों ने एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर सात जन्म तक साथ जीने-मरने की कसम खाईं। पुलिसकर्मियों ने वर-वधू को उपहार दिए। मंझारा तौंकली के बद्री अवस्थी, सूरज वर्मा, एसआई विकास वर्मा, आरक्षी अजय यादव, श्याम बिहारी चौहान, शिवसागर यादव आदि ने इसमें सहयोग किया। थानाध्यक्ष गणनाथ प्रसाद ने बताया कि ऐसे मामलों में सावधानी के साथ निर्णय लेना पड़ता है। प्रेमी-प्रेमिका बालिग थे। विवाह करना चाहते थे। दोनों के स्वजन राजी हो गए। इस पर दोनों विवाह के बंधन में बंधे।



बौंडी थाने में प्रेमी युगल की शादी के दौरान मौजूद पुलिस व परिवार के लोग ● जागरण

## इनकी घर भी बसा चुकी पुलिस

- 10 सितंबर को रामगांव के तारापुर ग्राम पंचायत के भग्गूपुरवा के एखलाक का थाने में निकाह कराया गया।
- 13 अगस्त को कैसरगंज इलाके की युवती की शादी पुलिस ने बाराबंकी जिले के थाना महमदपुर के पांडेयपुरवा गांव के सलाहुद्दीन से आपसी सहमति से कराई।
- 16 जुलाई 2021 को बौंडी इलाके की युवती का उसी गांव के शाहिद अली से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। प्रेमी युवक व परिवारजन निकाह को रजामंद नहीं थे। युवती ने युवक के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। परिवार की मौजूदगी में थाने पर काजी बुलाए गए और निकाह पढ़ाकर पति-पत्नी के रूप में मान्यता दे दी गई।

# पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में मोतीपुर थाना प्रथम

**संसू, बहराइच :** पुलिस अधीक्षक केशव कुमार चौधरी ने पुलिस लाइन सभागार में सभी थाना प्रभारियों के शांति, सुरक्षा, कानून व्यवस्था एवं अपराध समीक्षा की बैठक कर त्योहारों को शांतिपूर्ण व कानून व्यवस्था को बेहतर बनाने के बारे में निर्देश दिए। पब्लिक अप्रूवल रेटिंग में मोतीपुर थाना प्रथम रहा। थानाध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह को सराहना मिली।

इसके अलावा शशि कुमार राणा थानाध्यक्ष मुर्तिहा, ददन सिंह प्रभारी निरीक्षक कैसरगंज, सत्येंद्र बहादुर सिंह थाना कोतवाली देहात, राजकुमार पांडेय थाना पयागपुर टाप फाइव में रहे। उन्हें प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। अन्य थानाध्यक्ष को कार्य व्यवहार में सुधार की हिदायत दी गई।



## आटोलिफ्टर गिरफ्तार

**नानपारा** : कुर्मिनपुरवा बाईपास पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने वाहन चोर गिरोह के सद्दाम निवासी नकहा खैरीघाट, छोटे व अवधेश कुमार बड़ी बोझिया बाजार मुर्तिहा व सलीम अल्ताबपुरवा नानपारा को गिरफ्तार कर लिया। चोरी की दो बाइकें बरामद हुईं।(संसू)

## दो आरोपित गिरफ्तार

**महसी** : देवरायपुर के घटनिया निवासी परशुराम के गोवंशीय पशु को चोर खोल ले गए थे।हरदी थाने के प्रभारी एसओ अमित कुमार तिवारी ने बताया कि कपूरपुर बनगांव निवासी साजिद व मुनौव्वर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया गया। (संसू)

# जयंती पर पूर्व पीएम चाचा नेहरू को किया याद

## बाल दिवस पर आयोजित हुए **विविध कार्यक्रम** बच्चों ने प्रस्तुत किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**जागरण टीम, बहराइच** : महान स्वतंत्रता सेनानी पूर्व प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की जयंती सोमवार को बाल दिवस के रूप में धूमधाम से मनाई गई। चाचा नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके भारत निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला गया। विद्यालयों में प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं।

वीमेन फार विस्डम के कार्यक्रम का उद्घाटन एमएलसी डा.प्रज्ञा त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलित कर किया। बच्चों व महिलाओं को पुरस्कृत किया गया। माही अग्रवाल, आस्था अग्रवाल, अपर्णा जैन, पलक टेकड़ीवाल, सांची अग्रवाल, नियति जैन, स्वाति केडिया, अंकिता गर्ग आदि मौजूद रहे। न्यू इंडियन पब्लिक स्कूल सरस्वती नगर में प्रबंधक डा. देवेंद्र कुमार उपाध्याय ने कार्यक्रम की शुरुआत की। महाराज सिंह इंटर कालेज में बाल दिवस मनाया गया।

पिरामल फाउंडेशन ने हुजूरपुर, चित्तौरा, फखरपुर में कार्यक्रम आयोजित किया। कृति रानी, शगुफ्ता खानम, शालिनी कुमारी, देवयानी आदि रहीं। आलसेंट पब्लिक स्कूल में प्रधानाचार्य मार्गेट लाल की देखरेख में विविध कार्यक्रम हुए।

काजीकटरा स्थित मां गायत्री बालविद्या मंदिर में मुख्य अतिथि शहर कांग्रेस अध्यक्ष आदर्श अग्रवाल ने बच्चों को फल, बिस्कुट, पेंसिल और कापी का वितरण किया।

**जरवलरोड** : बीआरसी जरवल में दिव्यांग बच्चों के साथ आयोजित बाल दिवस की अध्यक्षता बीइओ संतोष कुमार सिंह ने की।





बाल दिवस के अवसर पर महाराज सिंह इंटर कालेज में नशा मुक्त समाज की शपथ लेते बच्चे तथा राजकीय हाईस्कूल टेढ़वा सिस्टीपुर विद्यालय में कबड्डी में प्रतिभाग करते छात्र ● जागरण



प्राथमिक विद्यालय बेहटाभया में बाल दिवस कार्यक्रम में उपस्थित विधायक सुरेश्वर सिंह और बीएसए अव्यक्त राम तिवारी ● जागरण

**महसी** : रामहर्ष स्वामी विवेकानंद इंटर कालेज में प्रबंधक देवेशचंद्र मिश्र ने पं.नेहरू के चित्र पर माल्यार्पण किया। प्रधानाचार्य यशपाल सिंह मौजूद रहे।

**रामगांव** : प्राथमिक विद्यालय बेहटाभया में मुख्य अतिथि विधायक सुरेश्वर सिंह रहे। बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। बीएसए अव्यक्तराम तिवारी, अखंड प्रताप सिंह, विजय शंकर तिवारी, वीरेंद्रनाथ द्विवेदी, बीइओ अखिलेश वर्मा, राधेश्याम वर्मा, बीडीओ अजय प्रताप सिंह आदि रहे।

**नानपारा** : विद्यालयों में बाल मेले का आयोजन किया गया। साफ्ट पेटल एकेडमी, सेठ आनंदराम जयपुरिया, सुंदर शिशु मंदिर, श्रीशंकर इंटर कालेज, मारवाड़ी युवा मंच ने प्रतियोगिताएं आयोजित कीं। मारवाड़ी युवा मंच की महिला शाखा जागृति ने प्राथमिक विद्यालय मेहरबाननगर में बच्चों के साथ केक काटा। उपहार वितरित किया।

**तेजवापुर** : राजकीय इंटर कालेज रमपुरवा, टेंड़वा सिस्टीपुर और उच्च प्राथमिक विद्यालय खैरा में बच्चों की प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। प्रधानाचार्य मंशाराम, प्रमोद कुमार, कौशल शुक्ल रहे। बाबागंज : डा.एएम सिद्दीकी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पं.नेहरू की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। बद्री सिंह, रामदीन गौतम, जगमोहन प्रसाद, कलाम, राशिद आदि रहे।

**पयागपुर** : विशेश्वरगंज ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने सेनानी स्तंभ पर प्रेरणा सभा आयोजित की। भारत जोड़ो पदयात्रा निकाली। भोलानाथ मिश्र, उमेश तिवारी, इंद्र कुमार यादव आदि रहे।

**गंभीरवाबाजार** : सिविलियन विद्यालय गंभीरवा बाजार समेत सभी विद्यालयों में कबड्डी, खो-खो, ऊंची कूद प्रतियोगिताएं हुईं।

# 2.6 किलो गांजे के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

फखरपुर(बहराइच)। पुलिस ने दो गांजा तस्करों को सोमवार को गजाधरपुर नहर पुलिया के पास दबोच लिया। इनकी पहचान हुजूरपुर थाना क्षेत्र के घोड़महपुरवा निवासी अंकित तिवारी और जरवलरोड कस्बा निवासी तोहिद के रूप में हुई है। इनके पास से दो किलो 600 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। संवाद

# जमीन के विवाद में पथराव, मुकदमा दर्ज

**बहराइच।** नगर कोतवाली के घसियारीपुरा मोहल्ले में रविवार को एक विवादित जमीन पर कब्जे का प्रयास किया गया। कब्जा करने पहुंचे आधा दर्जन से अधिक लोगों ने बाउंड्रीवाल तोड़ दी।

विरोध करने पर पथराव किया गया। नगर कोतवाली के घसियारीपुरा मोहल्ला निवासी संजय जायसवाल ने बताया कि एक प्लाट को लेकर उनका कोर्ट में मुकदमा चल रहा है। रविवार को विपक्षी संतोष सिंह आधा दर्जन से अधिक लोगों के साथ प्लाट पर पहुंचे और कब्जे का प्रयास किया। विरोध पर पथराव किया। नगर कोतवाल शैलेश सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है। संवाद

# मारपीट में पांच जख्मी

**नानपारा(बहराइच)।** कोतवाली क्षेत्र के डलईपुरवा गांव में जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। मारपीट में सियाराम, अनीता देवी, मंशा देवी, रेखा और राम सूरत घायल हो गए। सभी घायलों को अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। संवाद

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 15-11-2022

# क्षेत्राधिकारी ने की थाने की अपराध समीक्षा

## निर्देश

**श्रावस्ती, संवाददाता।** पुलिस क्षेत्राधिकारी ने सोमवार को गिलौला थाने का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाने में अपराध समीक्षा की। समीक्षा में लंबित पाई गई विवेचनाओं को जल्द ही निस्तारण करने का निर्देश थानाध्यक्ष को दिया।

क्षेत्राधिकारी इकौना महेन्द्र पाल शर्मा सोमवार को गिलौला थाने का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां सीओ ने सबसे पहले विवेचकों के साथ बैठक कर एहकमात समीक्षा की। समीक्षा के दौरान कई विवेचनाएं व शिकायत लंबित पाई गई। इस पर सीओ ने मातहतों को सभी लंबित विवेचनाओं को समय से निस्तारित करने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्देश दिया कि वांछितों व वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए अभियान चलाया जाय और सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाय। बीट आरक्षियों के साथ उन्होंने बैठक की और बीट व्यवस्था के तहत जांच के लिए प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। दिए। उन्होंने सभी बीट आरक्षियों के साथ बैठक की जिसमें बीट व्यवस्था के तहत जांच के लिए प्राप्त प्रार्थना पत्रों के निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया। साथ ही बताया कि क्षेत्र में चौपाल लगाकर जनमानस से संवाद करें। उनकी समस्याओं को सुनें। आम जनमानस से मधुर व्यवहार रखा जाय तथा उन्हें प्रेरित करें कि आपके आस-पास हो रही संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी पुलिस को दें।

# शांतिभंग में दो पाबंद

**श्रावस्ती :** विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांतिभंग करने के आरोप में सोमवार को दो लोगों को पाबंद किया गया। सभी को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।( वि.)

## बैठक में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश

**श्रावस्ती** : सीओ एमपी शर्मा ने गिलौला थाने में विवेचकों के साथ बैठक कर अपराध समीक्षा की। लंबित विवेचनाओं के निस्तारण करने के साथ वांछित, वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए। लंबित प्रार्थना पत्रों को शीघ्र निस्तारित करने को कहा। ( वि .)

## 89 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती** : विभिन्न चेक पोस्ट पर पुलिस की ओर से अभियान चलाकर वाहनों की जांच की गई। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने पर 89 वाहनों का चालान किया गया। इस दौरान एक लाख 23 हजार रुपये शमन शुल्क वसूला गया। ( वि .)

# शांति भंग की आशंका में दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस ने रविवार रात अलग-अलग स्थानों से दो लोगों को गिरफ्तार किया। इनके विरुद्ध शांतिभंग की आशंका में कार्रवाई कर संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। संवाद

# 89 वाहनों का हुआ चालान

**श्रावस्ती।** यातायात पुलिस ने सोमवार को वाहन चेकिंग अभियान चलाकर 89 वाहनों का ई-चालान किया। इस दौरान 123000 रुपये शमन शुल्क भी वसूला गया। संवाद

# तेजी से निपटाएं विवेचना

**गिलौला (श्रावस्ती)।** गिलौला थाने का सोमवार को पुलिस क्षेत्राधिकारी महेंद्र पाल शर्मा ने निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, परिसर, बैरक व मेस की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। थाना कार्यालय में मौजूद अभिलेखों की जांच कर बेहतर रखरखाव के निर्देश भी दिए। विवेचकों से विवेचना में तेजी लाकर जल्द निस्तारण करने व अपराधियों को गिरफ्तार कर पीड़ितों को न्याय दिलाने का भी निर्देश दिया। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार राय सहित अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। संवाद

# पुलिस और एसएसबी के जवानों ने की पैदल गश्त

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने तथा मादक पदार्थों की तस्करी व मानव तस्करी को रोकने के लिए पुलिस ने एसएसबी जवानों के साथ सोमवार को गश्त की। इस दौरान सीमा क्षेत्र के ग्रामीणों से मिलकर उनसे मादक पदार्थों व मानव तस्करी को रोकने में सहयोग की अपील की।

मल्हीपुर व सिरसिया पुलिस ने अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव के नेतृत्व में इंडो-नेपाल सीमा पर एसएसबी के साथ संयुक्त रूप से पैदल गश्त किया। इस दौरान संदिग्ध वाहनों व व्यक्तियों की जांच भी की।

इस दौरान एएसपी ने जवानों को नेपाल सीमा पर सतर्क दृष्टि रखने, समय समय पर सीमा से सटे गांवों के संभ्रांत व्यक्तियों, ग्राम प्रहरियों के साथ चौपाल लगाकर मादक पदार्थों की तस्करी, मानव व गो तस्करी को रोकने के बारे में उन्हें जागरूक करने को कहा। साथ ही ग्रामीणों से मिलकर उनका हाल जाना।

वहीं इंडो-नेपाल बॉर्डर पर महिला एवं बाल तस्करी को रोकने के लिए प्रभारी निरीक्षक एएचटीयू को भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान जवानों ने ककरदरी, हकीमपुर, तुरुषमा, गंभीरवा नाका, गुज्जर गौरी, सागर गांव, कोदिया गांव, असनहरिया, सुइया बॉर्डर, सोनपथरी, भैसाही, भरथा, सुइयां आदि गांवों का भ्रमण किया।

## मादक पदार्थों व मानव तस्करी रोकने के लिए की अपील



सीमा पर गश्त करते जवान। -संवाद